राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 खेल मंत्री अनुराग ठाकुर बोलें...

यूक्रेन जंग के बीच रूसी ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 289 | पटना, शनिवार, 02 मार्च, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 24°C
न्यूनतम तापमान 23°C

**बाजार**

सोना 64,580

चांदी 76,500

सेंसेक्स 73,745

निफ्टी 22,338

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम ने बंगाल में 7,200 करोड़ की परियोजनाओं की शुरूआत की

आरामबाग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के आरामबाग क्षेत्र में 7,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल शोधन जैसे क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 21वीं सदी का भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है और हम सबने मिलकर 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। मोदी ने कहा कि केंद्र ने गरीबों के कल्याण के लिए कदम उठाए हैं और यही कारण है कि पिछले 10 वर्षों में देश के लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

### रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ रुपये के खरीद सौदे पर किये हस्ताक्षर

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को 39,125 करोड़ रुपये के पांच सैन्य खरीद सौदों पर हस्ताक्षर किये। मंत्रालय के मुताबिक, इनमें से एक समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ किया गया है, जिसके तहत मिग-29 विमान के लिए हवाई इंजन की खरीद की जाएगी। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि दो समझौते लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के साथ किये गये हैं, जिसके तहत क्लोज-इन वेपन सिस्टम (सीआईडब्ल्यूएस) और उच्च क्षमता वाले रडार की खरीद की जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो सौदे ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ किये गये हैं। मंत्रालय ने बताया, ये समझौते स्वदेशी क्षमता को और मजबूत बनाने के साथ-साथ विदेशी मुद्रा बचाएंगे, साथ ही भविष्य में विदेशी उपकरण निमाताओं पर निर्भरता कम करने में मदद करेंगे।

**उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, विद्युत विनियामक आयोग ने नई दरों का किया ऐलान**

# बिहार में सस्ता होगा बिजली, विद्युत दरों में 2 फीसदी की होगी कमी

- सभी श्रेणी की बिजली दरों में दो फीसदी की कमी
- बिजली कंपनियों ने तीन फीसदी की बढ़ोतरी का दिया था प्रस्ताव

प्रात : किरण



पटना। सूबे के बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी है। सूबे में बिजली की दर दो फीसदी कम करने की घोषणा की गई है। राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने एक अप्रैल से आरंभ होने वाले नए वित्तीय वर्ष के लिए बिजली की नई दरों की घोषणा कर दी है। सभी श्रेणी की बिजली दरों में दो फीसदी की कमी हुई है। किसी भी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। यह लगातार चौथा साल है जब बिजली की दर में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। बिजली कंपनी ने बिजली की दर में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी से संबंधित याचिका राज्य विद्युत विनियामक आयोग को दी थी। आयोग ने सुनवाई के बाद सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए अनुदान रहित बिजली की दर में दो फीसद कमी का फैसला लिया है। विनियामक आयोग के सदस्य अरुण कुमार सिन्हा व परशुराम सिंह यादव ने गुरुवार को अपना निर्णय प्रेस की मौजूदगी में सुनाया। विनियामक आयोग ने अपने निर्णय में कहा कि बिजली वितरण कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए टैरिफ में 3.03 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव दिया था। आयोग ने यह निर्णय लिया कि वितरण कंपनियों के राजस्व अधिशेष (सरप्लस) को ध्यान में रख इसे अस्वीकृत कर दिया गया। सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिजली की दरों में कमी किए जाने का फैसला लिया गया है।

**स्ट्रीट लाइट की बिजली दर में कमी :** मीटर रहित स्ट्रीट लाइटों के लिए निर्धारित बिजली शुल्क में भी बड़ी कमी की गयी है। अभी यह 7500 रुपए प्रति किलोवाट, प्रतिमाह है। इसे घटाकर 4250 रुपए कर दिया गया है। ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान को ले कोई सीलिंग नहीं। वर्तमान में ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से बिजली भुगतान पर बिल की राशि का एक प्रतिशत छूट के रूप में दिया जाता है। बिजली कंपनी ने नियामक आयोग को इसकी अधिकतम सीमा 20 हजार रुपए करने का प्रस्ताव दिया था। नियामक आयोग ने इसे अस्वीकृत कर दिया है।

**आयोग के महत्वपूर्ण निर्णय :** किसानों को अब फसल कटाई के चक्र के अनुसार बिजली बिल, ऑक्सीजन गैस निमाताओं के लिए लोड फैक्टर प्रोत्साहन की सीमा 75 प्रतिशत से घटाकर 70 की गयी। मीटर रहित स्ट्रीट लाइटों के लिए निर्धारित शुल्क को वर्तमान के 7500 रुपए प्रति किलोवाट, प्रतिमाह से घटाकर 4250 रुपए किया गया।

**बिजली दरों में बदलाव :**

कुटीर ज्योति कनेक्शन की दर 7.90 रुपए प्रति यूनिट को घटाकर 7.42 रुपए किया गया।

डीएस-1 श्रेणी के ग्रामीण उपभोक्ताओं को 7.90 रुपए प्रति यूनिट की जगह अब 7.42 रुपए।

डीएस-2 श्रेणी के उपभोक्ताओं को 7.90 रुपए प्रति यूनिट की जगह अब 7.42 रुपए।

ग्रामीण क्षेत्र के एनडीएस -1 ग्रामीण (मीटर वाले) उपभोक्ताओं के लिए 8.29 प्रति यूनिट की जगह 7.79 प्रति यूनिट।

एनडीएस-2 के उपभोक्ताओं को 8.23 रुपए प्रति यूनिट की जगह 7.73 रुपए प्रति यूनिट।

**पीएम मोदी व राज्यपाल ने जन्मदिन पर दी सीएम को बधाई**

# 73 वर्ष के हुए सीएम नीतीश, बधाई व शुभकामना देने वालों का लगा तांता

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को 73 वर्ष के हो गए। नीतीश के जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामना देने वालों का तांता लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वाथ आर्लेकर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य नेताओं ने भी उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर बिहार के मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की है। उधर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। माता जानकी से आपके उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना है।

**राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें दी जन्मदिन की बधाई :** राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक अन्य मार्ग स्थित संकल्प में मुलाकात कर उन्हें पुष्प कुछ भेंट कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और दूसरे उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी नीतीश कुमार को बधाई दी है।

उप मुख्यमंत्री सम्राट ने अपने एक्स हैंडल पर बधाई देते हुए लिखा कि अपने नेतृत्व से बिहार का नवनिर्माण करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री व कुशल राजनेता नीतीश कुमार को जन्मदिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई। आपके जन्मदिन के शुभ अवसर पर ईश्वर से आपके स्वस्थ, समृद्ध एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं। गौरतलब है कि नीतीश कुमार का जन्म 1 मार्च 1951 को नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में हुआ था। इधर, जदयू प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 73 पॉन्ड का केक काटा। उक्त मौके पर नीतीश कुमार के निरोग एवं दीघार्यु जीवन की कामना की गई। इस दौरान पार्टी कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 51 महिलाओं को अंगवस्त्र एवं मीडिया कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने पटना स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में पार्टी के मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एंव दीघार्यु जीवन को लेकर पूजा-अर्चना की।

# राजद को पांचवा झटका, भभुआ के विधायक भरत बिंद भी भाजपा खेमे में

- अब तक राजद व कांग्रेस के सात विधायक बदल चुके हैं पाला

प्रात : किरण



पटना। सूबे की सबसे बड़ी पार्टी राजद को पांचवा झटका लगा है। भभुआ क्षेत्र के राजद विधायक भरत बिंद भी शुक्रवार को भाजपा के पाले में आ गए। बिहार में सरकार बदलने के बाद राजद के पांच विधायक भाजपा के पक्ष में आ चुके हैं। बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को विधानसभा में राजद के विधायक भरत बिंद सत्ता पक्ष की ओर आकर बैठ गए। बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद फ्लोर टेस्ट के दौरान राजद के तीन विधायक प्रह्लाद यादव, चेतन आनंद और नीलम देवी ने एनडीए के पक्ष में वोट दिया था। इसके बाद राजद की विधायक संगीता देवी भाजपा के पक्ष में आ चुकी हैं। कांग्रेस के सिद्धार्थ सौरव और मुरारी गौतम भी भाजपा के पक्ष में आ चुके हैं। दूसरी तरफ राजद के प्रवक्ता शक्ति यादव ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया है। उन्होंने कहा कि यह कहीं से नियमानुकूल नहीं है। भाजपा कमजोर हो गई है, इस कारण वह पैसे के बल पर विधायकों को खरीद रही है। विरोधी दलों के विधायकों का टूटकर एनडीए में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। भरत बिंद के पहले राजद के चार विधायक पार्टी से टूट चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस के दो विधायक भी पार्टी छोड़कर एनडीए खेमे में आ चुके हैं। बिहार के कैमूर जिले में स्थित भभुआ विधानसभा सीट पर 2020 में राजद प्रत्याशी भरत बिंद ने जीत का परचम लहराया था। उन्होंने विधानसभा में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ प्रवेश किया और भाजपा में जाने के संकेत दिए। भरत बिंद के राजद से अलग होने से वे ऐसे पांचवें विधायक बन गए हैं। जिन्होंने बिहार में सरकार बदलने के बाद राजद को झटका दिया है।

# बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

- सत्र में कुल ग्यारह बैठकें हुई, विप में 595 प्रश्न हुए स्वीकृत

प्रात : किरण



पटना। बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा में सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद में सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने दोनों सदनों की बैठक अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित किए जाने की घोषणा की। 12 फरवरी से प्रारंम्भ हुए इस सत्र में कुल ग्यारह बैठकें हुई। इस सत्र के पहले दिन राज्यपाल ने बिहार विधान मंडल की संयुक्त बैठक को विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में संबोधित किया गया एवं अन्य बैठकें सभायेश्म में हुई। बजट सत्र के आखिरी दिन सदन में कुल 10 बिल पास हुए। बालू, शराब और भूमि माफिया पर अंकुश लगाने के लिए लाए गए बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक 2024 को नीतीश सरकार ने विधानसभा के बाद विधान परिषद से भी पारित करा दिया है। बजट सत्र की कार्यवाही के आखिरी दिन शुक्रवार को यह बिल विधान परिषद में पेश किया गया, जिसे पारित कर दिया गया। विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने समापन संबोधन में कहा कि इस सत्र के लिए कुल 691 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 595 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया। कुल 174 प्रश्न उत्तरित हुए। वर्तमान सत्र के 421 लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुशंसा करता हूं। इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 90 सूचनाएं प्राप्त हुई। 56 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुईं। 45 सूचनाएं उत्तरित हुईं, शेष 5 सूचनाएं व्यपगत हुई। 6 सूचनाएं प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के विचारार्थ सुपुर्द किए गए। शून्यकाल की कुल 55 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें 52 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया एवं 1 सूचना अस्वीकृत की गई। 2 सूचनाएं व्यपगत हुईं। निवेदन की कुल 100 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 99 सूचनाएं स्वीकृत हुईं। 1 सूचनाएं अस्वीकृत हुईं। सभी स्वीकृत 99 निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया। वर्तमान सत्र में निम्नलिखित विधेयक पारित किए गए : बिहार विनियोग विधेयक, 2024, बिहार विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2024। बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक, 2024। बिहार लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्त्तन विधेयक, 2024। बिहार कराधान विवादों का समाधान विधेयक, 2024। बिहार मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2024। बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2024। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2024। बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024। बिहार राज्य महिला आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024।

# मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा : पीएम

- मोदी का संकल्प है, विकसित भारत के लिए विकसित झारखंड

प्रात : किरण



धनबाद/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को धनबाद में रोड शो किया। इसके बाद उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा का मकसद है- विकास, विकास और तेज विकास, जबकि कांग्रेस हो या उसके सहयोगी दल, वो विकास के सबसे बड़े दुश्मन हैं। देश कह रहा है कि जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। झारखंड के लोग मोदी की ऐसी अनेक गारंटियों के गवाह हैं, जो बीते वर्षों में पूरी हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि ये 400 पार का नारा ऐसे ही नहीं लग रहा है। ये तभी लग रहा है जब मोदी की गारंटी पर देश भरोसा कर रहा है। कभी-कभी मैं सोचता हूं कि पता नहीं मेरा कितने जन्मों का पुण्य होगा जो आप मुझे इतना प्यार और इतना आशीर्वाद दे रहे हैं। आप जो मुझे इतना प्यार देते हैं, इतना आशीर्वाद देते हैं, क्या मैं आपके लिए जिंदगी खपा पाऊंगा या नहीं? शरीर का कण-कण, समय का पल-पल आपको समर्पित करूंगा की नहीं? आपको विश्वास है ना? यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में तेज विकास के लिए जरूरी है कि यहां कानून व्यवस्था अच्छी हो, शासन-प्रशासन ईमानदार हो, लेकिन जब से यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण वाली सरकार बनी है, तब से यहां स्थितियां बदली हैं। जेएमएम का मतलब हो गया है- जमकर खाओ। पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों यानी जेएमएम और कांग्रेस ने झारखंड की जनता को लूटकर, आपके पसीने की कमाई को लूटकर अपने लिए बेनामी संपत्तियों के पहाड़ बना लिए हैं। आपने देखा है कि यहां किस तरह नोटों की गड्डियां निकल रही हैं। आपके बच्चों का भविष्य, मेरी गारंटी उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस ने जनजातियों को सिर्फ वोट बैंक ही समझा है। ये लोग यहां के प्रतिभाशाली नौजवानों को कभी आगे नहीं बढ़ाएंगे, क्योंकि परिवारवादी अपने ही परिवार के बारे में सोचते हैं, लेकिन मोदी आपके बारे में सोचता है, आपके भविष्य के बारे में सोचता है। आप ही मेरे परिवारजन हैं, आपके बच्चों का भविष्य, मेरी गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि ये इंडी गठबंधन वाले कितना भी दबाव बना लें, लेकिन ये मोदी न दबने वाला है और न ही हटने वाला है।

बिहार सरकार
कृषि विभाग

## दलहनी फसल में रोगों की पहचान एवं प्रबंधन

वर्तमान समय में तापमान के उतार–चढ़ाव तथा बादल छाये रहने, हो रही बुंदा–बांदी एवं कुहासा जैसे मौसम के कारण किसान भाइयों को अपनी खड़ी फसलों चना, मटर, मसूर, गेहूँ एवं मिर्चा पर खास ध्यान देने की जरूरत है । ऐसे बदले मौसम में फसलों को निम्नांकित कीट–व्याधियों से सुरक्षा आवश्यक है। अतः किसान भाई अपनी फसलों की नियमित निगरानी अवश्य करें।



**1. हरदा रोग (Rust)** – इस मौसम में जहाँ तापमान बहुत तेजी से नीचे गिर रहा हो वैसी स्थिति में चना, मटर, मसूर तथा गेहूँ में हरदा रोग के आक्रमण की संभावना बनी रहती है। वर्षा के उपरान्त वायुमंडल का तापमान गिरने से इस रोग के आक्रमण एवं बढ़ने की संभावना अधिक बन जाती है। चना के पौधों (पत्तियों तथा टहनियों) एवं फलियों पर गोलाकार प्यालीनुमा सफेद भूरे रंग के फफोले बनते हैं। ये फफोले बाद में काले हो जाते हैं। मसूर में भी इसी प्रकार के फफोले बनते हैं जो अंत में पौधों को सूखा देते हैं।

**प्रबंधन–** वैसे तो यह रोग पौधों में हर वर्ष नहीं होता, परन्तु पौधों में इस रोग के आक्रमण के बारे में तब पता चलता है जब फफूँद प्रजननावस्था में आ जाता है। इसलिए आक्रान्त अवस्था में छिड़काव लाभप्रद नहीं हो पाता है। इस रोग के लिए अनुकूल वातावरण बनते ही सुरक्षात्मक उपाय करना समझदारी भरा कदम होगा।

1. बुआई के समय रोगरोधी किस्मों का किसान भाई चयन करें।
2. बुआई के पूर्व कार्बेन्डाजिम 50% घु०चू० 2 ग्राम अथवा जैविक फफूँदनाशी ट्राइकोडरमा 5 ग्राम से प्रति किलोग्राम बीज का बीजोपचार अवश्य करें। बिना बीजोपचार किए बीज नहीं गिरावें।
3. प्रोपिकोनाजोल 25% ई० सी० का 500 मिली० प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
4. खड़ी फसल में फफूँद के उपर्युक्त वातावरण बनते ही मैंकोजेब 75% घु० चू० का 2 किलोग्राम या कॉपर ऑक्सीक्लोराईड का 3 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।



**2. स्टेमफिलियम ब्लाईट रोग–** यह रोग मुख्यतः चना एवं मसूर में लगने वाला एक प्रमुख रोग है। स्टेमफिलियम सरसिनिफर्मी नामक फफूँद इसका मुख्य कारक है, जिससे रोग होता है। पत्तियों पर बहुत छोटे भूरे–काले रंग के धब्बे बनते हैं। पहले पौधों के निचली भाग की पत्तियाँ आक्रांत होकर झड़ती है और ऊपरी भाग पर फैलती जाती है। रोग खेत में एक स्थान से शुरू होकर धीरे–धीरे चारों ओर फैलती है।

**प्रबंधन–**
1. उपर्युक्त वातावरण बनने पर चौकन्ना रहें तथा शुरू में ही आक्रान्त पौधों को खेत से निकालकर नष्ट कर दें/जला दें। फसल चक्र अपनाएँ एवं रोगरोधी किस्मों के बीजों का व्यवहार करें।
2. अनुशंसित फफूँदनाशी कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रति किग्रा० बीज की दर से उपचार कर बीज की बुआई करें एवं अंतिम जुताई के समय 2 क्विंटल नीम की खल्ली का प्रयोग करें।
3. उपर्युक्त वातावरण बनते ही मैंकोजेब 75 प्रतिशत घु०चू० का 2 किलोग्राम या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत घु०चू० का 3 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से सुरक्षात्मक छिड़काव करनी चाहिए।

संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण, बिहार, पटना।

PR. No. 018753 (Agriculture)D. 2023-24

## संक्षिप्त खबरें

### नेत्र विभाग में दो मरीजों का हुआ कॉर्निया प्रत्यारोपण

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के नेत्र रोग विभाग में दो मरीज का कॉर्निया का प्रत्यारोपण आपरेशन के द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कारक की अध्यक्षता में सर्जन चिकित्सक डॉ अभिषेक रंजन व डॉ सचिन कुमार ने टीम के साथ सिटी के रहने वाले 55 साल के मरीज और बिहटा के 60 साल के मरीज का कार्निया प्रत्यारोपण किया। संयोजक डॉ अभिषेक रंजन ने बताया कि ऑपरेशन के बाद दोनों मरीज स्वस्थ हैं। आंखों की पट्टी हटा कर दवा डाला जाएगा। लगभग एक सप्ताह के बाद आंखों से स्पष्ट दिखाई देने लगेगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ उषा कुमारी, अधीक्षक डॉ राजीव रंजन एवं उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने चिकित्सकों की टीम को बधाई दी है। विभागाध्यक्ष ने बताया कि अस्पताल में कॉर्निया प्रत्यारोपण का अबातक 26 मरीजों का आपरेशन हो चुका है। सभी सफल रहा है।

### छेड़खानी में युवक गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना की पुलिस ने महिला से छेड़खानी करने के मामले में आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महिला की ओर से युवक के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज कराया गया था। इसी को लेकर आरोपित युवक नालंदा जिला के हिलसा के रहने वाले कृष्णदेव कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक से पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### आर्म्स के साथ गिरफ्तार, बीयर बरामद

पटना सिटी (प्राकि)। दीदारगंज थाना की पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक का गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि फतेहपुर गांव में ग्रामीणों के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो पाया है। दरअसल गौरीचक के सिगोड़ी का रहने वाला राहुल कुमार को आर्म्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर दीदारगंज थाना की पुलिस ने 50 पीस केन बीयर बरामद किया है। इसे झोला से बरामद किया गया। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने दोनों मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

### सरयू जमुना एक्सप्रेस एवं शहीद एक्सप्रेस का मुरादाबाद मंडल के धामपुर स्टेशन पर ठहराव

हाजीपुरः यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे द्वारा जयनगर और अमृतसर के मध्य चलने वाली सरयू जमुना एक्सप्रेस तथा शहीद एक्सप्रेस का प्रायौगिक आधार पर उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल के धामपुर स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - जयनगर से 01 मार्च, 2024 से खुलने वाली 14649 जयनगर-अमृतसर सरयू जमुना एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 07.10 बजे पहुंचकर 07.12 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 02 मार्च, 2024 से खुलने वाली 14650 अमृतसर-जयनगर सरयू जमुना एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 22.36 बजे पहुंचकर 22.38 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 01 मार्च, 2024 से खुलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 22.36 बजे पहुंचकर 22.38 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। जयनगर से 02 मार्च, 2024 से खुलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 07.10 बजे पहुंचकर 07.12 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### ट्रेन के स्लीपर बोगी से शराब बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत शनिवार को दानापुर रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग के क्रम में प्लेटफार्म नंबर 1 पर खड़ी गाड़ी सीमांचल एक्सप्रेस के बोगी संख्या २४ के शौचालय के पास से एक संदिग्ध काले रंग का झोला को उतार कर प्लेटफार्म पर चेक करने पर उसमें अंग्रेजी शराब ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक 30 पीस बरामद किया इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया की अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है

### रेलवे एक्ट के तहत 15 गिरफ्तार

फतुहा। शुक्रवार को फतुहा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा रेल अधिनियम के विभिन्न धाराओं में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि महिला कोच से पांच, चैन पुलिंग में दो, अवैध रूप से रेलवे लाइन पार करते हुए सात, पायदान पर बैठ एक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए सभी को पटना रेलवे कोर्ट भेजा गया है।

# भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने की संपर्क अभियान की शुरूआत

## भाजपा अपने संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने वाली पार्टी : सम्राट

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीघा विधानसभा अन्तर्गत अदालतगंज के कमला नेहरू नगर से लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा जो भी वादा करती है उसे पूरा करती है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधायक अरुण सिन्हा, विधायक डॉ संजीव चौरसिया भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी पूनम देवी तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी दीनानाथ प्रसाद को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा संकल्प पत्रों में किए गए वादों को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा पहली ऐसी सरकार है जो संकल्प लेती है उसे पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि आज देश का प्रधान सेवक गरीबों की चिंता करने वाला है। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि आज जिन्हे भी पांच किलो अनाज मिल रहा है उन परिवारों को नरेंद्र मोदी सरकार और नीतीश कुमार की सरकार अब पांच लाख रुपए का इलाज भी कराएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि जिन गरीब परिवारों को पक्का मकान नहीं मिला है, उन्हें भी जल्द पक्का मकान बनवाया जाएगा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि गरीबों की कल्याण की कई योजनाएं आज देश में चल रही है जिसका लाभ आज लोग उठा रहे हैं। पहले गरीबी मिटाने के नाम पर सरकार जरूर बनती थी, लेकिन होता उससे उल्टा होता था। आज कथनी और करनी वाली सरकार है। इस अवसर पर रामजी सिंह, पूर्व विधान पार्षद सह लाभार्थी संपर्क अभियान के संयोजक राधामोहन शर्मा, सह संयोजक सजल झा, पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, कार्यालय मंत्री डॉ प्रवीणचंद्र राय पटेल, वार्ड 21 की पार्षद स्वेता रंजन, मंडल अध्यक्ष कृष्ण शुक्ल, महामंत्री अजीत लाली, मनोज सिंह तथा दीपू चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# आर के सिन्हा ने राज्यपाल से कि मुलाकात



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने शुक्रवार को राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर से शिष्टाचार मुलाकात की । बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण और पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन पर सार्थक चर्चा हुई।

# वोटरलिस्ट तैयार करने को जारी गठित टीम ही सही : जगजोत

## चेताया, संविधान का उल्लंघन कर काम करने पर होगी सख्त कार्रवाई



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव कराए जाने को लेकर अध्यक्ष और महासचिव आमने-सामने आ गए हैं। अध्यक्ष के द्वारा 8 फरवरी, 24 को हुई बैठक में पूर्ण बहुमत से पास की गई कार्रवाई के तहत मतदाता सूची तैयार करने को लेकर गठित टीम को रद्द करने का अधिकार किसी को नहीं है। इसे महासचिव के द्वारा भी रद्द नहीं किया जा सकता है। इसलिए गठित टीम के अनुसार ही नियमानुसार सही तैयार होने वाली मतदाता सूची पर अगली कार्रवाई करना सुनिश्चित होगा। आपने हमारे द्वारा जारी पत्र को रद्द करना पूरी तरह असंवैधानिक और गलत है। साथ ही अध्यक्ष के द्वारा महासचिव को चेताया भी गया कि भविष्य में फिर से संविधान का अपमान एवं उल्लंघन करते हुए कार्य किया जाएगा, तो आपके खिलाफ संविधान की धारा 73 के अधीन सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी आपकी और सिर्फ आपकी होगी। दरअसल तख्तश्री कमेटी के चुनाव को लेकर तैयार मतदाता सूची पास करने के लिए 8 फरवरी, 24 को बैठक की गई थी। इस बैठक में चुनाव के बाबत मतदाता सूची को त्रुटिपूर्ण करार दिया गया था और इसे नए सिरे से तैयार करने की बात कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह की मौजूदगी में सदस्य डॉ गुरमीत सिंह ने मीडिया को बताया था। बाद में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्र से अध्यक्ष के द्वारा गठित की गई टीम पर आपत्ति जताते हुए अध्यक्ष और महासचिव को पत्र भेज कर उसे रद्द करने और पूर्व से तैयार मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराने की बात कही गई। इसके बाद महासचिव इंद्रजीत सिंह ने पत्र जारी कर अध्यक्ष के द्वारा गठित टीम के आदेश पत्र को रद्द करने का आदेश जारी किया। अध्यक्ष ने कहा कि महासचिव के द्वारा पत्र तपस/3/213/24 को 11 फरवरी, 24 में 8 फरवरी, 24 को हुई प्रबंधक कमेटी की जिस बैठक का जिक्र किया गया है तथा उसमें अपनी कोई जवाबदेही नहीं होने की बात कही है। उक्त बैठक में उनके वह मनोनुकूल मतदाता सूची को पास कराना वह चाहते थे,

उसमें 6 अगस्त, 23 को हुई प्रबंधक कमेटी की बैठक में नियमानुसार तैयार किए जाने वाले मतदाता सूची के पास मता पर तथा समय-समय पर चुनाव आयोग के द्वारा मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित प्राप्त पत्र पर तब तक यानी 8 फरवरी, 24 तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। आप चाहते हैं कि वोटर लिस्ट में गंभीर त्रुटियां होने के बाद भी बिना किसी सुधार के आपके द्वारा अपने और सहयोगियों के निजी लाभ के लिए तैयार मतदाता सूची को पास कर दिया जाए। जब ऐसा संभव नहीं हुआ, तो आप वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह एवं सचिव हरवंश सिंह के द्वारा अपनी आपसी सहमति बनाते हुए अंत में बहाना बनाकर बैठक से उठ कर बाहर निकले। फिर दोबारा बैठक में नहीं पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा खासा इंतजार करने के बाद पांच हलका के लिए नियमानुसार सही मतदाता सूची तैयार करने के संविधान की धारा 14डी का पालन करते हुए टीम का गठन किया गया है। इस दौरान संविधान की धारा 29 का पालन करते हुए ही पूर्ण बहुमत के आधार पर ही टीम का गठन कर नियमानुसार सही मतदाता सूची तैयार करने का कार्य सौंपा गया है। इसलिए प्रबंधक कमेटी की 8 फरवरी, 24 को हुई बैठक में पूर्ण बहुमत से पास की गई कार्रवाई का पालन करते हुए सही मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित जारी पत्र के द्वारा गठित टीम को रद्द करने का अधिकार किसी को नहीं है। इसे महासचिव के द्वारा भी रद्द नहीं किया जा सकता है। इसलिए पत्रांक तपस/3/212/24 के द्वारा के द्वारा गठित टीम के अनुसार ही नियमानुसार सही तैयार होने वाली मतदाता सूची पर अगली कार्रवाई करना सुनिश्चित होगा। आपके द्वारा 17 फरवरी को जारी पत्र तपस/3/218 पूरी तरह संवैधानिक और गलत है। इधर इस संबंध में महासचिव इंद्रजीत सिंह का कहना था कि बैठक में इस तरह का कोई निर्णय नहीं लिया गया था। बैठक के बाद आनन-फानन में अध्यक्ष के द्वारा पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची बनाए जाने को लेकर नाम घोषित कर दिया गया। मगर उनके अलावा अन्य दो पदाधिकारी वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह एवं सचिव हरबंश सिंह को भी विश्वास में नहीं लिया गया और न ही उन तीनों से कोई बात की गई। अध्यक्ष के द्वारा भी जारी पत्र में जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, वह लोकतांत्रिक नहीं है। दूसरी ओर वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने अध्यक्ष और महासचिव के नाम जारी पत्र में कहा था कि जो पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए अध्यक्ष के द्वारा नाम जारी किया गया है, उसमें एक सेवानिवृत व्यक्ति बतौर अधीक्षक काम कर रहे हैं, जबकि उनके पास पांच लाख बकाया है। दूसरी ओर एक अन्य सदस्य के पास हाउस रेंट का बकाया है। कायदे से जिनके पास बकाया रहता है, वह चुनाव गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते और न ही उन्हें शामिल किया जा सकता है। हलका एक से भी एक सदस्य ने काम करने से इनकार करने के बाबत कार्यालय में पत्र सौंपा है।

### कटिहार-खगड़िया-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते

हाजीपुर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कटिहार-खगड़िया-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते डिब्रूगढ़ और देवघर के बीच एक नई ट्रेन 15925/15926 देवघर-डिब्रूगढ़-देवघर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इस नई ट्रेन का शुभारंभ आज दिनांक 01.03.2024 को मोहनपुर से 03509 देवघर-डिब्रूगढ़ उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया गया। इस नई ट्रेन का नियमित परिचालन डिब्रूगढ़ से 05.03.24 से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को तथा देवघर से 07.03.24 से सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को किया जायेगा। गाड़ी संख्या 15926 डिब्रूगढ़-देवघर एक्सप्रेस 05.03.2024 से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को डिब्रूगढ से 23.30 बजे खुलकर गुरूवार को 06.00 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 15925 देवघर-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 07.03.2024 से सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को देवघर से 20.05 बजे खुलकर शुक्रवार को 23.00 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी।

# बिहार के पूर्व डीजीपी के द्वारा 100 करोड़ मेरिट स्कॉलरशिप की घोषणा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्थित केएल डीम्ह-टू- बी यूनिवर्सिटी ने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कैरियर बनाने का लक्ष्य रखने वाले छात्रों के लिए केएल ने पोस्ट्र लॉन्च की घोषणा की है। आयोजन में बिहार के पूर्व डी.जी.पी. और सुपर 30 के संस्थापक अभयानंद सर और डॉ. जे. श्रीनिवास राव (डायरेक्टर ऑफ एडमिशन्स) केएल यूनिवर्सिटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि, बिहार के पूर्व डी.जी.पी. और सुपर 30 के संस्थापक श्री अभयानंद सर ने कहा- ह्ल43 वर्ष पहले स्थापित केएल यूनिवर्सिटी एक बहुत ही बेहतर यूनिवर्सिटी है जो विगत कई वर्षों से बेहतर प्लेसमेंट भी उपलब्ध करा रही है। हमारे बिहार के छात्रों के लिए एक बेहतर यूनिवर्सिटी है। विगत कई वर्षों से हमारे बिहार के स्टूडेंट्स इस यूनिवर्सिटी में अच्छी पढाई कर रहें हैं। हम बिहारवासी गौरवान्वित होंगे की इतनी बड़ी यूनिवर्सिटी का काउंसलिंग सेंटर एवं नामांकन परीक्षा हेतु सभी सुविधा हमारे पटना में ही उपलब्ध हो गई। सुपर 30 के संस्थापक श्री अभयानंद सर के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ के साथ पोस्ट्र और एडमिशन फॉर्म प्रसारित किया गया। मौके पर बिहार के बिहार के पूर्व डी.जी.पी. और सुपर 30 के संस्थापक श्री अभयानंद सर और डॉ. जे. श्रीनिवास राव (डायरेक्टर ऑफ एडमिशन्स) बिहार-झारखंड-यूपी के जोनल हेड एमडी. इब्राहिम, क्षेत्रीय मैनेजर और काउंसलर उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहें।

# हजारों की संख्या में विधान सभा घेरने निकले पारा मेडिकल छात्र

प्रात :किरण संवाददाता





आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पारा राज्य के पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण जी ने कहा की राज्य की पारा मेडिकल शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु एवम राज्य के आम आवाम के बेहतर स्वास्थ्य,एवम राज्य के प्रशिक्षित पारा मेडिकल छात्रों के बेहतर भविष्य हेतु निम्न महत्वपूर्ण मांगो को लेकर विधान सभा मार्च करना बहुत जरूरी है। सरकार के कानो तक पहुंचाने के लिए सभी जिला इकाई की टीम एवम सभी मेडिकल कॉलेज इकाई की टीम आज हजारों पारा मेडिकल छात्र पटना पहुंचे है है यदि सरकार पारा मेडिकल के महत्वपूर्ण मांगो पर त्वरित करवाई नहीं करती है तो आगे भी आंदोलन किया जाएगा। विधान सभा मार्च हेतु महत्वपूर्ण मांगो में 1) राज्य में स्टेट एलाइड हेल्थ केयर काउंसिल (पारा मेडिकल काउंसिल ) का गठन यथा शीघ्र किया जाए।एवम काउंसिल में पारा मेडिकल के पूर्व छात्र को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। 2) राज्य के दो वर्ष की देरी से चल रहे पारा मेडिकल के सत्र को नियमित करने के लिए लंबित परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित करे एवम नियमानुकूल परीक्षा कैलेंडर जारी करे सरकार एवम सुनिश्चित करे कि प्रथम वर्ष की परीक्षा उपरांत ही द्वितीय वर्ष की गणना हो। 3) वर्ष 2022 में प्रकाशित की गई विज्ञापन संख्या 4/2022 ईसीजी टेक्नीशियन,5/2022 एक्सरे टेक्नीशियन,6/2022 ओटी असिस्टेंट जिसको ाि 2023 में अचानक रद्द कर दिया है उसे रिस्टोर करते हुए यथा शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। 4)स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत लैब टेक्नीशियन,ओटी असिस्टेंट, एक्सरे टेक्नीशियन,डेंटल हैजिनिस्ट ,सैनिटरी इंस्पेक्टर, ड्रेसर,ईसीजी टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स, सहित 14 तरह के पदो पर नियुक्ति हेतु लंबित सेवा नियमावली को यथा शीघ्र अंतिम रूप से प्रकाशित किया जाए। अस्पतालो के बेहतर संचालन एवम राज्य के आम आवाम के बेहतर इलाज के लिए लैब टेक्नीशियन, ओटी असिस्टेंट, एक्सरे टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन, ड्रेसर, सैनिटरी इंस्पेक्टर ऑप्थलमिक असिस्टेंट,डेंटल है, डेंटल मैकेनिक, स्टाफ नर्स आदि पदो पर नियमित नियुक्ति हेतु फ्रेश रिक्त पदों की अधियाचना बीटीएससी आयोग को भेजा जाए। 5) बिहार में सात निश्चय योजना अंतर्गत शुरू किए गए सभी पारा मेडिकल कॉलेज में ट्यूटर/डिमॉन्स्ट्रेटर,लेक्चरर की नियुक्ति यथा शीघ्र किया जाए। मेडिकल कॉलेज से पास आउट डिप्लोमा डिग्री के योग्य छात्र को गेस्ट फैकल्टी के रूप में नियुक्त करे जिससे पठन पाठन सुचारू रूप से चल सके। (बिहार सरकार को ज्ञात हो की ट्यूटर लेक्चरर के लिए सरकार वेतन मद की राशि जारी की गई है।) 6)सभी नए पारा मेडिकल डिप्लोमा कोर्स जैसे ब्लड बैंक टेक्नीशियन, हॉस्पिटल एंड डोमिसिलियरी केयर असिस्टेंट, रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया टेक्नीशियन,ऑर्थोप्टिक एंड प्रोस्थेटिक,डिप्लोमा इन फिजियोथेरेपी/ऑक्यूपेशनल थेरेपी आदि का अलग अलग सेवा नियमावली बनाया जाए जिससे कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को उनका भविष्य का पता चल सके। 6) राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज में पारा मेडिकल स्नातक डिग्री एवम मास्टर्स डिग्री की पढ़ाई शुरू की जाए जिससे राज्य के प्रशिक्षित योग्य छात्रों को उच्चतर शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। राज्य के हजारों पारा मेडिकल छात्रों के बेहतर भविष्य एवम राज्य के आम आवाम के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यथा शीघ्र त्वरित एवम न्यायोचित करवाई की जाए जिससे अध्यनरत छात्रों को सुविधाएं मिले एवम उत्तीर्ण छात्रों को नौकरी मिले एवम पारा मेडिकल कॉलेज में पारा मेडिकल शिक्षा में गुणवत्ता पूर्ण सुधार हो। विधान सभा मार्च में शामिल लोगो में पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण,प्रधान महासचिव सुरेंद्र कुमार सुमन ,प्रदेश उपध्यक्ष दिग्विजय सिंह लकी सिन्हा,प्रदेश कोषाध्यक्ष आशुतोष नंदन,प्रदेश संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार ,पीएमसीएच इकाई अध्यक्ष मनोहर कुमार गुप्ता ,उपाध्यक्ष अमित कुमार,सुमित कुमार,रंजीत, कुमार,मधुबनी जिला अध्यक्ष अमन कुमार, अरवल जिला अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार,मुंगेर जिला उपाध्यक्ष राजन यदुवंशी,वैशाली जिला अध्यक्ष राहुल कुमार,विशाल कुमार,रजनीश कुमार, सिद्धार्थ सौरभ ,सौरभ ,सुधीर कुमार,प्रिंस कुमार, भास्कर,रत्न कुमार,राज तेजस्वी,सुधीर,शुभम कुमार,सतीश कुमार,राहुल ,पिंटू कुमार,मोहन,पप्पू,सौरभ ,पीयूष कुमार,राजीव रंजन सहित हजारों पारा मेडिकल छात्र उपस्थित थे।

### गोरखपुर-सिवान-हाजीपुर-बरौनी-बेगुसराय-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते गोमतीनगर और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गोरखपुर-सिवान-हाजीपुर-बरौनी -मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते गोमतीनगर और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन 15090/15089 गोमतीनगर-गोड्डा-गोमतीनगर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इस नई ट्रेन का परिचालन गोमतीनगर से 01.03.24 से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को तथा गोड्डा से 02.03.24 से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को किया जायेगा । गाड़ी संख्या 15090 गोमतीनगर-गोड्डा एक्सप्रेस 01.03.2024 से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को गोमतीनगर से 15.35 बजे खुलकर शनिवार को 01.53 बजे सोनपुर, 02.05 बजे हाजीपुर, 04.10 बजे बरौनी, 04.38 बजे बेगुसराय रूकते हुए 11.10 बजे गोड्डा पहुंचेगी ।

# सोनपुर मेला को मिला बेस्ट इमर्जिंग फेस्टिवल डेस्टिनेशन अवार्ड

## इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे और अवार्ड 2023 में बिहार को मिले तीन सम्मान



- सभी पर्यटन स्थलों पर टीम ने सर्वे किया और एक स्वतंत्र एजेंसी के आकलन के बाद किया गया चयन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे और अवार्ड 2023 समारोह में बिहार को तीन सम्मान मिले हैं। स्टेट कैटेगरी में बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व और कैमूर की पहाड़ियों को और सोनपुर मेला को बेस्ट इमर्जिंग फेस्टिवल डेस्टिनेशन अवार्ड प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली स्थित होटल ताज में आयोजित समारोह में दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के हाथों यह प्रतिष्ठित पुरस्कार बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर ने प्राप्त किया। इंडिया टुडे की टीम ने देश भर के 121 पर्यटक स्थलों में बिहार के तीन पर्यटन स्थलों का चुनाव किया है। सभी पर्यटन स्थलों पर टीम ने सर्वे किया और एक स्वतंत्र एजेंसी के आकलन के बाद सभी महत्वपूर्ण चयन किए गए। स्टेट कैटेगरी में बाघों की बढ़ती संख्या और उनके बेहतर संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वाल्मीकि टाइगर रिजर्व को बेस्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन अवार्ड दिया गया। वहीं कैमूर हिल्स को बेस्ट माउंटेन डेस्टिनेशन सम्मान दिया गया। कैमूर की पहाड़ियों में दुर्लभ रॉक पेंटिंग्स और वहां वाटर स्पोर्टस की गतिविधियों को देखते हुए यह सम्मान दिया गया। इसके अलावा बिहार के प्रसिद्ध पशु मेले सोनपुर में कई पर्यटकीय गतिविधियों के संचालन और मेले के मूल स्वरूप के संरक्षण को देखते हुए इसे इमरजिंग फेस्टिवल डेस्टिनेशन का सम्मान प्राप्त हुआ है। पर्यटन विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने इस सम्मान के लिए बिहारवासियों और पर्यटन विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा है कि बिहार सरकार की लगातार की गई कई पहल से राज्य में पर्यटकों की संख्या में अभिवृद्धि हुई है। पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं में लगातार बेहतरी लाई जा रही है। इसके कारण देश भर में बिहार के पर्यटन स्थलों की चर्चा हो रही है। पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि इंडिया टुडे अवार्ड में बिहार को तीन अवार्ड मिलने से पर्यटन विभाग की पूरी टीम का उत्साहवर्धन हुआ है जो हमें भविष्य में और भी बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करेगा।

### मासिक कार्यक्रम जुगनू का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ

पटना । बीते गुरुवार को जय फाउंडेशन, जेठुली फतुहा, पटना के द्वारा तेघड़ा प्रखंड के पिपरा दोदराज पंचायत के फरदी ग्राम में मासिक कायर्क्रम के अंतर्गत जुगनू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के द्वारा चलाये जा रहे जुगनू कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जाकर वहां के कलाकारों के साथ संयोजन कर नाटक, रंगसंगीत, और विचारगोष्ठी आयोजित कर साहित्य, कला, लोक कला एवम लोक कलाकारों का संरक्षण और संवर्धन करना है। इससे पूर्व यह कार्यक्रम जेठुली फतुहा में आयोजित किया गया था। जुगनू कार्यक्रम के अंतर्गत रंगदर्शन आर्ट ग्रुप के बैनर तले नाटक मोबाइल का सदुपयोग की प्रस्तुति की गई। नाटक का निर्देशन शशिकान्त कुमार ने किया, नाटक में अभिनेता शशिकान्त और रंजीत प्रताप ने प्रभावी अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। मंच व्यवस्था गुलशन, शिवम ने किया, मंच परे मौसम, अंशु, अनुष्का, सपना, अमृता ने सहयोग किया। जय फाउंडेशन के संस्थापक सह सचिव नीतीश कुमार ने कहा कि किसी भी देश के विकास में कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह साझा दृष्टिकोण, मूल्य, प्रथा एवं एक निश्चित लक्ष्य को दिखाता है। सभी आर्थिक, सामाजिक एवं अन्य गतिविधियों में संस्कृति एवं रचनात्मकता का समावेश होता है। विविधताओं का देश, भारत अपनी विभिन्न संस्कृतियों के लिए जाना जाता है।

# अभा मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन में मारवाड़ी महिला समिति को 11 अवार्ड

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन दो दिनों का बैंक रोड स्थित अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। इसमें मारवाड़ी महिला समिति की पटना सिटी शाखा ने दोनों दिन मिलाकर कुल 11 अवार्ड जीता है। इस संबंध में विनीता डोकानिया ने बताया कि केशव प्रसाद अग्रवाल स्मृति अवार्ड और प्रांतीय सर्वोच्च शिखर सम्मान दोनों श्रीमती मीना गुप्ता को, आउटस्टैंडिंग शाखा पटना सिटी को, आउटस्टैंडिंग अध्यक्ष उमा लाडिया को, बेस्ट सेक्रेटरी का खिताब विनीता डोकानिया को मिला। वहीं बाल विकास में बेहतर कार्य करने के लिए प्रांतीय सहयोग पुरस्कार भी विनीता डोकानिया को प्रदान किया गया। आउटस्टैंडिंग अंचल उपाध्यक्ष कविता पोद्दार, नेत्रहीन विद्यालय में कार्य करने के लिए विशेष पुरस्कार भी पटना सिटी शाखा को मिला। नाटक प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार विनीता डोकानिया व कविता पोद्दार को और रंगोली प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार भी प्रीति ड्रोलिया, काजल सिंघानिया, अलका झुनझुनवाला, पूजा माखरिया और रुबी केडिया को प्रदान किया गया।

# चौक पुलिस ने शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना की पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दो पहिया वाहन भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में हरिमंदिर गली के तिवारी गली का रहने वाला आशीष कपूर पिता स्व दिनेश कपूर और छोटी पटनदेवी गुरुद्वारा बाललीला के पास का रहने वाला जितेंद्र सिंह पिता स्व रामनारायण प्रसाद है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 28 फरवरी को एसआई प्रमोद कुमार क्विक मोबाइल सिपाही राहुल कुमार, ललन कुमार एवं योगी कुमार यादव मोटरसाइकिल से गश्त को निकले। पटना साहिब स्टेशन के पास वाहन जांच अभियान चल रहा था। इसी दौरान रात करीब नौ बजे एक स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति मोर्चा रोड की ओर से आ रहा था। उसे पुलिस बल के सहयोग से रोका, तो दोनों सवार घबरा गया। जब उक्त वाहन की तलाशी ली गई, तो स्कूटी जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01जीएम 7946 लिखा था, के पावदान के पास सब्जी के नीचे एक काला पॉलिथीन में शराब पाया गया। दरअसल 180 एमएल का दो टेट्रा पैक रखा हुआ था। उस पर केवल उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए लिखा विदेशी शराब बरामद हुआ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# रिलायंस ज्वेल्स शोरूम डकैती की जांच करने पहुंचे डीआईजी, दिए आवश्यक निर्देश

**10 किलो 536 ग्राम सोना लूट व शोरूम के कैश काउंटर से एक लाख 11 हजार 366 की हुई थी लूट**



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेल्स में बीते 28 फरवरी की शाम हुए डकैती मामले की जांच करने दरभंगा क्षेत्र के डीआईजी बाबूराम शुक्रवार को समस्तीपुर पहुंचे। जहां रिलायंस ज्वेल्स पहुंचकर उन्होंने घटना के सम्बन्ध में जांच की और उपस्थित पदाधिकारियों को घटना के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश भी दिए। डीआईजी बाबूराम वहां 49 मिनट रुके और घटना के सम्बन्ध में रिलायंस ज्वेल्स शोरूम के कर्मियों से भी बात कर घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली। जांच के बाद शोरूम से निकलने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि घटना में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि लूटे गए आभूषणों की संख्या काफी ज्यादा है इस कारण अभी भी मिलान किया जा रहा। मिलान के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितने की लूट हुई है। बता दें कि शोरूम के मैनेजर गोपालगंज जिले के निवासी दिलीप कुमार गिरी ने 10 किलो 536 ग्राम सोना लूट व शोरूम के कैश काउंटर से एक लाख 11 हजार 366 रुपए लूटने के संबंध में एफआईआर दर्ज करवाया है। वहीं घटनास्थल पर जांच करने के बाद दरभंगा क्षेत्र के डीआईजी बाबूराम जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग भी की। रिलायंस ज्वेल्स शोरूम के मैनेजर दिलीप कुमार गिरी के द्वारा दिए फर्द बयान के आधार पर मुफस्सिल थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि 28 फरवरी की शाम लगभग 8 बजे दो-तीन अपराधी अंगूठी का साइज देने की बात कह कर जबरन अंदर घुसते हुए गार्ड को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए पिस्टल तान दिया। इसी दौरान हथियार से लैस अन्य अपराधी भी अंदर घुस गए। अपराधियों की संख्या 8 थी और उसमें से तीन अपराधियों ने मास्क, मफलर व टोपी लगाया हुआ था। उस समय शोरूम में 13 कर्मी व दो ग्राहक रोसड़ा थाना क्षेत्र के भिरहा के सुधाकर राय एवं संजय पासवान मौजूद थे। इसके बाद सभी अपराधी शोकेस तोड़कर स्वर्ण आभूषण निकालने लगे और हथियार के बल पर सभी कर्मियों व ग्राहकों को एक तरफ खड़ा कर दिया और सभी का मोबाइल छीन लिया। इसी दौरान सभी को फ्रीमेसिंग रूम में बंद कर दिया। सुधाकर राय और संजय पासवान जो गहना खरीदने आए हुए थे उनके पास से अपराधियों ने छह लाख रुपए भी छीन लिया। अपराधी दो झोला भरकर गोल्ड व डायमंड ज्वेलरी ले गए। रिलायंस ज्वेल्स शोरूम के मैनेजर के द्वारा पुलिस को दिए बयान के अनुसार सभी अपराधी 20-30 वर्ष की उम्र के थे और सभी स्थानीय भाषा में गाली-गलौज कर रहे थे। घटना के बाद सभी अपराधी मुसरीघरारी की तरफ बाइक से फरार हो गए। उन्होंने कहा है कि वह सभी अपराधियों को दुबारा देखने पर पहचान जाएंगे। बता दें कि 48 घंटे बीतने के बावजूद भी पुलिस अपराधियों गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के सीमावर्ती जिला से आने वाले अपराधियों ने स्थानीय अपराधियों के सहयोग से इस घटना को अंजाम दिया है। जिनका पूर्व में हुए स्वर्ण लूट कांड में संलिप्तता रही है। वहीं पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज अवलोकन में यह बात सामने आयी है कि फरार होने के बाद कुछ दूर जाकर जाने पर सभी अपराधी अलग-अलग दिशा में फरार हुए हैं। वहीं दरभंगा प्रक्षेत्र के डीआईजी बाबूराम घटनास्थल निरीक्षण के दौरान एसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय, मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद व नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण चिकित्सक की गोली मारकर हत्या

मुजफ्फरपुर। अहियापुर थानान्तर्गत थाना झपहां ओवरब्रिज के निकट अपराधकर्मियों ने गुरुवार की रात ग्रामीण चिकित्सक को गोली मारकर हत्या कर दी। ताबड़तोड़ फायरिंग में ग्रामीण चिकित्सक के सीने में चार गोलियां लगीं। मृत ग्रामीण चिकित्सक की पहचान रामपुरहरि थाना क्षेत्र के धर्मपुर पंचायत के मोथहां फकीराना निवासी सुनील कुमार उर्फ श्याम राय के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार,गुरुवार की रात गांव में एक लड़की की शादी समारोह से लौटने के क्रम में रास्ते में झपहां ओवरब्रिज के समीप बदमाशों ने उन्हें चार गोलियां मार दीं। गोलियों की आवाज सुनने पर आसपास के लोगों को जानकारी हुई। इस बीच सूचना पर पहुंची गश्ती टीम चिकित्सक को एसकेएमसीएच लेकर आई। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार ,प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का बताया गया है।

### अवैध हथियार, कारतूस के साथ 4 अपराधकर्मी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने अवैध हथियार ,कारतूस एवं चोरी की मोबाइल के साथ एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वाहन चेकिंग के क्रम में देवरिया थाना की टीम द्वारा अपराधकर्मी . विशाल कुमार ग्राम -बंगरा थाना-देवरिया को रंगेहाथ 1 देशी कट्टा, कारतूस, चोरी की 3 मोबाईल एवं मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी विशाल कुमार द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना क्षेत्र अंतर्गत राहगीरों के साथ लूट एवं छिनतई जैसी घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। गिरफ्तार अपराधकर्मी विशाल कुमार की निशानदेही पर उसके अन्य साथी अपराधकर्मी मोहित कुमार, राहुल कुमार एवं . मुन्ना कुमार को चोरी की मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### समारोह पूर्वक किया गया विद्या मंदिर का उद्घाटन

विभूतिपुर प्रखंड को खोकसाहा स्थित बालेश्वर राम संस्कृत कॉलेज परिसर में शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर का उदघाटन समारोहपूर्वक किया गया। अध्यक्षता आनन्द कुमार सिंह एवं संचालन दूर देहात के सचिव प्रभु नारायण झा ने की। विभूतिपुर उत्तर पंचायत के मुखिया विभा कुमारी, सरपंच कुमारी वंदना सिन्हा, समाजसेवी विश्वेश्वर महतो उर्फ वीणा जी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर फिता काटकर उदघाटन किया। स्वागत प्राचार्य आर के सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन व्यवस्थापक श्याम कुमार केसरी उर्फ फूलटुन सिंह ने की। वक्ताओं ने कहा कि इलाके में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में यह स्कूल सहायक होगा। मौके पर पूर्व पंसस रामेश्वर ठाकुर, डॉ नन्द किशोर, डॉ रोहित महतो, राम विलास महतो, सुरेश प्रसाद सिंह, पोषण महतो, ललन झा, गोविंद झा, संतोष सिंह, राम ज्ञान यादव, कपल महतो आदि थे।

### गैस लीक होने से आग लगने के दौरान महिला झुलसी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सोमनाहा गांव में बृहस्पतिवार की रात खाना बनाने के दौरान गैस लीक होने से खाना बना रही महिला के कपड़ा में आग लग गई। जब तक लोग जुटते की महिला गंभीर रूप से झुलस गई। झुलसी महिला की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के सोमनाहा गांव निवासी मक्खन महतो की पत्नी लक्ष्मी देवी के रूप में हुई है। परिजन ने इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है।

# पूर्व मुखिया को धमकी देकर एक लाख पन्द्रह हजार रूपया करवाया ट्रांसफर

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के चकहबीब पंचायत के पूर्व मुखिया शशिकांत झा से बदमाशों ने साइबर क्राइम के तहत व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से फोन कर धमकी देते हुए खाते में एक लाख 15 हजार रुपए ट्रांसफर करवाया। मामले को लेकर पीड़ित पूर्व मुखिया ने समस्तीपुर साइबर थाना में आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि 29 फरवरी को 9369426955 नंबर से व्हाट्सएप के माध्यम से फोन आया। जिसमें बताया गया कि मैं सीबीआई से बात कर रहा हूं। तुम्हारे बच्चे को क्राइम में पकड़ कर रखा हूं। 20 हजार रुपए भेजते हो तो इसे छोड़ दूंगा। नहीं तो जेल भेज दूंगा। मैं फोन कर कर अपने बच्चों को फोन लगाया। मोबाइल स्विच ऑफ बताया। मै घबरा गया और एक बार दस हजार तथा दो बार 5-5 हजार करके कुल बीस हजार रुपया भेज दिया। फिर उसने बताया कि एक लाख रुपया और भेजो, नहीं तो तुम्हारे बच्चे को जान से मार देंगे। तब मेरी बड़ी बेटी एक बार पचास हजार और फिर पैंतालीस हजार रुपया भेज दिया। कुल मिलाकर एक लाख 15 हजार रूपए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बचत खाता 40804988168 और चालू खाता 3577363875 से फोन पे मोबाइल नंबर 8809718236 और 8709566280 के माध्यम से उसके एकाउंट नंबर 30502240007820 में ट्रांसफर किया। इसके बाद वे और पैसा मांगने लगा लेकिन इसी बीच मेरे बेटे का मोबाइल ऑन हो गया और उससे बात हो गई। तब जाकर मैं फोन कट कर दिया।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 3- 4 मार्च को हल्की बारिश की सम्भावना

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव से उत्तर बिहार के जिलों में हल्की बारिश की सम्भावना है।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से 2से 6मार्च तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी गई है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 24.8 एवं 12.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 47 प्रतिशत, हवा की औसत गति 10.3 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 24 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 15.5 एवं दोपहर में 30.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। 2से 6मार्च तक के लिए जारी पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 03-04 मार्च को आसमान में गरजवाले बादलों के बनने के साथ साथ उत्र बिहार के अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। वर्षा के समय हवा की रफ्तार तेज हो सकती है।इस अवधि में अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 14-17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।औसतन 7-8 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा तथा पूरवा हवा चलने की सम्भावना है।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि 03-04 मार्च को वर्षा की संभावना को देखते हुए किसान भाई कृषि कार्यों में सर्तकता बरतें। खड़ी फसलो में सिंचाई स्थगित रखे। फसलों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें। इस अवधि के दौरान सरसों की तैयार फसलों की कटाई सावधानी पूर्वक करें। बसंतकालीन मक्का की बुआई करें। जुताई से पूर्व खेतों में प्रति हेक्टेयर 15-20 टन गोबर की खाद, 40 किलोग्राम नेत्रजन, 40 किलोग्राम सल्फर एवं 30 किलोग्राम पोटास का व्यवहार करें। बुआई के लिए सुवान, देवकी, गंगा 11. शक्तिमान 1 एवं 2 किस्में अनुशंसित है। बीज दर 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। प्रति किलोग्राम बीज को 2.5 ग्राम धीरम या कैप्टाफ द्वारा उपचारित कर बुआई करें। रवी मक्का की धनबाल व मोचा निकलने से दाना बनने की अवस्था वाली फसल में प्रयाप्त नमी बनाए रखें।

गरमा मूंग तथा उरद की बुआई के लिए खेत की तैयारी करें। बुआई से पूर्व खेत की जुताई में 20 किलोग्राम नेत्रजन, 45 किलोग्राम सल्फर, 20 किलोग्राम पोटाष तथा 20 किलोग्राम गंधक प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। मूंग के लिए पूसा विषाल, सम्राट, एस०एम०एल०-668, एच०यू०एम०-16 एवं सोना तथा उरद के लिए पंत उरद-19. पंत उरद-31, नवीन एवं उत्तरा किस्में बुआई के लिए अनुशंसित हैं। बीजदर छोटे दानों के प्रमेदों हेतु 20-25 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर तथा बड़े दानों के प्रभेदों हेतु 30-35 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर रखे। कृषक भाई बुआई पूर्व बीज का प्रबंध प्रमाणित स्त्रोत से सुनिश्चित कर लें।

# शाहीन सामाजिक न्याय के मजबूत स्तम्भ व कौमी एकता के प्रतीक हैं : राकेश



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर के स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन का शुक्रवार को बेहद हर्ष व उल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया।

शहर के मालगोदाम चौक के पास गरीब व जरूरतमंद छात्रों के बीच कलम, पेंसिल, कॉपी, किताब, डिक्शनरी, स्ट्रूमेंट बॉक्स तथा फल आदि वितरित कर महागठबंधन कार्यकताओं ने विधायक का जन्म दिन मनाया तथा विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के दीघार्यु व शतायु होने की कामना की गयी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि व जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन बेहद मिलनसार, कर्मठ तथा समाज के हर वर्ग में बेहद लोकप्रिय हैं। उन्होंने अपने 13 वर्ष के कार्यकाल में अब तक भेदभाव रहित समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया है। वे सामाजिक न्याय के मजबूत स्तम्भ व कौमी एकता के प्रतीक हैं।

# भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष को जाती सूचक गाली देने को लेकर कल्याणपुर थाना में दिया आवेदन

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बरेहता गांव निवासी कल्याणपुर उत्तरी मंडल भाजपा अध्यक्ष तेज नारायण राम ने कल्याणपुर थाना में आवेदन देकर जाति सूचक शब्द कहते हुए गाली देने को लेकर कल्याणपुर थाना में एक आवेदन दिया है। वहीं दिए आवेदन में कहा है कि बरहेता गांव में गुरुवार की देर शाम एक भोज खाने के दौरान कल्याणपुर विधानसभा विस्तारक मोहन प्रसाद निराला ने बरहेता के ही संजीव कुमार सिंह, मालीपुर के कुमोद यादव से राजनीतिक चर्चा के दौरान बात बाती हुई। इसी दौरान यह तीनों लोगों ने जाति सूचक कहते हुए गाली-गलौज देने का आरोप लगाया है। वहीं मंडल अध्यक्ष ने कल्याणपुर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर आगे कार्रवाई करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं विस्तारक मोहन प्रसाद निराला से फोन पर संपर्क करने के दौरान बात नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं जाना जा सका। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने कहा कि आवेदन के आधार जांचों उपरांत आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

# देश बचाओ अभियान के बैठक में ली गई कई बहुद्देशीय महत्वपूर्ण निर्णय



प्रात: किरण संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान का बैठक सदर अस्पताल चौक अवस्थित संपर्क कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेडक्रॉस सभागार में महिला अधिकार, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, देश बचाओ एवं हमारी भूमिका, विषयक सम्मेलन करने, 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर अलौली ब्लॉक परिसर में सामूहिक विवाह समारोह को ऐतिहासिक सफल करने, 12 मार्च को अलौली रेलवे जंक्शन, इचरूआ व धुसमुरी बिशनपुर रेलवे स्टेशन पर खगड़िया से अलौली तक ट्रेन चालू करने के सवाल को लेकर धरना प्रदर्शन सभा करने, 14 मार्च को मानसी में संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर किसान महापंचायत करने, 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मनाने , 24 मार्च को महामूर्ख सम्मेलन से होली मिलन समारोह आयोजित करने एवं अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में अभियान के संयोजक मधुबाला, उपाध्यक्ष डॉ कमल किशोर यादव अधिवक्ता, सचिव मंचन यादव, सहकर्मी घनश्याम जोशी, मल्टीमीडिया मुरली रविदास, समन्वयक चंद्रहास यादव, सह सचिव राम सुचित पासवान, प्रवक्ता दिनेश शाह, संयुक्त सचिव लालमनी सदा, सचिव धर्मेंद्र कुमार, महासचिव उमेश ठाकुर, गुड्डु ठाकुर आदि ने भाग लिया। सबों ने एक स्वर में ली गई निर्णय को सरजमीनी सफल करने पर बल दिया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के बाद कलाकारों को किया गया सम्मानित



विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के जेपीएनएस हाई स्कूल नरहन के मैदान में अशोक कला सांस्कृतिक युवा संघ के द्वारा क्रिएटर मीट-अप आदर्श सम्मान समारोह का आयोजन किया। संघ के संस्थापक विकास कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार के चर्चित यूट्यूबर गायक और डांसर ने भाग लिया। जिसमें सभी कलाकारों अपनी-अपनी विधा जैसे गीत, संगीत और डांस आदि की प्रस्तुति कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। यूट्यूबर ऐलिस स्विफ्ट, लोक गायिका का रचना झा, डांसिंग क्वीन आरुषि शर्मा, प्रतीक बिहारी, आदर्श मिश्रा आदि ने अपनी-अपनी कलाकृति की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के मेधावी बच्चों ने भी अपना डांस प्रस्तुत करके लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के विधानसभा संयोजक अरविन्द कुशवाहा, वार्ड सदस्या साक्षी कुमारी, अवकाश प्राप्त शिक्षक हरेकृष्ण ईसर, भाजपा के युवा नेता गुंजन मिश्रा, सुमन किन्नर, रूद्र सिंह मोनू, हर्ष प्रिय रंजन, राजा विवेक, करण सौरव, कृष्णा आदि थे। मौके पर अशोक कला सांस्कृतिक युवा संघ द्वारा सभी कलाकारों को मिथिला पेंटिंग व अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# स्व. चंदेश्वर ठाकुर की निधन पर श्रधांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के कंहौली गांव स्थित श्रीकांत ठाकुर के दरवाजे पर समाजसेवी स्व. चंदेश्वर ठाकुर की निधन पर श्रधांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस श्रधांजलि कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला लोहार कल्याण समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर विश्वकर्मा द्वारा किया गया.वही मंच संचालन जिला लोहार कल्याण समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर उर्फ स्वामी जी द्वारा किया गया.इस श्रधांजलि कार्यक्रम के दौरान बिहार प्रदेश लोहार कल्याण समिति नेता डा. सत्यनारायण शर्मा ,जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर विश्वकर्मा,उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर उर्फ स्वामी जी सचिव सत्यनारायण ठाकुर प्रह्लाद ठाकुर जयनगर प्रखंड़ अध्यक्ष बिलटू ठाकुर सिकंदर ठाकुर श्रीकांत ठाकुर उदय ठाकुर विवेक ठाकुर सहित दर्जनों लोहार समुदाय के लोगो द्वारा समाजसेवी सह प्रदेश लोहार कल्याण समिति के संस्थापक सदस्य स्व चंदेश्वर ठाकुर के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण करके उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की.इस दौरान प्रदेश लोहार कल्याण समिति के वरिष्ठ नेता डा. सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि समाजसेवी स्व. चंदेश्वर ठाकुर द्वारा अपने जीवन काल मे लोहार जाती की कल्याण के लिए जिला से लेकर प्रदेश के सभी जिला एव प्रखंड़ स्तर पर बैठक कर लोहार जाती की हक के लिए बिहार सरकार से लड़ाई लड़ी.उनके निधन हो जाने से लोहार जाती सहित अत्यंत पिछड़ी जाति की एक महान नेता खो दिया है.वही प्रदेश लोहार कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर विश्वकर्मा ने कहा कि लोहार जाती के महान नेता व समाजसेवी स्व. चंदेश्वर ठाकुर की निधन 18 फरवरी को अचानक निधन हो जाने से बिहार प्रदेश लोहार जाती में शोकाकुल माहौल में डूब गया.उन्होंने कहा कि लोहार जाती को अनुसूचित जाति के दर्जे को लेकर जिला से प्रदेश तक मे सरकार से लड़ाई लड़ी.लेकिन वे कुछ काम को अधूरी छोड़ कर हम सभी के बीच से चल पड़े.उन्होंने श्रधांजलि कार्यक्रम के दौरान शपथ लिया कि स्व. चंदेश्वर ठाकुर द्वारा छूटे हुए काम को सरकार से लड़ाई जारी करके पूरा करने का वचन दिया.इस मौके पर जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह मुखिया अर्जुन सिंह सरपंच रामचंद्र महतो सहित दर्जनों ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# जनता के दरबार मे जिलाधिकारी ने कई मामलों में दिए कार्रवाई के निर्देश



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में आये 122 परिवादियों से मिलकर उनकी समस्यायों को सुना जिसमें कई मामलों में स्वयं सबंधित पदाधिकारि यो से दूरभाष पर बात कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया शेष आवेदनों को संबधित विभाग के पदाधिकारियो को ससमय निष्पादन को लेकर अग्रसारित कर कृत करवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया।प्राप्त शिकायतों में भूमि अतिक्रमण भूमि विवाद नल जल योजना।आपसी विवाद जनवितरण आदि से संबधित मामले सबसे अधिक पाए गए। इसके अतिरिक्त समाजिक सुरक्षा योजना बाल विकास परियोजना शिक्षा सहित अन्य कार्यालय में लंबित मामले भी प्राप्त हुए। शिकायत कर्ता रीना देवी कोरियापट्टी मधवापुर के द्वारा शादी के पश्चात पति एवं अन्य परिजनों द्वारा अनावश्यक मार-पीट करने एवं प्रताडित करने से संबंधी मामला को लेकर शिकायत किया गया । प्रखंड-बेनीपट्टी, ग्राम-दुगौर्ली के निवासी चंदे पासवान के द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में शिकायत किया गया। जिलाधिकारी ने न केवल आए हुए परिवादियों की समस्याओं को सुना बल्कि उन समस्याओं के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त जनशिकायतों को पूरी गंभीरता से लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उसका त्वरित निष्पादन करे। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त दीपेश कुमार सहित कई अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रचार वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र लाभार्थी, परिवार जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थी नहीं है, को प्रति परिवार प्रति वर्ष पॉच लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की स्वीकृति मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत दी गयी है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि 2 मार्च से इसकी शुरूआत होगी। उक्त प्रथम तिथि को 2.50 लाख लोगों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना अन्तर्गत मुजफ्फरपुर जिला के कुल 41 लाख 66 हजार 353 लाभार्थी योजना के पात्र है, जिसमें अब तक 4 लाख 41 हजार 749 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका हैं। उन्होंने कहा कि मिशन मोड में काम करने का निदेश सिविल सर्जन एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। जिले में 2433 पी.डी.एस. डीलर है, जबकि 318 कॉमन सर्विस सेन्टर कार्यशील है। दिनांक 2 मार्च से जिलान्तर्गत सभी जन वितरण प्रणाली केन्द्रों पर आयुष्मान कार्ड का निर्माण होने जा रहा है। आयुष्मान कार्ड का निर्माण वसुधा केन्द्र के संचालकों के द्वारा किया जा रहा है। जिले का प्रतिदिन का लक्ष्य 20 हजार 832 है, जिसको प्राप्त करने हेतु जीविका दीदी,आशा कार्यकर्ता,विकास मित्र,आगनबाड़ी सेविका आदि के द्वारा लाभुकों को जन वितरण प्रणाली केन्द्रों पर लाकर कार्ड से आच्छादित करने हेतु सहयोग लिया जा रहा है। लाभुक कार्ड के द्वारा किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में इलाज प्राप्त कर सकते हैं। कार्ड पर सालाना पॉच लाख रुपए तक का इलाज प्राप्त किया जा सकता है। राशन कार्ड में सूचीबद्ध सारे सदस्यों का कार्ड अलग-अलग बनेगा। प्रखण्ड स्तर पर विशेष अभियान के नोडल पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी है, जो कि अपने स्तर से इस अभियान का अनुश्रवण कर रहे है। प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अपने प्रखण्ड के समन्वयक होंगे।

# फीस वृद्धि के खिलाफ एसएफआई का प्रतिनिधिमंडल प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, फीस वृद्धि हुई वापस



विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के डीबीकेएन महाविद्यालय नरहन में स्नातक सत्र 2023-27 द्वितीय सेमेटेस्टर में एससी एसटी के छात्र व सभी लड़कियों निःशुल्क नामांकन के बजाय 250 रुपया में नामांकन हेतु गुरुवार को कॉलेज वेबसाईट पर एक सूचना निकाली गई थी। जिसके बाद छात्र समुदाय में आक्रोश का माहौल बन गया था। एसएफआई ने इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए 7 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल कॉलेज के प्राचार्य को पूर्व की भांति निःशुल्क नामांकन लेने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। कॉलेज प्राचार्य दिनेश कुमार राम ने त्वरित साकारात्मक पहल दिखाते हुए कॉलेज के वर्सर डॉ० सुमित कुमार व बड़ा बाबू श्री विजय कुमार पटेल के साथ बैठक कर बढ़ी हुई फीस वापस लेने का निर्णय लिया। जिसके बाद छात्रों ने राहत की सांस ली और प्राचार्य सहित कॉलेज प्रशासन को इसके लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस प्रतिनिधि मंडल में एसएफआई के पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार, अंचल मंत्री प्रिंस कुमार, जिला कमिटी सदस्य मो० सुलेमान, छात्रनेता केशव झा, सोनू कुमार, गोलू कुमार व सुधांशु कुमार शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महारैली ऐतिहासिक बनाने को लेकर राजद कार्यकर्ता ने किया बैठक

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र में आगामी 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में आयोजित राजद कि जन विश्वास महारैली को सफल बनाने के लिए राजद कार्यकर्ताओं की एक बैठक स्थानीय बस पडाव प्रागंण में शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मुन्ना कि अध्यक्षता में आयोजित किया गया।आयोजित बैठक में मुख्य रूप से 2 मार्च को हजारों की संख्या में पटना चलने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में सभी कार्यकताओं ने कहा कि एक जुट होकर सोनवर्षा राज से हजारों कार्यकर्ता पटना के गांधी मैदान पहुंच कर महारैली को ऐतिहासिक बनाना है।इसके लिए सभी बूथ स्तर के कार्यकताओं से सघन जनसंपर्क करने कि जरूरत है।जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र की मोदी सरकार को दम दिखाना है।बैठक में मुख्य रूप से ललन यादव, मनोरंजन सिंह, मो इसाख, महेंद्र यादव, मो समीम साह, उपेंद्र यादव, सुरेश यादव, हीरा यादव, बिजेंद्र यादव, नरेश साह, सुनिता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विजयपुर गांव से अज्ञात वृद्ध साधु का शव बरामद



सौरबाजार/सहरसा- थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव से शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात वृद्ध साधु का शव पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के उपरांत सदर बल के साथ विजयपुर गांव पहुंचकर वृद्ध साधु का शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन वृद्ध साधु की पहचान नहीं हो सकी।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को लेकर सभी अटकलें हुई साफ, कांग्रेस के नेतृत्व में महागठंधन का हिस्सा बनकर लड़ेंगे लोक सभा चुनाव

- पप्पू यादव ने अपने पैतृक आवास खुर्दा में बुलाई चार जिले के वरीय कार्यकताओं की मीटिंग,आगामी 9 मार्च को पूर्णियां के रंगभूमि मैदान में जुटेंगे 5 लाख लोग, हक और अधिकार की होगी लड़ाई



प्रात : किरण संवाददाता

पप्पू यादव को लेकर सभी अटकलें हुई साफ महागठबंधन की हिस्सा बनकर पप्पू लड़ेंगे लोक सभा चुनाव, कांग्रेस नेतृत्व पर है भरोसा।दरअसल मधेपुरा जिला के कुमारखंड प्रखंड अंतर्गत खुर्दा गांव में आज जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने अपने पैतृक आवास परिसर में बुलाई चार जिले के वरीय कार्यकर्ताओं की अहम बैठक। जहां आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मधेपुरा के पूर्व सांसद सह जाप सुप्रीमो राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आयोजित बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित किया साथ हीं कार्यकताओं को अपने अपने जिले में मजबूती के साथ जनता से संवाद करने तथा उनके बीच रहने को लेकर सख्त निर्देश भी दिया । बता दें कि इस दौरान जाप प्रमुख पप्पू यादव ने कहा कि हमारी लड़ाई और आज की जो अहम बैठक बुलाई गई है वो कोसी और सीमांचल की हक और अधिकार की लड़ाई के लिए उन्होंने कहा की हमे ना किसी को गाली देना है ना किसी को सत्ता से हटाना है बल्कि हमे अपनी लाइफ के लिए एक व्यवस्थित सत्ता की निर्माण करना है,साथ उन्होंने कहा कि हमेशा हिंदू मुसलमान करना ये ठीक नहीं है ये देश और राज्य के लिए असुभ संकेत है जो ठीक नहीं है इसीलिए हमारे यहां फल, मक्का, मखान, तथा धान पे कारखाना कैसे हो और मधेपुरा से लंबी दूरी की ट्रेन तथा हमारे यहां मुरलीगंज से भीमनगर होते हुए कुरसैला से ट्रेन कैसे चले और बिहारीगंज से कुशेश्वर स्थान होते हुए दरभंगा को कैसे जोड़े।सहरसा में एम्स कैसे हो और पूर्णियां में हाई कोर्ट बैंच एयरपोर्ट कैसे हो हमारे लिए यह एक बड़ा सवाल है,साथ हीं पप्पू यादव ने महागठबंधन को लेकर कहा कि मैं हमेशा ओपेन हूं विचारधाराओं की राजनैतिक करता हूं यह अर्थ युग है मैं गरीब और अर्थ की हीं बात कर सकता हूं इसलिए लोग परेशान है, मैं कांग्रेस नेतृत्व और सभी लोगों से कहा हूं आपको पप्पू यादव से क्या बेनिफिट हो सकता है यह कोसी सीमांचल के मिट्टी और मां से पूछ लीजिए,मुझे मेरी मां और यहां की मिट्टी खून से कोई अलग नहीं कर सकता है।उन्होंने कहा कि मैं बार बार कहता हूं पूर्णियां के कॉज पर कोई समझौता नहीं होगी, आप मधेपुरा, सुपौल सहरसा दे दीजिए मैं हर हाल में यह सीट जीत कर दूंगा.मैने कांग्रेस नेतृत्व को बता चुका हूं मधेपुरा और सुपौल दीजिए जीत की पक्की गायरेंटी देता हूं लेकिन पूर्णियां पर कोई समझौता मंजूर नहीं है उन्होंने कहा कि आगामी 9 मार्च को पूर्णियां के रंगभूमि मैदान में करीब 5 लाख लोगों की जुटने का संभावना है कोसी और सीमांचल की हक और अधिकार की लड़ाई को लेकर,साथ हीं उन्होंने पार्टी विलय पर भी कहा कि सर इस तरह की कोई बात नहीं है मैं गठबंधन के साथ हूं कांग्रेस नेतृत्व को समझना होगा उनकी निर्णय मुझे मान्य हैं मुझे किस रूप में लेते है उन्हे हीं देखना होगा।

# घरेलू विवाद में पत्नी ने बेटी संग ट्रेन से कटकर की खुदकुशी



प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज आपसी घरेलू विवाद में पत्न ी ने छोटी बच्ची के साथ मालगाड़ी से कटकर खुदकुशी कर लिया। सहरसा-पूर्णिया रेलखंड पर मुरलीगंज थाना क्षेत्र के भैरोपट्टी हॉल्ट पश्चिम ढ़ाला के पास गुरुवार की शाम महिला ने बेटी संग माल ट्रेन से कटकर जान दे दिया। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी व्याप्त है। घटना के बाद पुलिस दोनो शव को पोस्टमार्टम कराकर पीड़ित परिवार को सौंप दिया है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। मृतिका मां बेटी की पहचान जीतापुर पंचायत के वार्ड दो रामसिंह टोला के प्रमोद यादव उर्फ परबल की पत्नी संजू देवी (30) वर्ष और पुत्री सोनाक्षी कुमारी (8) वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बीते कई दिनों से पति पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। जिस कारण पत्नी ने परेशान होकर गुरुवार की शाम बेटी को साथ लेकर ट्रेन से कटकर जान दे दिया। इस हृदय विदारक घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

प्रभारी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने कहा कि शव की पोस्टमार्टम कराकर पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आवेदन प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 73वें जन्म दिवस पर कैक काटा




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। जनता दल यू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की एक बैठक देव रिसोर्ट गंगजला में बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार देव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी समेत जिला के सभी वरीय एवम कनीय पार्टी पदाधिकारी मौजूद हुए । बैठक की शुरूआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के 73 वी जन्म दिवस पर कैक काट कर उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं से की गई। इस अवसर पर उपस्थित माननीय सांसद दिनेश चंद्र यादव ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने अपने 73 वे वसंत में भी निःस्वार्थ रूप से जनमानस की सेवा में लगे हुए हैं। बिहार में मुख्य मंत्री के सेवा भाव का यदि इतिहास गाढ़ा जायेगा तो माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का नाम आगे रहेगा। जो बिना जाति धर्म के हर एक के लिए न्याय के साथ काम कर रहे हैं।ऐसे मुख्यमंत्री के दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं।आज तो कुछ लोग बिना सेवा के ही मेवा पाना चाहते हैं।लेकिन नीतीश कुमार के लिए सेवा ही धर्म है।जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अति पिछड़ा समाज के लिए प्रेरणा के श्रोत है। वे जो संकल्प लेते हैं कर के दिखाते हैं। उन्ही के संकल्प से आज पिछड़ा अति पिछड़ा, अनुसूचित वर्ग के लोग मुखिया, प्रमुख, आदि जन प्रतिनिधि बन राज काज में भागीदार हो रहे हैं।आज जो लोग कह रहे हैं कि जदयू और नीतीश कुमार कुछ दिन बाद समाप्त हो जायेगी वैसे लोग अपने गिरेबान में झांके। अति पिछड़ा समाज के लोग स्वस्थ मानसिकता के साथ मजबूती से नीतीश कुमार के साथ खरा है। अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष देवेंद्र देव ने कहा कि भले ही प्रकोष्ठ अति पिछड़ा है लेकिन इसमें काम करने वाले सभी उच्च विचार के है और नीतीश कुमार के विजन से ओत प्रोत है।जिला प्रभारी जीवनेशवर साह ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के लिए वरदान हैं । न्याय के साथ सब के लिए काम करना उनकी नियति है।इस अवसर पर उपस्थित रहे पूर्व विधायक अरुण कुमार यादव, राजकुमार साह,आनंदी मेहता, नरनाथ मंडल हरदेव मुखिया संजय विश्वास, राकेश कुमार मंडल, सुशील कुमार यादव पिंकू मंडल ,हरी शंकर सिंह, अर्जुन ठाकुर, विजेंद्र शर्मा टुनटुन शर्मा, दिलीप साह,संजय मिस्त्री उपेंद्र राय भरत राय कमल नारायण गुप्ता मोहिउद्दीन राईन प्रह्लाद रमन विनय यादव महेंद्र राय मिथल साह चंद्रडीप राय कैलाश साह मोहन दास आकाश कुमार सीमा गुप्ता स्मिता सिन्हा अंजली जायसवाल,अनिला चौधरी,अमर यादव रंजित कुमार बबलू मानवेंद्र ठाकुर हरिनारायण यादव ,मुकेश शर्मा संजीत कुमार,संत कुमार, मस्तान मंडल, राजेश मंडल रंजन प्रसाद विद्यानंद कुमार आदि।

# एसपी ने मुरलीगंज थाना का किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने शुक्रवार को मुरलीगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे एसपी ने प्रभारी थानाध्यक्ष से लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने निरीक्षण के दौरान हरसंभव विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया। थाना परिसर में आधे घंटे से अधिक तक रुके एसपी ने हर बिंदु पर गहनता से जांच-पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम थाना जा के वहां की स्थिति से अवगत हो रहे हैं। पुलिस कर्मियों को क्या दिक्कतें आ रही है सब बात की जानकारी ली जा रही है। मैंने निर्देश दिया है कि थाना में जो भी व्यक्ति किसी समस्या को लेकर आते हैं आधे घंटे में उसका समाधान करने की कोशिश की जाय। कोई भी अगर एफआईआर करवाने आते हैं तो आधे घंटे के अंदर उसका एफआईआर दर्ज कर उसको एफआईआर की कॉपी व रिसिविंग दी जाएगी। ये भी थानाध्यक्ष शिकायतकर्ता को बताएंगे कि क्या कार्रवाई हुई या क्या नहीं हुई अगर संज्ञय अपराध है तो थानाध्यक्ष वरीय अधिकारियों को सूचित करेंगे। वहीं उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। विभिन्न बिंदुओं पर जांच-पड़ताल के बाद अन्य थानों के निरीक्षण के लिए निकल गये।

# गरीब लोगों को एक रुपये में भोजन हर रोज कराया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। सदर हॉस्पिटल सहरसा में नागेश्वर बिमला फाउंडेशन के तत्वावधान में गरीब लोगो को एक रुपये में भोजन हर रोज कराया जाएगा जिसका उद्घाटन आज भाजपा के झंझारपुर के लोकसभा प्रभारी नीरज कुमार गुप्ता,निगम पार्षद दस के प्रतिनिधि कामेश ा साह, निगम के सीटी मैनेजर आनंद कुमार,प्रदेश भाजपा के डॉ अभिषेक बर्धन, जाप नेता नूनू यादव में संयुक्त रूप से किया।इस मौके पर नीरज गुप्ता में कहा कि एक इंसान के रूप में भी हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे आसपास कोई भी भूखा न सोए। इस फाउंडेशन का उद्देश्य न केवल लोगों को पेट भरना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें उचित पोषण युक्त खाना मिले।उनका कहना है कि यह रसोई सिर्फ गरीबों के लिए नहीं, बल्कि सभी जरूरतमंदों को खाना खिलाने के लिए है।रोटी इंसान की सबसे बड़ी जरुरत होती है। दो वक्त की रोटी के लिए इंसान सुबह से उठकर रात तक भागता फिरता है। वहीं, किसी के पास इतना भोजन होता है कि वह खाने के बाद बचे अन्न को बाहर फेंक देता है। ऐसे में यदि आज ये फाउंडेशन के माध्यम से आज फाउंडेशन के व्यवस्थापक मनीष गुप्ता और उनके पिता अरुण गुप्ता ने भूखे जरूरतमंद को सम्मान के साथ भोजन करा रहे है तो वह व्यक्ति उस जरूरतमंद के लिए किसी फरिश्ते या देवदूत से कम नहीं है।निगम पार्षद प्रतिनिधि कामेश साह ने बताया कि सदर अस्पताल में जो मरीज आते हैं और उनके साथ परिवार आते हैं. उनके लिए भी फाउंडेशन द्वारा अस्पताल तक खाना भिजवाया जाता है,जो की प्रत्येक दिन के एक बजे यहाँ लगाया जाएगा।इस मौके पर श्याम दास,बबीता गुप्ता,संजय यादव,जय राज कुमार आर्य,उदय कृष्ण साह,जय नारायण गुप्ता,रमेश यादव,अनिल दास ,मन्नु रजक,पीयूष रजक,पवन रजक,आशीष सिंह,मो जमाल,संतोष साह मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

चौसा(मधेपुरा) चौसा प्रखंड अंतर्गत किसान भवन के सभागार में दिनाक 1से 5 मार्च तक पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से बकरी पालन विशेषज्ञ संतोष कुमार के द्वारा किसानों को बकरी पालन के महत्व को विस्तार पूर्वक किसानों के बीच बताया गया ।कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार यादव एवं उप प्रमुख श्रीमती शीला दीक्षित के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ की ।श्री मिथिलेश कुमार यादव ने कहा कि बकरी पालन आज के अर्थ युग में दूसरा एटीएम कार्ड है ।व्यावसायिक और योजना बंद तरीके से बकरी पालन रोजगार की दिशा में बेहत्तर विकल्प बनाया जा सकता है ।ग्रामीण महिलाएं इसे अपने जेवर से भी ज्यादा नगदी मानती है ।इसलिए बकरी को गरीबों का एटीएम माना जाता है ।वही उप प्रमुख शीला दीक्षित ने कहा कि बकरी पालन से गरीब किसानों के बीच समृद्धि आती है ।वहीं प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि जनरल सिंह ने बताया कि चौसा प्रखंड के 80% किसान परिवार निवास करते हैं और खासकर बकरी पालन करके अपने जीविका को समृद्ध करने का काम करती है ।इसलिए तकनीकी रूप से जानकारी जरूरी है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से यहां के किसान समृद्ध होंगे। वहीं पैक्स अध्यक्ष मोहम्मद कलीमुद्दीन ने कहा कि हम सबों के लिए इस तरह का प्रशिक्षण प्रखंड में आयोजित करके, यहां के किसानों के लिए विकास का सतत मार्ग की ओर ले जाने में मददगार हो सकती है। इसलिए विभाग एवं सरकार से अपेक्षा रखते हैं कि चौसा प्रखंड में विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण किसानों के बीच होना अति आवश्यक है ।जिससे यहां के किसान स्वारोजगार व स्वावलंबी बन सकेंगे। वहीं प्रशिक्षक संतोष कुमार ने बताया कि बकरी को गरीबों का एटीएम कार्ड भी कहा जाता है, गांधी जी सिर्फ बकरी का दूध पिया करते थे बल्कि बकरी को गरीबों का गाय भी मानते भी थे। यही कारण है कि बकरी के छोटे से छोटे उत्पादन भी बेचने के लिए बाजार नहीं जाते बल्कि बाजार ही उसके दरवाजे पर आता है ।बात रोजगार की हो तो देश में बेरोजगारी एक चुनौती है ।जिसमें बिहार की समस्या तो और जटिल है। क्योंकि एक तरफ उद्योग एवं कल खलखानों की विकास नहीं होने से गरीब तीन चौथाई आबादी मुख्य रूप से कृषि पर ही निर्भर है ।इसलिए कम लागत में अधिक आमदनी के लिहाज से बकरी पालन को काफी उपयुक्त माना जा सकता है। यदि व्यावसायिक और योजनाबध्य तरीके से बकरी पालन किया जाए तो इसे रोजगार की दिशा में बेहतर विकल्प माना जा सकता है। यही कारण है बिहार सरकार बकरी पालन के लिए60% तक अनुदान दे रही है ।इस मौके पर कृषि समन्वयक अंबुज कुमार , कृषिकर्मी राजीव कुमार चौधरी ,कुंज बिहारी शास्त्री , कुंदन कुमार,पंकज कुमार , बकरी पालन कृषक अमृता कुमारी पूनम देवी ,पूजा भारती, उषा देवी , सुभा देवी, मीना देवी, रणधीर कुमार ,पंकज पासवान ,कृष्ण कुमार ,अमर ज्योति कुमार आदि प्रशिक्षण में मौजूद थे।

# अवैध खनन व भंडारण को लेकर नियमित करें छापेमारी : उपविकास



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुराः जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक गुरूवार को उप विकास आयुक्त, अवधेश कुमार आनंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सहायक निदेशक, खान एवं भूतत्व ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभाग द्वारा 1892.98 लाख रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें 28 फरवरी तक कुल 1643.01 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। जो निर्धारित लक्ष्य का 86.79 प्रतिशत है। जिले के विभिन्न कार्य विभागों से प्राप्त रायल्टी एवं मालिकाना फीस की वसूली पर सहायक निदेशक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्य विभाग मद में अभी तक कुल-1402.73 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। इस डीडीसी ने सभी कार्य विभागों को निर्देश दिया कि अपने अधीन संचालित योजनाओं में संवेदकों के विपत्र से विभागीय नियमानुसार रायल्टी एवं मालिकाना फीस की कटौती कर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला खनन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। वहीं सहायक निदेशक को निर्देश दिया गया कि सभी कार्य विभागों से समन्वय स्थापित कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित योजनाओं के बावत रायलटी एवं मालिकाना फीस की वसूली सुनिश्चित करेगें। अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर उप विकास आयुक्त ने बैठक में उपस्थित सहायक निदेशक व खान निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के दृष्टिकोण के क्षेत्रों पर नियमति रुप से छापेमारी करना सुनिश्चित करेगें तथा अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों व वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज दंड की वसूली करें।

# विज्ञान दिवस के मौके पर विभिन्न विद्यालय में क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। किलकारी बिहार बाल भवन के द्वारा विज्ञान दिवस के अवसर पर पिछले एक सप्ताह से शहर के विभिन्न विद्यालय में क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही किलकारी के प्रांगण में 25 फरवरी को निबंध एवं प्रश्न लेखन प्रतियोगिता 27 फरवरी को वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता एवं 28 फरवरी को प्रोजेक्ट एवं चित्रकला प्रदर्शनी के साथ-साथ समापन समारोह में पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को विज्ञान दिवस के अवसर पर नाट्य प्रशिक्षक सह निर्देशक कुन्दन वर्मा के संचालन में मंडन भारती कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुणिमा कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, डॉ. कुमारी ने अपने संबोधन में बच्चों



को मार्गदर्शन देते हुए कहा की अपने अंदर की बचपना हर उम्र तक जिंदा रखनी चाहिए, अगर आपकी बचपना जिंदा है

तो आप कभी तन से कमजोर नहीं होंगे और आपमें हर वक्त कुछ नया निर्माण करने की जज्बा पैदा होती रहेगी। सी.पी.सी. राहुल कुमार मिश्रा ने स्वागत संबोधन करते हुए कहा कि किलकारी बिहार बाल भवन शिक्षा विभाग बिहार सरकार द्वारा स्थापित एक ऐसी संस्थान है जहा बच्चों के सार्वांगिक विकास के लिए प्रयंत रहती है, यहां बच्चों को निःशुल्क नृत्य, नाटक, गायन, वादन, चित्रकला, हस्तकला, मूर्तिकला, कराटा आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। वही सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मीरा कुमारी व सहायक लेखा पदाधिकारी विश्व विजय झा ने भी बच्चों को संबोधित किया। विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रदर्शनी के निर्णायक, मंडल भारती कृषि महाविद्यालय के सहायक नियंत्रक विनोद कुमार झा एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के गेस्ट टीचर ई. पप्पू कुमार के किया, इस मौके पर किलकारी के सी.आर.पी. सोनम कुमारी, नामांकन प्रभारी मौसमी कुमारी, नाटक प्रशिक्षक कुन्दन वर्मा, चित्रकला प्रशिक्षक अन्नू गुप्ता, गायन प्रशिक्षक रीना कुमारी, नृत्य प्रशिक्षक तान्या सिंह, तबला प्रशिक्षक विभाष कुमार, कराटा प्रशिक्षक राम कुमार, रतन कुमार, रौशनी कुमारी, त्रिशीर कुमार, पुरषोत्तम कुमार, पंकज कुमार, कृषि अभियंत्रण के सहायक प्राध्यापक महेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे

# एनसीसी गर्ल्स बटालियन को खिलाई गई फाइलेरियारोधी दवा




- विश्व विकलांगता कारणों में फाइलेरिया दूसरे स्थान पर
- फाइलेरिया से बचने के लिए दवा सेवन सबसे सुरक्षित और सरल
- आने वाली पीढ़ी हो फाइलेरिया मुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। आने वाली पीढ़ी को फाइलेरिया मुक्त करने के लिए सरकार द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाकर 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती माताओं एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर शेष सभी को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा रहा है। लाइलाज बीमारी फाइलेरिया से बचने का यह एक सरल और सुरक्षित तरीका है। जिसके तहत लोगों को उनके उम्र की हिसाब से डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की निश्चित खुराक खलायी जाती है। फाइलेरिया जिसे हम हाथीपांव के नाम से भी जानते हैं का शिकार हो जाने से लोग जीवन भर के लिए अपाहिज हो जाते हैं। आंकड़ों की माने तो विश्व विकलांगता में फाइलेरिया से हुए विकलांगों की दूसरी सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। महिला कॉलेज में एनसीसी कैडटों को खिलाई गया दवा जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डा. रविन्द्र कुमार ने बताया सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत एनसीसी के गर्ल्स कैडटों को स्थानीय रमेश झा महिला महाविद्यालय में कैम्प लगाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। उन्होंने बताया एनसीसी कैडटों का शारीरिक दक्षता फाइलेरिया से बाधित न होने पाये, इसके लिए उन्हें फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए दवा का सेवन करायी गयी। एनसीसी 4 बिहार गर्ल्स बटालियन को खिलाई गयी दवा स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्था पिरामल हेल्थ के सहयोग से संचालित कैम्प में पिरामल हेल्थ जिला कार्यकर्त्ता नासरिन ने बताया इस कैम्प एनसीसी कैडटों को फाइलेरिया मुक्त रखना जरूरी है ताकि वे आगे चलकर उनकी शारीरिक दक्षता फाइलेरिया के कारण प्रभावित न होने पाये। इस मौके पर रमेश झा महिला कॉलेज के एनसीसी केयर टेकर डा. पूजा कुमारी, एनसीसी के कर्नल रणधीर सतीश कुमार, नायब सुबेदार श्यामबाबु शर्मा, पिरामल हेल्थ के पंकज कुमार एवं अखिलेश कुमार मौजूद रहे

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्वमित्र भारत की कल्पना साकार हो रही है :दिवाकर सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा। भारतीय जनता पार्टी सहरसा के जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं और कार्यो की विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने कहा कि 2014 में संकल्प पत्र में शामिल 530 में से 529 यानी 99.99 प्रतिशत जनाकांक्षाएं की गई पूरी। इसी प्रकार 2019 में भाजपा के संकल्प पत्र में शामिल 234 में से 222 यानी 95 फीसदी वायदें किए गए पूरे। भाजपा के लिए संकल्प पत्र केवल चुनावी रस्मअदायगी नहीं बल्कि जनाकांक्षाओं को पूरा करने के संकल्प का दस्तावेज होता है। आगे दिवाकर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है, वीडियो वैन के जरिये इस बार प्रदेश के सभी 40 लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा जनता के बीच जाएगी और उनसे संवाद करके उनका सुझाव लेगी। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर सोमवार, 26 फरवरी, 2024 को अपना संकल्प पत्र सुझाव अभियान लांच कर दिया है। इसके तहत भाजपा की वीडियो वैन लोगों के बीच जाएगी और 15 मार्च तक 1 करोड़ से अधिक सुझाव लेकर आएगी जिन्हें भाजपा अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। इसके साथ ही ये वैन भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों और भारत को एक विकसित देश बनाने के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से भी जनता को अवगत करायेगी। साथ ही भाजपा देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से लोगों को मोदी सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देगी। इस अभियान के दौरान नमो ऐप से सुझाव देने की प्रक्रिया बताई जाएगी। राज्य के अधिकांश हिस्सों में वीडियो वैन के माध्यम से लगभग 250 स्थानों पर हम समाज के विभिन्न कलाकारों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी अपने संकल्प पत्र में समावेश करेंगे। इसके अलावा मिस्ड कॉल से भी सुझाव प्राप्त किये जायेंगे इसके लिए भाजपा द्वारा एक विशेष नंबर 9090902024 जारी किया गया है। इसके अलावा नमो ऐप में एक अलग सेक्शन है, जिसके बारे में विस्तृत जानकारी भी वीडियो वैन के माध्यम से दी जाएगी। विकसित भारतह्न, ह्रआत्मनिर्भर भारतह्न और विश्वामित्र भारत का निर्माण 2014 से पहले कल्पना से परे था, लेकिन आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व में ये सपने हकीकत में बदल रहे हैं। आजादी के इस अमृत काल में भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। 2024 लोकसभा चुनाव के पहले देश विकास की एक लंबी छलांग लगाए, इसके लिए जनता से सुझाव एकत्रित किए जायेंगे। ह्रविकसित भारत-मोदी की गारंटीह्न रथ के माध्यम से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किए गए गरीब, महिला, किसान और युवाओं के कल्याण और विकास कार्यों को सभी लोकसभा क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा। वीडियो वैन जनता से सुझाव मांगने के साथ-साथ, लोगों को पार्टी से भी जोड़ने का कार्य करेगी। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि जनता की आकांक्षाएं पार्टी तक पहुंचे और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अगले 5 वर्षों में हमारी सरकार उन जन-आकांक्षाओं को पूरा करे। आगे जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा कि भाजपा व्हाट्सप्प, ट्विटर, वॉयस मैसेज, आईवीआर के द्वारा मैसेज पहुंचाने की भी सुविधा प्रदान करेगी। नमो एप के जरिए भी जनताअपने सुझाव दे सकती है।

# ईस्ट एन वेस्ट में फ्रेशर्स पार्टी आज

सहरसा।पटुआहा स्थित ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आज बीएड व डीएलएड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों का आज फ्रेशर्स पार्टी आयोजित किया गया है। हर साल की तरह इस बार भी इस आयोजन पर बीएड व डीएलएड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों के बीच मिस्टर एन्ड मिस ईस्ट एन वेस्ट के किताब को लेकर कैट वॉक, सिंगिग, डांसिंग के साथ साथ प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन विशिष्ट अतिथि के रुप में भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की सीनेट सदस्या सह महाविद्यालय की निदेशिका मनीषा रंजन के साथ साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंग। बीएड विभाग के नव आगंतुक छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका के फ्रेशर्स पार्टी आयोजन को लेकर महाविद्यालय के बीएड सिनियर छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका जहां कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे है वहीं जूनियर छात्राध्यापकों के बीच मिस्टर एन मिस्टर ईस्ट एन वेस्ट के किताब को हासिंल करने के लिए एक सप्ताह से सभी अपनी अपनी तैयारी में लग बेहतर प्रदर्शन हेतु दिन रात मेहनत कों अंतिम रुप देने लगे है।

## सम्पादकीय

# कानून का भय ही नहीं!

आखिर देश में कानून और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का यह हाल क्यों हो गया है कि एक कंपनी उसकी तनिक परवाह नहीं करती? क्या इसका कारण गुजरे वर्षों में हुई बड़ी परिघटनाएं नहीं हैं, जिनमें कानून के राज की धज्जियां उड़ाई गई हैं? सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही इस वजह से शुरू की है कि इस कंपनी ने उसके पहले के आदेश का पालन नहीं किया। कोर्ट ने अपनी दवाओं के बारे में मीडिया में भ्रामक विज्ञापन देने से उसे मना किया था। लेकिन कंपनी ने कोर्ट में हलफनामा देने के बावजूद उसकी परवाह नहीं की। जैसाकि कि दो जजों की पीठ ने कहा, यह कंपनी अपने इश्तहार में औषधि एवं जादू-टोना उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम-1954 का उल्लंघन कर रही है। ऐसा खुलेआम चल रहा है और केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। न्यायालय ने इस पर आक्रोश जताया। आयुष मंत्रालय से कहा, सारे देश की आंख में धूल झोंकी गई है। और आपने अपनी आंख बंद कर रखी है। दो साल से आप इस महत्त्वपूर्ण घटना (यानी न्यायिक आदेश) का इंतजार कर रहे हैं, जबकि औषधि कानून से खुद यह स्पष्ट है कि ऐसे विज्ञापन प्रतिबंधित हैं। यह मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट ले गया है। अब एक बार फिर से कोर्ट ने प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ऐसे विज्ञापनों के प्रकाशन या प्रसारण पर रोक लगाने को कहा है। मगर इस क्रम में यह विचारणीय है कि आखिर देश में कानून और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का यह हाल क्यों हो गया है कि एक कंपनी उसकी तनिक परवाह नहीं करती? क्या इसका कारण गुजरे वर्षों में हुई बड़ी परिघटनाएं नहीं हैं, जिनमें खुद सत्ता-तंत्र के ऊंचे स्तरों पर बैठे लोगों के संरक्षण में कानून के राज की धज्जियां उड़ाई गई हैं? जब एक स्तर पर ऐसी घटना होती है और सरकार से लेकर न्यायपालिका तक उसकी परवाह नहीं करतीं, तो फिर सबको यही संदेश जाता है कि कानून सबके लिए समान नहीं है, ना ही यह सबसे ऊपर है। पतंजलि आयुर्वेद जैसी कंपनियां धन और सत्ता-तंत्र तक पहुंच के लिहाज से प्रभावशाली मानी जाती हैं। ऐसे में अगर उसके अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनादर किया, तो उसे आज के व्यापक संदर्भ में रखकर ही देखा जाएगा। उस संदर्भ में जिसमें रसूखदार लोग खुद को कानून से ऊपर समझने लगे हैं।

# दांव-पेच और जोड़-तोड़

खेला करने की सियासत से अधिकांश पार्टियों को गुरेज नहीं रह गया है। अब तो यह हाल है कि जो इसमें ज्यादा कारगर होता है, मीडिया और विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग भी उससे मोहित होकर उसका गुणगान करने लगता है। बात नई नहीं है, लेकिन अब बहुत बदरूप ढंग ले चुकी है। अक्सर राज्यसभा चुनावों के दौरान इसका नंगा नाच देखने को मिलता है।इस दौरान की खरीद-फरोख्त को पार्टियों ने अपनी शक्ति और सियासी कौशल के प्रदर्शन का प्रतीक बना लिया है। अब तो यह हाल है कि जो इसमें ज्यादा कारगर होता है, मीडिया और विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग भी उससे मोहित होकर उसका गुणगान करने लगता है। चूंकि खेला करने की सियासत से अधिकांश पार्टियों को गुरेज नहीं रह गया है, इसलिए इस हमाम में सभी नंगे नजर आते हैं। मसलन, मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के समय हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार में भारतीय जनता पार्टी ने अपने इस कौशल का परिचय दिया, तो कर्नाटक में कांग्रेस इसमें भारी पड़ी। ज्यादा वक्त नहीं गुजरा है, जब बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने खेला कर दिखाने का एलान किया था, हालांकि असल वक्त आने पर खुद उनकी पार्टी के साथ खेला हो गया। बहरहाल, जब कोई चलन इतना बेपर्द रूप ले चुका हो, तो यह जरूरी हो जाता है कि उसे संचालित करने वाली परदे के पीछे की परिघटना को समझने की कोशिश की जाए। तो अगर हम गौर करें, तो यह साफ होने में देर नहीं लगती कि जिस लोकतंत्र पर हम गर्व करते हैं, वह धीरे-धीरे धनिकतंत्र या अभिजात्य-तंत्र में तब्दील हो चुका है। जो राजनीतिक पार्टियां हैं, वे असल में देश के छोटे से प्रभु वर्ग के हितों का प्रतिनिधित्व करने लगी हैं। अगर गौर से देखें, तो यह साफ होगा कि इन दलों के बीच होड़ प्रभु वर्ग का भरोसा हासिल करने की होड़ लगी हुई है। फिलहाल यह भरोसा पार्टियों की चुनाव जीत सकने की क्षमता के आधार पर मिलता है। तो दलों के बीच धर्म, जाति या क्षेत्र के आधार पर भावनाएं भड़का कर जीत सकने की क्षमता दिखाने की होड़ लगी है। प्रभु वर्ग इसी क्षमता के अनुपात में पार्टियों को राज का प्रबंधन करने के संसाधन वह उपलब्ध कराता है। मगर इस क्रम में निष्ठा, आदर्श, राजनीतिक नैतिकता और लोकतांत्रिक मयार्दाओं की बलि चढ़ गई है।

# जान बचाने वाले को बुलडोजर का इनाम

गरीबों पर अन्याय का चाबुक और न्याय के नाम पर बुलडोजर भाजपा के शासनकाल की खासियत बन चुकी है। इसकी ताजा मिसाल दिल्ली से सामने आई है, जहां दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए ने अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ गरीबों के घरों को बुलडोजर से रौंद दिया है। इन घरों में एक घर वकील हसन का भी है, जो चार महीने पहले सिलक्यारा सुरंग में मजदूरों को बचाने के कारण स्टार बन चुके थे, लेकिन फिलहाल वे सड़कों पर फाकाकशी को मजबूर कर दिए गए हैं। याद दिला दें कि 12 नवंबर को उत्तराखंड के सिलक्यारा में बन रही सुरंग का एक हिस्सा धंस गया था, जिसमें 41 मजदूर फंस गए थे। इन मजदूरों को निकालने के लिए विदेशों से मशीन मंगाने से लेकर सुरंग के मुंह पर मंदिर बनाने तक सारे जतन किए गए थे, लेकिन आखिरकार मजदूरों को बचाने का काम रैट माइनर्स ने किया था। चूहों की तरह जमीन खोदने की तकनीक पर रैट माइनर्स ने 21 घंटों तक बिना रुके 10-12 मीटर गहराई तक जमीन को हाथों से खोदा, मलबे को निकाला और तब जाकर 17 दिनों बाद 41 मजदूरों की जान बच सकी। अगर रैट माइनर्स अपनी जान जोखिम में डालकर अथक परिश्रम नहीं करते तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। देश पर औद्योगिक हादसे का एक और कलंक लग सकता था। लेकिन रैट माइनर्स ने इन सबसे भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बचा लिया। इन रैट माइनर्स को 41 मजदूरों की जान बचाने के एवज में 50-50 हजार रुपए दिए गए, मजदूरों के बाहर आते ही प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से उनसे बात की, रैट माइनर्स को कुछ दिनों तक मीडिया के जरिए नायक बनाया गया, कुछ नेताओं ने उनके साथ तस्वीरें उतरवाईं ताकि चुनाव में उसका लाभ मिल सके और महीने भर के भीतर न किसी को सिलक्यारा परियोजना में हुई गलतियों की याद रही न उस गलती में जिंदगियों को बचाने वालों की। शायद इसलिए नियमों और कानूनों का हवाला देते हुए गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने वाले डीडीए ने वकील हसन के घर पर बुलडोजर चलाने में झिझक नहीं दिखाई। डीडीए का अतिक्रमण विरोधी ताजा अभियान खजूरीखास इलाके में चला है। प्राधिकरण का कहना है कि वहां घर अवैध तरीके से बने हुए थे और इनमें अनियमितताएं थीं। यह सही है कि प्राधिकरण को शहर की संरचनात्मक व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध निर्माण की समस्या से अक्सर जूझना पड़ता है। कहीं राजनैतिक दखल, कहीं धार्मिक मुद्दा बनाकर मनमाने निर्माण कार्य होते हैं। जनसंख्या के बढ़ते दबाव और शहर नियोजन में कमियों के कारण भी व्यवस्था बिगड़ती है। इसमें सख्ती से निपटने से ही खामियों को दुरुस्त किया जा सकता है। लेकिन क्या बरसों की खामियां महज बुलडोजर चलाने से दूर हो सकती है, यह विचारणीय है। गरीब अगर किसी अनाधिकृत जगह पर अपनी झुग्गी बसाते हैं, तो वह मजबूरी में ऐसा करते हैं, क्योंकि सरकार उनके लिए मकान जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने में असफल रहती है, जबकि अमीर अक्सर अपनी संपत्ति और संपर्कों का रौब दिखाकर जरूरत से ज्यादा जगह घेर लेते हैं। उनके अवैध निर्माण को अगर गिरा भी दिया जाए, तो उनके सामने बेघर होने का संकट नहीं होता। लेकिन गरीब की झुग्गी अगर तोड़ी जाए, तो उसके पास छत के नाम पर आसमान ही रह जाता है, जो सरासर जीने के संविधान प्रदत्त अधिकार का उल्लंघन है। इसलिए एक अहम सवाल यह भी है कि क्या सरकार की गलती की सजा गरीबों को दी जानी चाहिए। उनके अवैध निर्माण को तोड़ने से पहले उनके लिए घर का इंतजाम नहीं होना चाहिए। चूंकि इस बार बुलडोजर का शिकार वकील हसन हुए हैं, इसलिए यह मामला सुर्खियों में आया और भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने यह आश्वासन दिया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिया जाएगा। लेकिन क्या भाजपा इस सवाल का जवाब देगी कि वकील हसन के घर बुलडोजर चलाने के अलावा उनके परिवार को थाने ले जाकर किस जुर्म की सजा दी गई।

# आमने सामने का चुनाव मैदान सजा!

**जहां गठबंधन नहीं है वहां भी कोई त्रिकोणात्मक मुकाबला होता नहीं दिख रहा है। विपक्षी गठबंधन ने आमने सामने चुनाव की तैयारी वोट के गणित के आधार पर की है। पिछले चुनाव में भाजपा को 37 फीसदी वोट मिले थे और तमाम सहयोगियों को मिला कर उसका वोट 40 फीसदी पहुंचा था। इसका मतलब था कि 60 फीसदी मतदाताओं ने भाजपा के खिलाफ वोट डाला था। विपक्षी गठबंधन की कोशिश इस 60 फीसदी वोट का 70 फीसदी हासिल करना है। अगर ऐसा हो जाता है तो उसका वोट भाजपा से ज्यादा हो जाएगा। तभी दूसरी ओर भाजपा ने सबसे ज्याद वोट हासिल करके 272 का जादुई आंकड़ा पार करने की बजाय 50 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करके 370 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के लिए चार सौ सीटें हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। अब तक हुए लोकसभा के 17 चुनावों में चार सौ सीट तो एक बार कांग्रेस पार्टी को हासिल हो चुकी है लेकिन किसी पार्टी को 50 फीसदी वोट नहीं मिले हैं। जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 1984 में 415 सीटें हासिल की थीं, तब भी कांग्रेस को 48 फीसदी ही वोट मिले थे। नरेंद्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री 2019 में 303 सीटें और 37 फीसदी वोट मिले थे। इस बार वे 50 फीसदी वोट हासिल करने का लक्ष्य लेकर लड़ रहे हैं तो दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन बिखरे हुए विपक्षी वोट को एकजुट करने और उसका बड़ा हिस्सा हासिल करने की तैयारी के साथ चुनाव लड़ रहा है। ध्यान रहे इससे पहले जब भी आमने सामने का चुनाव हुआ है तब सत्तारूढ़ दल की हार हुई है। पहली बार 1977 में और दूसरी बार 1989 में यह देखने को मिला था। तभी इस बार का लोकसभा चुनाव बहुत अहम होने वाला है।**



**अजीत द्विवेदी-**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**



देश में आमने सामने के चुनाव का मैदान सज गया है। कई दशक के बाद पहली बार यह होता दिख रहा है कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला होगा और राज्यों में भी लोकसभा का चुनाव आमने सामने का होगा। जहां गठबंधन नहीं है वहां भी कोई त्रिकोणात्मक मुकाबला होता नहीं दिख रहा है। विपक्षी गठबंधन ने आमने सामने चुनाव की तैयारी वोट के गणित के आधार पर की है। पिछले चुनाव में भाजपा को 37 फीसदी वोट मिले थे और तमाम सहयोगियों को मिला कर उसका वोट 40 फीसदी पहुंचा था। इसका मतलब था कि 60 फीसदी मतदाताओं ने भाजपा के खिलाफ वोट डाला था। विपक्षी गठबंधन की कोशिश इस 60 फीसदी वोट का 70 फीसदी हासिल करना है। अगर ऐसा हो जाता है तो उसका वोट भाजपा से ज्यादा हो जाएगा। तभी दूसरी ओर भाजपा ने सबसे ज्याद वोट हासिल करके 272 का जादुई आंकड़ा पार करने की बजाय 50 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करके 370 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के लिए चार सौ सीटें हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। अब तक हुए लोकसभा के 17 चुनावों में चार सौ सीट तो एक बार कांग्रेस पार्टी को हासिल हो चुकी है लेकिन किसी पार्टी को 50 फीसदी वोट नहीं मिले हैं। जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 1984 में 415 सीटें हासिल की थीं, तब भी कांग्रेस को 48 फीसदी ही वोट मिले थे। नरेंद्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री 2019 में 303 सीटें और 37 फीसदी वोट मिले थे। इस बार वे 50 फीसदी वोट हासिल करने का लक्ष्य लेकर लड़ रहे हैं तो दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन बिखरे हुए विपक्षी वोट को एकजुट करने और उसका बड़ा हिस्सा हासिल करने की तैयारी के साथ चुनाव लड़ रहा है। ध्यान रहे इससे पहले जब भी आमने सामने का चुनाव हुआ है तब सत्तारुढ़ दल की हार हुई है। पहली बार 1977 में और दूसरी बार 1989 में यह देखने को मिला था। तभी इस बार का लोकसभा चुनाव बहुत अहम होने वाला है। इसमें यह तय होगा कि विपक्ष एकजुट होकर भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को हरा पाएगा नहीं और इतने ध्रुवीकरण के बाद कोई गठबंधन 50 फीसदी वोट हासिल कर पाता है या नहीं? कई जानकार मान रहे हैं कि इस बार विपक्ष का वैसा गठबंधन नहीं है, जैसा 1977 में था या जिस तरह का गठबंधन 1989 में था। लेकिन ऐसा नहीं है। इस बार भी विपक्षी पार्टियों ने आमने सामने की लड़ाई का गठबंधन बना लिया है और जहां गठबंधन बना हुआ नहीं दिख रहा है वहां उसे जान बूझकर छोड़ा गया है। यानी गठबंधन को उसी तरह से डिजाइन किया गया है। वहां भी मुकाबले आमने सामने का ही होगा। तीन राज्य अपवाद हैं, जहां त्रिकोणात्मक मुकाबले की संभावना फिलहाल दिख रही है। पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मुकाबला होगा, जिसमें तीसरा कोण अकाली दल और भाजपा की वजह से बनेगा। इसी तरह आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस बनाम टीडीपी गठबंधन का मुकाबला होगा, जिसमें तीसरा कोण बनने की कोशिश कांग्रेस कर रही है। तीसरा राज्य तेलंगाना है, जहां कांग्रेस और केसीआर की पार्टी का मुकाबला होगा, जिसमे भाजपा तीसरा कोण बनेगी। इसके अलावा तीन राज्य ऐसे हैं, जहां तीसरी पार्टी लड़ेगी लेकिन मुकाबला त्रिकोणात्मक नहीं होगा। केरल में लेफ्ट और कांग्रेस मोर्चे का आमने सामने का मुकाबला है। भाजपा अकेले लड़ेगी लेकिन वह लड़ाई को त्रिकोणात्मक नहीं बना पाएगी। इसी तरह पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा की लड़ाई होगी, जिसमें अगर कांग्रेस अलग भी रही तो वह और लेफ्ट मिल कर तीसरा कोण नहीं बन पाएंगे। केरल और पश्चिम बंगाल में मुकाबला आमने सामने का ही होगा। ओडिशा में मुकाबला बीजू जनता दल बनाम भाजपा है, जबकि कांग्रेस तीसरा कोण बनाने की कोशिश करेगी। कह सकते हैं कि देश की 543 लोकसभा सीटों में से साढ़े चार सौ से ज्यादा सीटों पर आमने सामने की लड़ाई होनी है। आमने सामने की लड़ाई यानी भाजपा के एक उम्मीदवार के मुकाबले विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारने के सिद्धांत पर पिछले साल मई में चर्चा हुई थी और सहमति भी बनी थी। लेकिन बाद में ऐसा लगा कि विपक्ष की यह रणनीति कागजी बन कर रह जाएगी क्योंकि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में चुनाव हार गई और उसके बाद विपक्षी गठबंधन के मुख्य नेता नीतीश कुमार अलग होकर वापस एनडीए में चले गए।

# अकबर हों या शाहजहां, कोई नहीं बचेगा....

**मेरी बात समझने के लिए आपको एक साथ अनेक खबरों को जोड़कर देखना होगा। पहली खबर डबल इंजन से चलने वाले उत्तर प्रदेश से बनती है। आपको पता है कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर संस्कृति है। यूपी की सरकार को अकबर के नाम से ही चिढ है। दुर्भाग्य से लखनऊ के कुकरैल नदी के किनारे बसी एक अवैध बस्ती का नाम अकबरनगर है। यहां 1068 से ज्यादा अवैध मकान और 50 से अधिक दुकानें बनी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इस कुकरैल नदी पर रिवरफ्रंट बनाना चाहती है। जाहिर है कि इसके लिए अकबर नगर को नेस्तनाबूद करना जरूरी है। सरकार की उदारता के चलते अकबर नगर में रहने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए सभी को 15 लाख रुपये की कीमत वाला मकान 4 .80 लाख में दिया जा रहा है। लेकिन अकबर नगर वाले यहां से जाना नहीं चाहते। फिर भी लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने अकबरनगर में 23 बुलडोजर लगाकर दो बड़े कॉम्प्लेक्स–शोरूम ढहा दिए। इससे पहले अकबरनगर की अवैध बस्ती को गिराने की कार्रवाई दिसंबर महीने में हुई थी। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए बस्ती के लोगों को राहत दे दी थी। यहां लखनऊ के अकबर नगर में एलडीए की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एलडीए से 4 मार्च तक कार्रवाई न करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट 4 मार्च को इस मामले में अगली सुनवाई करेगा।**





**राकेश अचल-**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं)**

भारत तेजी से बदल रहा है। अब यहां एकनजर वाली सरकार अपना रंग दिखा रही है। अब देश में चाहे अकबर हों या शाजहाँ बचने वाले नहीं है। भले ही अकबर और शाहजहां को जहान से गए हुए सैकड़ों साल हो गए हैं लेकिन उनके नाम से हमारी सरकार आज भी नफरत करती है, बिदकती है। अब इस देश में रहने वाले तमाम अकबरों और शाहजहानों को केवल और केवल इस देश की अदालतों का सहारा है जो अभी भी आम आदमी को आम आदमी मानती हैं, उन्हें धर्म की नजर से नहीं देखतीं। मेरी बात समझने के लिए आपको एक साथ अनेक खबरों को जोड़कर देखना होगा। पहली खबर डबल इंजन से चलने वाले उत्तर प्रदेश से बनती है। आपको पता है कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर संस्कृति है। यूपी की सरकार को अकबर के नाम से ही चिढ है। दुर्भाग्य से लखनऊ के कुकरैल नदी के किनारे बसी एक अवैध बस्ती का नाम अकबरनगर है। यहां 1068 से ज्यादा अवैध मकान और 50 से अधिक दुकानें बनी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इस कुकरैल नदी पर रिवरफ्रंट बनाना चाहती है। जाहिर है कि इसके लिए अकबर नगर को नेस्तनाबूद करना जरूरी है। सरकार की उदारता के चलते अकबर नगर में रहने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए सभी को 15 लाख रुपये की कीमत वाला मकान 4.80 लाख में दिया जा रहा है। लेकिन अकबर नगर वाले यहां से जाना नहीं चाहते। फिर भी लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने अकबरनगर में 23 बुलडोजर लगाकर दो बड़े कॉम्प्लेक्स-शोरूम ढहा दिए। इससे पहले अकबरनगर की अवैध बस्ती को गिराने की कार्रवाई दिसंबर महीने में हुई थी। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए बस्ती के लोगों को राहत दे दी थी। यहां लखनऊ के अकबर नगर में एलडीए की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एलडीए से 4 मार्च तक कार्रवाई न करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट 4 मार्च को इस मामले में अगली सुनवाई करेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश आने के कुछ ही देर बाद एलडीए ने अपनी कार्रवाई को शुरू कर दिया है, अब यही यदि अकबर नगर न होकर रामकृष्ण नगर या दीनदयाल नगर होता तो बुलडोजर इनकी और देखते तक नहीं। दूसरी खबर है उत्तर प्रदेश के ही हापुड़ में रहने वाले अब्दुल करीम टुंडा की। अब्दुल क्रीम एक जमाने में पिलखुवा में बढ़ई का काम करता था। मुंबई में 1993 के सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा (81 वर्षीय) को गुरुवार, 29 फरवरी को अजमेर की विशेष टाडा अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। मामले के दो अन्य आरोपियों इरफान अहमद और हमीर-उल-उद्दीन उर्फ हमीदुद्दीन को टाडा कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई। सीबीआई अब्दुल करीम टुंडा के खिलाफ ठोस सबूत पेश करने में विफल रही। बंगाल के सन्देश खाली उत्पीड़न के खलनायक शाहजहां खान को भी फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ह। भाजपा पिछले कई दिनों से इसी शाहजहां खान की गिरफ्तारी को लेकर राजनीति कर रही थी। हकीकत भी है और अफसाना भी की शाहजहां हों या अकबर हमेशा भाजपा की राजनीति के स्थाई पात्र रहते हैं। संयोग कहें या दुर्भाग्य की देवभूमि उत्तराखंड में जहाँ डबल इंजिन की सरकार है वहां भी हल्द्वानी हिंसा के आरोप अकबर और शाहजहां के भाई बंधु हैं। हल्द्वानी हिंसा के कथित सूत्रधार अब्दुल मलिक है। वहां सरकार सो रही थी और मलिक भाई नोटरी पर सरकारी जमीनें बेच रहे थे वो भी भाजपा नेताओं के संरक्षण में। लेकिन दुर्भाग्य से जब हिंसा भड़की तो अब्दुल मलिक को भाजपा के नेताओं ने अनाथ छोड़ दिया, हालाँकि उनके साथ सरकारी जमीनों को खुर्दबुर्द करने से होने वाले लाभ में सभी बराबर के हिस्सेदार रहे। उत्तर प्रदेश में ज्ञानवापी का मामला भी अकबर और शाहजहां के कुनबे से ही बाबस्ता है। मुझे कभी -कभी लगता है कि हमारी एकनजर वाली सरकार अकबर और शाहजहां की 20 करोड़ आबादी का आखिर करेगी क्या? सरकारी पार्टी ने अपने यहां तो विधानसभा हो या लोकसभा या राजयसभा इन लोगों को मौका न देने का इरादा जाहिर कर ही दिया है। लगता है कि सरकार को इस 20 करोड़ की आबादी से अब कोई लेना-देना नहीं है। यदि होता तो एकनजर की सरकार जानबूझकर समान नागरिक संहिता लाने और स्पेशल मैरिज एक्ट को रद्द करने का उत्साह न दिखाती। यदि वाकई समदर्शी सरकार होती तो राम मंदिर जन्मभूमि विवाद सुलझने के बाद सरकार अयोध्या में जितना भव्य राम मंदिर बनाने में सक्रिय रही उतनी ही वहां नई मस्जिद बनवाने में भी सक्रिय भूमिका निभाती। लेकिन ये असम्भव था और है। सरकार को अकबरी वोट नहीं चाहिए। सरकार को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जितने नान अकबरी वोट चाहिए वो उसके पास हैं। उसका काम तो चल ही जाएगा। मजे की बात देखिये कि दो दशक तक न्याय का इन्तजार करने के बाद बरी हुए टुंडा के मन में कोई नफरत नहीं है, कोर्ट के फैसला आने के बाद अब्दुल करीम टुंडा ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा, कोर्ट ने मुझे बरी कर दिया है, कोर्ट की बहुत मेहरबानी. सच्चाईछुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, खुशबू आ नहीं सकती कागज के फूलों से...। आपको बता दें कि पांच व 6 दिसंबर, 1993 को मुंबई से नई दिल्ली, नई दिल्ली से हावड़ा, हावड़ा से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, सूरत से बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस, हैदराबाद से नई दिल्ली आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस ट्रेनों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे. इस आतंकी बम धमाकों में दो यात्रियों की मृत्यु हुई थी। भाजपा के झांसे में आकर अकबर और शाहजहां के तमाम वंशज, जैसे कांग्रेस के एक गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हो गए और उन्होंने अपनी अलग पार्टी बना ली, लेकिन अब न वे घर के हैं और न घाट के। भाजपा में जो शाहनवाज रह भी गए हैं वे मजबूरी में हैं। उनके जैसे कितने लोग हैं जिनका भाजपा में अब कोई नामलेवा नहीं हैं और जो हैं वे भी मजबूर है। यदि समर्थन नहीं करेंगे तो वे भी घर के न घाट के रह पायंगे। भाजपा इन सबसे घर और घाट छीन लेने पर आमादा है। आने वाले दिनों में अकबरों और शाहजहानों से जुड़े ऐसे अनेक मामले सामने आएंगे। इन सब से देश का मान बढ़ेगा या घटेगा ये हम नहीं जानते, लेकिन ये साफ है की हम जान-बूझकर उन लोगों को दण्डित कर रहे हैं जो न अकबर हैं, न बाबर हैं और न शाहजहां है। यदि वे अपराधी हैं तो अपराधी तो हर समाज में है। चंद शाहजहानों या मलिकों की वजह से पूरी की पूरी 20 करोड़ की आबादी को तो अपराधी मानकर उनके साथ अपराधियों या दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता ? यदि आप समान नागरिक संहिता ला रहे हैं तो उन्हें विधानसभाओं, लोकसभा और राजयसभा में भेजने से इंकार क्यों कर रहें हैं मिया! आम चुनावों में उतरने से पहले इन सवालों का जबाब देने की हिम्मत भी दिखाई जाना चाहिए की नहीं भाईओ-बहनो!

# लोकसभा में भाजपा का यादव दांव

**देवदत्त दुबे-**

जब डॉक्टर मोहन यादव को भाजपा ने मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया था तब शायद ही किसी ने सोचा होगा की मध्य प्रदेश के अलावा भी भाजपा इस यादव दांव का उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में भी करेगी लेकिन अब यह दांव चलते हुए पार्टी दिखाई दे रही है। दरअसल भाजपा के रणनीतिकार पिछड़ा वर्ग की यादव जाति को पार्टी से जोड़ने और मध्य प्रदेश के साथ-साथ बिहार एवं उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में विपक्ष को कमजोर करने के लिए लंबे अरसे से प्रयास कर रहे थे एक समय मध्य प्रदेश में बाबूलाल गौर को मुख्यमंत्री बनाया गया था। लेकिन वह ज्यादा दिन पद पर नहीं रह पाए और तब भाजपा में लोधी जाति का उभार भी चल रहा था लेकिन अब मध्य प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनकर भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और बिहार में भी यादवों को अपनी तरफ करने के लिए कोशिशे तेज कर दी है मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव का बिहार और उत्तर प्रदेश का पहले दौर का दौरा हो चुका है जिसमें बिहार में उन्होंने यादव समाज के लोगों से मध्य प्रदेश आकर उद्योग धंधा लगाने की बात भी कही थी। वहीं पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ क्लस्टर में शामिल पांच लोकसभा सीटों के प्रमुख भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारी के साथ बैठक की थी यह पांचो सीटों पर यादवों का दबदबा है। बहरहाल एक महीने की ही अंदर दूसरी बार 3 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने जा रहे यादव महाकुंभ में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हो रहे हैं लखनऊ के बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान पर आयोजित इस यादव महाकुंभ में पूरे उत्तर प्रदेश से यादव समाज के लोगों को विशेष रूप से बुलाया गया है यहां बताते चलें कि उत्तर प्रदेश की जो पिछड़े वर्ग की आबादी है उसमें 20% यादव समाज की भागीदारी है और मुलायम सिंह के बाद यह समाज अखिलेश यादव के साथ समाजवादी पार्टी से भी अच्छी खासी संख्या में जुड़ी हुई है। 80 लोकसभा सीटों में से 11 लोकसभा सीट ऐसी है जहां यादव वोटर निर्णायक हैं खासकर इटावा मैनपुरी बदायूं फैजाबाद संत कबीर नगर बलिया आजमगढ़ एटा मैनपुरी फिरोजाबाद और जौनपुर लोकसभा सीटों को जीतने के लिए इस महाकुंभ को महत्वपूर्ण माना जा रहा है यह एक ऐसे मौके पर लोकसभा का चुनाव होने जा रहा है जब उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद पहले चुनाव है अखिलेश यादव के लिए अग्नि परीक्षा जैसा है ऐसे में यादव समाज में सेंध लगाकर भाजपा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को कमजोर करना चाहती है। यादव समाज में खुले तौर पर संदेश देने के लिए यादव महाकुंभ के जो तैयारी संबंधी बैनर पोस्टर लगाए गए हैं उसमें स्पष्ट तौर पर लिखा है कि श्री राम कृष्ण विरोधियों का छोड़ हाथ यादव चला मोहन के साथ मतलब साफ है उत्तर प्रदेश और बिहार में जिस तरह से जातीय राजनीति का बोलबाला रहता है उसमें बीजेपी ने यादव समाज को अपनी ओर करने के लिए डॉक्टर मोहन यादव को आगे करके एक ऐसा दांव चला है जो कांग्रेसी नहीं उत्तर प्रदेश में अखिलेश की समाजवादी पार्टी और बिहार में तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को जितना भी नुकसान करेगी उतना भाजपा को फायदा होगा। कुल मिलाकर मंडल और कमंडल को वक्त और जरूरत के अनुसार हाथ में थाम कर भाजपा जिस तरह से समीकरण साधती है उससे उसको सत्ता की राह बनाने में आसानी हो जाती है एक समय कल्याण सिंह और उमा भारती को लोधी नेता के रूप में महिमा मंडित करके पूरे देश में लोधी समाज को भाजपा से जोड़ने का पार्टी ने अभियान चलाया था और अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव समाज के बीच पकड़ बनाने के लिए एक बड़ा दांव माना जा रहा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### छापेमारी कर पुलिस ने 30 लीटर शराब किया जब्त

दिनारा (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर 30 लीटर देसी शराब किया जब्त। जबकि पुलिस की सूचना मिलते ही दो धंधेबाज फरार हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के मिल्की मनिहारी गांव में शराब की बिक्री की जा रही है। जिस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस ने चिन्हित स्थलों पर पहुंच छापेमारी कर 30 लीटर देसी शराब बरामद किया। वही पुलिस की भनक मिलते ही मामले में संलिप्त दो कारोबारी भागने में सफल रहें। जिसकी गिरफ्तार के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

### नशे की हालत में शराबी गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने शराब के नशे में एक शराबी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि बक्सर जिला अंतर्गत कैथहर निवासी रामाश्रय चौधरी को नशे की हालत में किशमीपुर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चोरी कांड का फरार चोर समान के साथ गिरफ्तार

नावानगर (बक्सर) विगत 26 फरवरी को एसआरएम आईटीआई परिसर में चोरी मामले का पुलिस ने उद्भेदन किया। साथ ही एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने चोर के घर से चोरी का सामान साथ 6 हजार 700 बरामद किया है। जो गिरफ्तार चोर सोनवर्षा निवासी प्रदीप उर्फ मुकुल बिन्द बताया जा रहा है इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपी प्रभारी निशा रानी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी कैमरा के मदद से एक युवक की पहचान कर उसे छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में चोर ने चोरी की बात स्वीकार कर लिया सनद रहे कि 26 तारीख की रात एसआरएम आईटीआई परिसर में 1 लाख रुपया नगद समेत 50 हजार मूल्य का सामान चोरी हुआ था इसको लेकर आईटीआई संचालक उमेश चौधरी द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

काराकाट (रोहतास): नगर पंचायत काराकाट के वार्ड संख्या 12 के तेनुआ गांव निवासी 24 वर्षीय सूर्यदेव कुमार पिता चन्द्रमा सिंह की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हो गई। घटना गुरुवार की देर शाम कांध बहुआरा के पास एनएच 120 का बताया जाता है। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गोड़ारी से तेनुआ घर आने के क्रम में अज्ञात वाहन ने टेम्पु को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे। जहां ऑटो में अचेतावस्था में पड़े हुए घायल सूर्यदेव कुमार को सीएचसी काराकाट ले गये। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया अभी तक मृतक के परिजनों के द्वारा कोई आवेदन नही मिला है।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रोहतास डीएम ने की बैठक

● अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पदाधिकारियों को दिया विशेष निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के रेलवे स्टेशन समीप अजीत ऑडिटोरियम सभागार में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव निर्वाचन 2024 के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना अंतर्गत बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विभाग के अफसरो के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम नवीन कुमार ने उपस्थित विभिन्न विभाग के वरीय अफसरों को निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया के व्यावहारिक पहलुओं की गहराई से गहन करने का दिशा-निर्देश दिया। साथ ही निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता की पालना, निर्वाचक नामावली का अपडेशन जैसे निर्वाचन कार्यों में अहम भूमिका से जुड़ी बातों पर विशेष चर्चा किया। डीएम ने जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना के तहत सभी प्रभारी अधिकारियों से सौंपे दायित्वों पर उनके कार्य योजना, रणनीति पर भी विचार विमर्च किया। साथ ही आदर्श आचार संहिता, स्वीप, ईवीएम-वीवीपैट, पेड न्यूज और मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति, व्यय अनुरीक्षण, निर्वाचन व्यय लेखा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी बारीकी से जानकारी दी। डीएम ने कहा कि जिला निर्वाचन योजना की तैयारी के संबंध में समस्त संबंधित प्रभारी अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपने से संबंधित सूचना निर्धारित प्रारूपों पर डीएसटीओ को निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। दूसरे तरफ चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था तैयारी को लेकर एसपी विनीत कुमार ने बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों को विशेष टॉक्स जारी किया। कार्यक्रम उपस्थित रोहतास उप विकास आयुक्त व अपर समाहर्ता सहित विकास आयुक्त ने वरीय पदाधिकारियों ने मंच संबोधन में द्वारा आयोजित होने वाली चुनाव तहत जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि सभी अफसर निर्वाचन में सौंप दायित्वों के लिए कार्य योजना एवं रणनीति को और बेहतर बनाने पर बल दें।

# पुलिस ने पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार, डीएसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

● अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के लिए रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के द्वारा एक टीम का गठन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास): बिक्रमगंज डीएसपी कुमार संजय ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के धनगाई रोड स्थित शुभम मंगलम होटल के पास दिनांक 25 फरवरी को करीब 06 बजे शाम में मो० आमीर कादिर खान को अल्टो कार से आये पांच अपराधकर्मी गोली मारकर जख्मी कर दिए। जिसपर बिक्रमगंज थाना कांड सं0-100/24 के आलोक में धारा-341/324/307/504/34भा० द० वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के लिए रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जिसका अनुश्रवण अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय के द्वारा किया जा रहा था। प्राप्त असूचना एवं डी०आई०यू० के तकनीकी सहयोग से शुक्रवार दिनांक 1 मार्च को गया से पीछा कर अभियुक्त को बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त अल्टो कार भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि लोक सभा चुनाव संभावित है ऐसी स्थिति में माहौल खराब करने लिए यह आपराधिककृत किया गया है। इनलोगों का अपराधिक इतिहास भी रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह कार्य सराहनीय है।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में काराकाट विधानसभा से 5 हजार लोग होंगे शामिल : पूर्व विधायक

● बैठक में 2 मार्च को औरंगाबाद में होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर विचार विमर्श किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास): काराकाट विधानसभा के कोर कमेटी की बैठक बिक्रमगंज के डुमरांव रोड में स्थित पूर्व विधायक राजेश्वर राज के आवास पर हुई। बैठक में 2 मार्च को औरंगाबाद में होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के उपरांत पूर्व विधायक ने कहा कि काराकाट विधानसभा से 59 बस, 33 चार चक्का, 200 मोटरसाइकिल विधानसभा से लगभग 5000 लोग मोदी जी के प्रोग्राम में भाग लेंगे। भारतीय जनता पार्टी काराकाट विधानसभा कार्यालय बिक्रमगंज में तैयारी चल रही है। खाना पीना के लिए पैकेट, नाश्ता के लिए पैकेट, बैनर झंडा इत्यादि पूरे इलाका के लोगों के बीच वितरित किया जा रहा है। बैठक में रोहतास दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुन्ना पांडेय, भाजपा गोडारी मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, गोडारी नगर पंचायत भाजपा अध्यक्ष विनोद पासवान, भारतीय जनता युवा मोर्चा काराकाट मंडल अध्यक्ष विवेक सनी, विनोद मिश्रा व्यवस्था प्रभारी, धनंजय सिंह विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति सह प्रभारी काराकाट विधानसभा, सुनील सिंह उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, विशाल पाण्डेय, संजय मिश्रा पूरे विधान सभा के प्रमुख कार्यकताओं सहित कई लोगों ने भाग लिया।

# नेहरू युवा केंद्र ने मतदाता अभियान चला लोगों को किया जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के नगर परिषद व बरांव पंचायत सहित विभिन्न गांवों में शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां लोगों नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक किया जा रहा था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करना है। अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सिम्मी राज ने बताया कि शहर स्थित काली मंदिर धर्मशाला समीप,स्थानीय थाना सहित बराव पंचायत मोड़ अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान में लोगों से रूबरू होते हुए उन्हें चुनाव में मताधिकार से जुड़ी अहम जानकारी दी गई। साथ ही भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रति चुनाव में भागीदारी के साथ शपथ लेनी चाहिए। क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भविष्य की नींव रखता है। जिस चुनाव पर्व में स्वतंत्र निष्पक्ष रूप से भाग लेते हुए लोगों को अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर अजीत कुमार, अंकित कुमार, इंदु देवी, कृष्णा प्रसाद, ढूनमुन राजा रसिया सहित कलाकार व ग्रामीण मौजूद थे।

# संस्कृति पब्लिक स्कूल में छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

आरा : संस्कृतिक पब्लिक स्कूल के भव्य सभागार में बाबू तापेश्वर सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि मनाए गयी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार आईएएस जिलाधिकारी उद्घाटनकर्ता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शैलेंद्र चतुवेर्दी एवं अत्यक्षता डा अजय कुमार सिंह सचिव संस्कृति पब्लिक स्कूल आरा कायम नगर ने की इस अवसर पर तापेश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सभा की शुरूआत हुई मनानीय तापेश्वर बाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा परिचर्चा सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा की गई डा अजय सिंह ने अपने भाषण में समाज को विकसित बनाने में तापेश्वर बाबू की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा की उनकी दुरदर्शी सोच का परिणाम है की आज भोजपुर की धरती खुशहाली के पथ पर अग्रसर है इस अवसर पर विद्यालय में चयनित 6 प्रतिभागियों को पूर्णत निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की घोषणा की गई एवं मनानीय जिलाधारी महोदय के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त लगभग 100 विद्याथीर्यों को उपहार स्वरूप प्रोतसहन पुरस्कर वितरित किया गया इस अवसर पर प्रेसिडेंट डॉक्टर गायत्री सिंह ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की सम्राट फाउंडएशन के सदस्या श्रीमती डॉक्टर साक्षी सिंह ने अपने शुभकामना संदेश में फ्रॉम थीस शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति प्रदान करने की घोषणा की विद्यालय के निर्देशक डा आलोक कुमार सिंह ने विद्यालय के उत्तम शिक्षण व्यवस्था के माध्यम से जिला को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए सतत प्रयास प्रयसरत रहने की बात कही साथ ही गरीब एवं असहाय मेघावी छात्रों को हर संभव मदद करने की बात कही छात्रवृत्ति का आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित करने का संकल्प लिया।

# दिवंगत पत्रकार राधेश्याम पांडेय के अकास्मिक निधन को लेकर उनके परिवार वालों को दी जायेगी आर्थिक मदद

प्रात: किरण संवाददाता

आरा : स्थानीय जेपी स्मारक मंच पर जिले के दिवंगत पत्रकार साथी बड़े भाई राधेश्याम पांडेय जी के अकास्मिक निधन को लेकर उनके परिवार वालों को हम लोग कैसे मदद करें...इस विषय को लेकर बैठक किया गया.... जहां सर्वसम्मति से सभी लोगों ने आपस में मिलजुल कर कोष संग्रह करने और उस कोष की राशि को दिवंगत पत्रकार के परिजनों को सामूहिक रूप से सौंपने का निर्णय लिया गया.... जहां कोष संग्रह के लिए आखिरी तिथि भी निर्धारित की गई है...जिसकी तिथि 7 मार्च 2024 तक रखी गई है....कोष संग्रह का दायित्व बड़े भाई दिना मिश्रा जी को सौंपा गया है.... जिनका मोबाइल नंबर-+91 91101 16465 है आप इनसे संपर्क कर अपने सहयोग राशि को जमा कर सकते हैं.... जिसे ग्रुप के सामने भी जानकारी के लिए रखा जाएगा... अपने स्वेच्छानुसार आप राशि दें सकते हैं..... इसके अलावा बैठक में सर्वसम्मति से ये भी निर्णय लिया गया कि अगामी 7 मार्च को पुनः दोबारा 1 बजे जेपी स्मारक मंच आरा में सभी पत्रकार साथी इकट्ठा होकर बैठक में शामिल होंगे और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श करेंगे वही बैठक में सामूहिक रूप से एक और फैसला लिया गया कि पत्रकार हित में एक ग्रुप को क्रियेट किया जाएं....ताकि समय समय पर हम अपनी बात को ग्रुप के सम्मानित साथियों के पास रखें.... बैठक के दौरान इस ग्रुप को संचालित करने का जिम्मेवारी दैनिक अखबार के प्रभारी आदरणीय कंचन किशोर जी, दैनिक अखबार के वरिष्ठ छायाकार दिना मिश्रा जी और आपके अनुज,कलीग सोनू सिंह को दिया गया है...जिसका निर्वहन बिना कोई द्वेष और पक्षपात से परे होकर संचालित किया जाएगा....एक और जानकारी इस ग्रुप के बारे में दिया जा रहा है.....जो बैठक के दौरान ही निर्णय लिया गया था....सभी लोगों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव पर मंजूरी दी है कि इस ग्रुप में मैसेज वनली फॉर एडमिन रखा जाएं....इस लिए इसे वनली फॉर एडमिन किया गया है....साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि जब भी किसी तरह की कोई बात रखनी होगी या किसी मुद्दे पर बातचीत करनी होगी...उस समय ग्रुप एडमिन को सूचना देकर इस ग्रुप में अपनी बातें रखने के लिए खुला तौर पर पत्रकार साथियों के लिए सार्वजनिक कर दिया जाएगा....ताकि गंभीरता से सभी लोग अपनी बात को रख सके।

# रामगढ़ विधानसभा स्तरीय लाभार्थी मंडल कार्यशाला का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर- रामगढ़ विधानसभा के रामगढ़ मंडल में आज दिनांक 1/3/2024 को लाभार्थी मंडल कार्यशाला की बैठक मंडल अध्यक्ष आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई मंडल अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 मार्च से 5 मार्च 2024 तक रामगढ़ प्रखंड के सभी बुथो पर भाजपा के कार्यकर्ता द्वारा सभी लाभार्थियों को देंगे जानकारी जैसे उज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिसमें उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष धनंजय सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन मोहन पांडे रामगढ़ विधानसभा के विस्तारक संजीव पांडे बूथ अध्यक्ष प्रमोद सिंह बूथ अध्यक्ष शेषनाथ गुप्ता भाजपा नेता संजय सिंह मत्शयस्य जीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बिहारी बिन्द पंचायत के संयोजक मांधाता श्रीवास्तव महामंत्री वीरेंद्र खरवार महामंत्री विजय तिवारी,नगर अध्यक्ष संजय जयसवाल, दीपक यादव, नीतीश यादव एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एलजी क्यूएनईडी 83 सीरीज ने एलईडी टीवी का स्टैण्डर्ड बढ़ाया

प्रात: किरण संवाददाता

LG

पटना। कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रैंड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी एलजी क्यूएनईडी (क्वांटम नैनो सेल डिस्प्ले) 83 सीरीज को लॉन्च करने की घोषणा की। इस टीवी ने अगली पीढ़ी के एलईडी के विकास की झलक पेश की है। उक्त सीरीज क्वॉन्टम डॉट और नैनो सेल टेक्नोलॉजी 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के साथ क्वॉन्टम डॉट और नैनोसोल टेक्नोलॉजी की संयुक्त ताकत का प्रदर्शन करता है। इससे दर्शकों को टीवी देखते समय वह अहसास होता है, जो स्पष्टता और वास्तविकता की झलक देती तस्वीरों के मामले में नए मानक तय करता है। एलजी इंडिया में होम एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर यंग ह्वान जंग ने कहा, यह भारत में नई आधुनिक तकनीक और यूजर्स को टीवी देखने का बेमिसाल अहसास कराने की एलजी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। टीवी में यूजर्स की सुविधा के लिए फीचर्स का पूरा सेट है।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) नेहरू युवा केंद्र बक्सर के तत्वधान में सम्राट युवा क्लब नोखपुर द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसके तहत फुटबॉल,कबड्डी,महिला बैडमिंटन,पुरुष 400 मीटर दौड़ तथा महिला 100 मीटर दौड़ का प्रतियोगिता कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संजय कुमार सिंह भूगोल व्याख्याता इंटर कॉलेज, सह पूर्व एन वाई सी, डुमरांव के द्वारा किया गया। मैच रेफरी के रूप में श्याम प्रकाश यादव तथा राकेश कुमार आदित्य रहे फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्राट युवा क्लब विजेता, कबड्डी में रंजीत कुमार ग्रुप विजेता रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत बैठक संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

भभुआ - व्यवहार न्यायालय भभुआ आज दिनांक 1 मार्च 2024 को व्यवहार न्यायालय भभुआ कैमूर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधेश्याम शुक्ल के अध्यक्षता में जिला जज के प्रकोष्ठ में 9 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत लगने वाले मामले को लेकर अधिवक्ताओं के साथ बैठक की गई। बैठक लाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मोहम्मद शहरयार अफजल, अजीत सिंह, प्रहलाद सिंह, प्रहलाद सिंह, जिला अधिवक्ता संघ कैमूर भभुआ अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे, महासचिव श्यामानंद उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह, पूर्व महासचिव ओम प्रकाश, पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडे, पूर्व महासचिव गिरीश कुमार श्रीवास्तव, रमन पांडे, राजेंद्र पांडे सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। जिला एवं सत्य न्यायाधीश कैमूर श्री राधेश्याम शुक्ल ने कहा की व्यवहार न्यायालय भभुआ एवं अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय मोहनिया में 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# 3 मार्च जनविश्वास रैली की तैयारी को लेकर माले ने आरा में प्रभातफेरी निकाला!

● भाकपा-माले नगर जिन्दाबाद, महागठबंधन जिन्दाबाद आदि नारे लगा रहे थे!

प्रात: किरण संवाददाता



आरा : संविधान व लोकतंत्र पर हमले के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर आगामी 3 मार्च को गांधी मैदान पटना में होने वाले जनविश्वास रैली की तैयारी को लेकर तीन टीम बनाकर जिसमें जवाहर टोला,बहिरो, श्रीटोला, पूर्वी नवादा, कर्मन टोला, नवादा, धरहरा, इब्राहिम नगर, हनुमान टोला, बघउतपुर, बिंदटोली, मीराचक,बेगमपुर, रामगढ़िया,काजी टोला, दुधकटोरा,वलीगंज चिकटोली, अहिरपुरवा में सुबह 4 से 6 बजे तक प्रभात फेरी निकाला गया! प्रभातफेरी के दौरान बिहार की जनता लड़ेगी, तानाशाही हारेगी, बड़गांव के झूठे मुकदमे में फंसाए गए अगिआंव विधायक का. मनोज मंजिल सहित भोजपुर के सभी 23 साथियों को रिहा करो, विपक्षी पार्टियों और सरकार पर हमला मुदार्बाद, फासीवाद मिटाओ-लोकतंत्र बचाओ-शहीदों के सपनों का भारत बनाओ, लोकतंत्र, संविधान पर हमला नहीं सहेंगे, भाजपा हटाओ-देश बचाओ, फासीवाद को ध्वस्त करो,जन-जन का है एक ही नाराआजादी, बराबरी, भाईचारा, हिटलरशाही नहीं चली तो मोदीशाही नही चलेगी,नए भारत के वास्ते,भगत सिंह-अंबेडकर के रास्ते,देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे पर हमला नहीं सहेंगे,धर्म के नाम पर नहीं बटेंगे, भाजपा राज को खत्म करेंगे,देश की गंगा-जमुनी तहजीब पर हमला नहीं सहेंगे,उन्माद-उत्पात का नाश हो,अमन-चैन-विकास हो, कारपोरेट से यारी, जनता से गद्दारी मुदार्बाद,रोको मंहगी बांधो दाम,नहीं तो होगा चक्का जाम,भाजपा हटाओ, बेटी बचाओ,नफरत नहीं अधिकार चाहिए, शिक्षा और रोजगार चाहिए,जो किसान-मजदूर की बात करेगा,वही देश पर राज करेगा, भाकपा-माले जिन्दाबाद,महागठबंधन जिन्दाबाद आदि नारे लगा रहे थे! प्रभातफेरी में नगर सचिव दिलराज प्रीतम जिला,कमेटी सदस्य राजनाथ राम,जिला कमेटी सदस्य दीना जी,नगर कमेटी सदस्य राजेंद्र यादव,नगर कमेटी सदस्य बब्लू गुप्ता,नगर कमेटी सदस्य संतविलास राम,ब्रांच सचिव धनंजय सिंह, रणधीर कुमार,राकेश कुमार,अनिल वर्मा,हरिशंकर सिंह,डब्बू गुप्ता, किशोरी जी, त्रिलोकी रजक,शमशेर आलम, शिवराज कुमार, साधु राम, उमेश राम, सुनील कुमार, रितेश कुमार, संजय कुमार, मदन प्रसाद, श्रीधर महतो उर्फ छोटू,चंद्रशेखर आजाद, राजकुमार, संजय कुमार उर्फ बोर्डर, संतोष कुमार, कामता प्रसाद, पिंटू चौधरी, सुरेश प्रसाद,सनोज कुमार आदि कई लोग शामिल थे! भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने बताया कि महागठबंधन के आह्वान होने वाले जनविश्वास रैली की तैयारी को लेकर पैदल-प्रचार,मशाल जुलूस,प्रभात फेरी निकाला जा रहा है! इस दौरान माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि विपक्ष की सरकारों और पार्टियों अस्थिर करने की लगातार कोशिश चल रही साजिशों की कड़ी में ही भाजपा ने नीतीश कुमार को मोहरा बनाकर बिहार के सत्ता हड़प ली है !कपूरी ठाकुर के नाम पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलितों गरीबों अति,पिछड़े समुदाय के साथ विश्वासघात किया है !जाति जनगणना से उठ रहे गरीबी और बिहार के पिछड़ेपन पर पर्दा डालने और महागठबंधन सरकार द्वारा लगातार मिल रही नौकरी व शिक्षकों को सरकारीकर्मी के दर्जे से घबराई भाजपा ने तख्तापलट किया है !

# श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की अमृत वाणी गूंजेगी



प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर : भागलपुर रेशम नगरी में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की अमृत वाणी गूंजेगी। इसको लेकर श्री मद भागवत कथा का आयोजन करा रहे नव सृजन संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह एमआईएम बिहार प्रदेश सचिव संजीव सुमन लगातार इसकी तैयारी में जूटे हैं. इनके सौजन्य से होने वाले इस धार्मिक आयोजन से हजारों लोगों की आस्था जुड़ी है। यहाँ वैशाख मास में होने वाले श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किये जाने की रुपरेखा तैयार कर ली गयी है।जिसे जल्द हीं अमलीजामा पहनाया जाएगा। जिसके लिए श्री सुमन ने आज अपनी टीम के साथ कथा स्थल का निरीक्षण किया. श्रीमद भागवत कथा की शुरूआत भव्य कलश शोभायात्रा से होगी. कथा व्यास के रूप में आनंदमूर्ति पंडित गोपाल भाई ओझा (गुरु निवास वृंदावन) अपनी मुखारवरिंद से कथा का वाचन एवं भजन की प्रस्तुति करेंगे। कथा के साथ साथ प्रतिदिन झांकी की भी प्रस्तुति की जाएगी. कथास्थल निरीक्षण के दौरान संगठन के अध्यक्ष संजीव सुमन के साथ बाबा गोपाल भाई ओझा, बीरेंद्र, आदित्य, संजीव यादव, प्रवीण आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्व शराब कांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



दिनारा (रोहतास): पुलिस ने पूर्व शराब कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के किसमीपुर निवासी संतोष मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था।

# पटना में आहूत महागठबंधन कि जन विश्वास रैली कि सफलता को लेकर बैठक किया गया



प्रात: किरण संवाददाता

आरा : भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी कि बैठक जिलाध्यक्ष अशोक राम कि अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय शहिद भवन में आगामी 3 मार्च को गांधी मैदान पटना में आहूत महागठबंधन कि जन विश्वास रैली कि सफलता को लेकर किया गया जिसमें भारत के लोकप्रिय जन नेता माननीय श्री राहुल गांधी जी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष माननीय श्री मलिकार्जुन खड़गे जी भी शिरकत करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि उक्त रैली में भोजपुर जिला कांग्रेस कि भुमिका हमेशा की तरह ऐतिहासिक होगी शहीद भवन से दर्जनों गाड़ियों से सैकड़ों लोग जानें कि पुरी तैयारी कर चुके हैं तथा बहुत सारे लोग ट्रेन से भी जानें कि तैयारी किए हुए हैं इसके साथ ही शहर के चौंक चौराहा पर महागठबंधन का होल्डिंग बैनर लगाए जाने के साथ साथ जन जागरूकता का कार्य भी किया जा रहा है हम सभी कांग्रेस जन इस बैठक के माध्यम से भी जिलें वासियों से अपील करते हैं कि जिले कि उपस्थित अधिक से अधिक सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में अक्छ्उ सदस्य डाक्टर शशि कुमार सिंह प्रदेश प्रतिनिधि घनश्याम उपाध्याय प्रदेश प्रतिनिधि पन्नग कुमार त्रिपाठी प्रदेश प्रतिनिधि संतोष पाण्डेय पार्टी प्रवक्ता बिरेन्द्र मिश्रा सत्य प्रकाश राय रजी अहमद डाक्टर अमित द्विवेदी राकेश त्रिपाठी योगेन्द्र सिंह नन्द जी राम अरविंद सिंह गोपाल कृष्ण गोखले अशोक यादव सत्यनारायण सिन्हा रविन्द्र कुमार रवि लाल मोहन सिंह शत्रुघ्न घनश्याम चौधरी लुटावन चौरसिया रविन्द्र तिवारी आदित्य नारायण सिंह आदि थे।

# लग्जरी कार ने 20 वर्षीय महिला को कुचला, हुई मौत

प्रातः किरण संवाददाता। कोचस (रोहतास) थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर डढाव गांव के समीप सड़क को पार करने के दौरान एक 20 वर्षीय महिला को कार ने कुचल दिया जिसके कारण महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक थाना क्षेत्र के डढ़ाव निवासी अरविंद खरवार की पत्नी मीरा देवी बताई जाती है। घटना के बारे में बताया जाता है कि उक्त महिला अपने पति के साथ निजी कार्य से दिनारा जा रही थी, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 319 को पार करने के दौरान दिनारा से कोचस की तरफ आ रही एस 02 ए एन 9801 टीयुभी 300 तेज रफ्तार कार ने महिला को कुचल दिया जिसमे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला शराब कारोबारी को पुलिस ने भेजा जेल

शेरघाटी। थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के गोपालपुर अंतर्गत टोला जगदीशपुर से 4 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक महिला को कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़ी शराब के महिला धंधेबाज सुनैना देवी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।उससे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया. पुलिस के हत्थे चढ़ी महिला पर अवैध रूप से शराब का बेचने का आरोप है.

### मारपीट मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के भरारी गांव में आपसी विवाद को लेकर पड़ोसियों के बीच हुई जमकर मारपीट मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना को लेकर एक ओर जहां मोहम्मद रिजवान ने आरीफ, मो सादाब मो इनाम के विरुद्ध मारपीट एवं गाली गलौज के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है. वहीं दूसरी ओर तजमून निशा ने इसी प्रकार के आरोप लगाते हुए नजीर हुसैन, रिजवान अहमद, इरफान, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद वसीम, सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है. उन्होंने बताया कि दोनों के शिकायत के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है. जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### संयुक्त ब्राह्मण मंच की बैठक सम्पन्न

शेरघाटी। संयुक्त ब्राह्मण मंच के बैनर तले गुरुवार को शहर के जेपी चौक के निकट जेपी मेमोरियल स्कूल में अवधेश पाठक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. जिसमें संगठन के विस्तार के साथ-साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया. इसके साथ-साथ संगठन के कार्यकताओं को एकत्रित होकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की बात सामने आई. अध्यक्ष ने बताया कि आगामी बैठक में भव्य तरीके से होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया.बैठक में सचिव दीनानाथ पांडे कोषाध्यक्ष चंदन कुमार मिश्रा,संरक्षक नवीन कुमार मिश्रा के अलावा शशि मिश्रा, राजेश मिश्रा, हृदय मिश्रा, वीरेंद्र पाठक, आदि मौजूद रहे.

### बिजली चोरी के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी के आरोप में दो उपभोक्ताओं के खिलाफ जुमार्ना के साथ मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में विभाग की ओर से कहा गया है कि दोनों उपभोक्ताओं के द्वारा बाईपास कर बिजली का उपयोग किया जा रहा था. जिससे सरकार को हजारों रुपए प्रत्येक महीना राजस्व का नुकसान हो रहा था। इधर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शहर के पुष्पगिरी कॉलोनी के रहने वाले उपेंद्र कुमार के विरुद्ध 31 हजार रुपए एवं बढ़ई टोला के रहने वाली रिंकी देवी के खिलाफ 32 हजार रुपए जुमार्ना के साथ मुकदमा दर्ज कराया गया है. पुलिस ने अधिकारी के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

### मुख्यमंत्री 2005 से बिहारियों के विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं: अभय कुशवाहा

गया। जनता दल यू गया के जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं के साथ जिला कार्यालय में केक काट कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन विकास दिवस के रूप में मनाया गया। अभय कुशवाहा ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री वर्ष 2005 से लगातार बिहार एवम बिहारियों के विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं इसलिए पूरा बिहार विकास दिवस के रूप में उनका जन्मदिन मना रहा है। नीतीश कुमार जन-जन के नेता हैं। उन्होंने न्याय के साथ विकास किया है। जन्मदिन मनाने के लिए गया के सांसद विजय मांझी, पूर्व विधानपार्षद मनोरमा देवी, शौकत अली, कुंडल वर्मा, द्वारिका प्रसाद, आसिफ जफर, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, अजीत शर्मा, प्रवीण मेहता, पिंकी कुमारी, जितेंद्र दास, वीरेंद्र शर्मा, अरविंद चरण प्रियदर्शी, शंकर चौधरी, जहांगीर खान, सोनम दास, पूनम कुशवाहा, कैलाश पासवान, अब्दुल कादिर, ज्योति सिंह, बलिराम चौधरी, अरुण राव,योगेंद्र कुशवाहा, सुलतान अहमद, लक्ष्मण वर्णवाल, बबन चंद्रवंशी, लालजी प्रसाद,पप्पू दांगी, दुर्गादत्त कुमार,मधुसूदन राय, असलम अंसारी,प्रकाश पटवा,विनोद कुमार, गीता वर्मा ,पुष्पेंदु पुष्प,मुन्ना पटवा, राज कुमार शाह,संतोष चौधरी,भीम विश्वकर्मा, बजरंगी सिंह,श्रीकांत प्रसाद, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 03 मार्च को इंडिया गठबंधन का जन विश्वास महा रैली पिछले सभी रिकार्ड को ध्वस्त करेगा: कॉंग्रेस

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।आई ए न डी आई ए गठबंधन के तत्वाधान मे 03 मार्च 2024 को पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाली लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, जन विश्वास महा रैली भीड़ के मामले में पिछले सारे रिकार्ड को ध्वस्त करेगी। गया जिला कॉंग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम मे जन विश्वास महा रैली की व्यापक सफलता हेतु जिला के नेताओं, कार्यकताओं की बैठक जिला अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई है।

इस बैठक में उपस्थित बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, प्रदीप शर्मा, विद्या शर्मा, दामोदर गोस्वामी, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, मोहम्मद खैर उद्दीन, श्रवण पासवान, भुवन राम, शशि कांत सिन्हा, संजय रंजन, उमेश सिंह, बाल मुकुंद पांडेय, जय प्रकाश यादव, रंजीत कुमार सिंह, प्रदीप मांझी, बबलू शर्मा, जितेंद्र यादव, शिव नाथ प्रसाद , रामजी प्रसाद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, शांति देवी, ब्रजेश राय, आदि ने कहा कि जन विश्वास महा रैली आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। जन विश्वास महा रैली में 02 मार्च से ही लोग विभिन्न ट्रेनों, छोटी, बड़ी गाडियों से पटना रवाना होंगे जो 03 मार्च के सुबह तक लगातार जायेंगे।

पटना में 02 मार्च को रात्री में पटना में अभियंता सेवा संघ भवन, मिलर हाई स्कूल, एवं सदा कत आश्रम में ठहरने की भी व्यवस्था है।नेताओं ने कहा कि गया जिला से जन विश्वास महा रैली में जाने वाले सभी नेता, कार्यकर्ता अपने, अपने हाथों में पार्टी की झंडा जरूर रखना है, जैसा कल प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है। नेताओं ने कहा कि गया जिला से हजारों, हजार की संख्या मे कॉंग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता समर्थक सभी 24 प्रखंडों, 323 ग्राम पंचायत, के गांव, गांव से जायेंगे।

# सांसद , विधायक ने वंदे भारत एक्सप्रेस का जहानाबाद स्टेशन पर ठहराव को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



जहानाबाद। सांसद जहानाबाद चंदेश्वर प्रसाद एवं विधायक जहानाबाद सुदेव यादव द्वारा संयुक्त रूप से गाड़ी संख्या- 22349/22350 वंदे भारत एक्सप्रेस का जहानाबाद स्टेशन पर ठहराव का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। विदित हो जहानाबाद स्टेशन पर गाड़ी सं. 22349/22350 पटना - रांची - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है । गाड़ी संख्या 22349 पटना - रांची - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 07.34 बजे जहानाबाद स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 07.36 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 22350 रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 21.25 बजे जहानाबाद स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 21.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इस ट्रेन के ठहराव शुरू होने से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले जनमानस को गया होते हुए राँची आने - जाने में काफी सहुलियत होगी।

इस अवसर पर सांसद चन्देश्वर प्रसाद ने अपने संबोधन में इस ट्रेन के ठहराव दिये जाने हेतु रेल मंत्रालय भारत सरकार को धन्यवाद दिए तथा आभार व्यक्त किये और जहानाबाद स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किये जाने हेतु भी हार्दिक धन्यवाद दिये। वहीं विधायक सुदेव यादव ने अपने संबोधन में कहे कि जहानाबाद स्टेशन का भी तीव्रगति से चहुँमूखी विकास की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है एवं वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव हेतु रेल मंत्री का आभार व्यक्त किये। इस अवसर पर दानापुर रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), अनुपम कुमार चंदन एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी सहित यात्री जनमानस भी मौजूद रहें।

# लोक अदालत सफल आयोजन के लिए अधिवक्ता के साथ बैठक




प्रात : किरण संवाददाता

गया ।नौ को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जिले के सभी बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ आज एक बैठक सिविल कोर्ट के सभा कक्ष में आयोजित किया गया है । जिसका अध्यक्षता प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नलिन कुमार पांडे के द्वारा किया गया जिसमें अधिक से अधिक मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित वादों में नोटिस करने एवं ज्यादा से ज्यादा निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।इस मौके अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार राजपूत, जय किशोर दुबे, अरुण कुमार , असिताभ कुमार, संदीप मिश्रा, सुरेश कुमार सिंह ,रंजीत कुमार, सुकून कुमार मांझी, विजय किशोर सिंह, श्रीमती प्रतिज्ञा व्यास, मनोरंजनी शाह, राजेश मोहन ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशीष कुमार अग्निहोत्री एवं बीमा कंपनी के अधिकारी एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ता लोग उपस्थित थे ।

# छात्र जदयू ने मुख्यमंत्री के जन्म दिवस को विकास दिवस के रूप में मनाया: उत्तम कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता



गया।छात्र जदयू मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा के अध्यक्षता में मगध विश्वविद्यालय के कैंपस में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जन्म दिवस को विकास दिवस के रूप में सैकड़ो छात्र जदयू के कार्यकर्ता एवं छात्रों ने के काटकर मनाया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने बताया कि आज हम सबके के नेता बिहार के शिल्पकार विकास पुरुष नीतीश कुमार का जन्म दिवस है इस मौके पर हम लोग हर वर्ष इस दिन को विकास दिन के रूप में मनाते हैं आज इसी कड़ी में हम सभी छात्र जदयू कार्यकताओं ने केक काटकर मुख्यमंत्री जी के लिए प्रार्थना की वह स्वस्थ रहे और इसी तरह बिहार की जनता की सेवा लगातार करते रहे साथ ही उत्तम कुशवाहा ने कहा कि बिहार के छात्रों को आवाज देने वाले जमीन से आसमान की बुलंदियों तक महिलाओं को पहुंचने वाले, युवाओं को रोजगार नौकरी देने वाले नीतीश कुमार जी का जन्म दिवस पूरे मगध विश्वविद्यालय के छात्रों ने धूमधाम से मनाया,मुख्यमंत्री जी की दीघार्यु के लिए भगवान से प्रार्थना की साथ ही उत्तम कुशवाहा ने बताया कि, हर वर्ष हमारी पार्टी छात्र जदयू इस दिन पौधों का रोपण करती है इस बार भी हम लोगों ने 11 पौधों का रोपण किया, मौके पर मगध विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष रोशन कुमार ,शिव शक्ति सिंह ,गोरेलाल, आदित्य कुमार, गया कॉलेज अध्यक्ष कुंदन कुमार, सत्यम सिंह मौर्य, सुमित राज ,रौनक कुमार, अंकुश कुमार, जयप्रकाश चंद्रगुप्त आर्यन राहुल एवं सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

# 2024 में बिहार के 40 सीटों पर एनडीए की होगी जीत : डॉ. अजय आलोक



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सरकारी कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर जहां एक ओर जिला प्रशासन मैराथन बैठक और व्यवस्था में जुटी हुई है। वही भाजपा भी सभा को लेकर एड़ी चोटी एक कर दी है। सांसद आवास पर बीजेपी राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर अजय आलोक ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर जहां वर्ष 2024 के लोकसभा में बिहार के कुल 40 सीटों पर जीत का दावा किया। वही राजद द्वारा तीन मार्च को पटना के गांधी मैदान में आयोजित महागठबंधन की रैली पर हमला बोला है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में स्वतः भीड़ उमड़ रही है मगर महागठबंधन की रैली में लोग ढोए जा रहे हैं। अब महागठबंधन से लोगों का मन उचट गया है। प्रेस वार्ता में सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप सिंह, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, भाजपा नेता सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री मनीष पाठक, जिला कोषाध्यक्ष आलोक सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,जिला प्रवक्ता दिपक सिंह,चन्दन गिरी,टनटन सिंह,आदित्य श्रीवास्तव मौजूद थे।

# डीएम ने जनता दरबार में 53 फरियादियों के सुना फरियाद

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 53 फरियादियों के फरियाद को सुना। फरियादियों द्वारा भूमि विवाद, आवास योजना, राशन कार्ड जमाबंदी रसीद, अतिक्रमण, अनियमितता, नाली गली, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम बेलसार निवासी चाँदनी कुमारी द्वारा बताया गया कि मेरे पति की मृत्यु फरवरी 2023 में सड़क दुर्घटना में हो गई थी।

सरकारी अनुदान की राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। मेरे छोटे-छोटे दो बच्चे है, जीविकोपार्जन का कोई साधन नहीं है। मुआवजा राशि दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम कनईयाचक निवासी रंजु देवी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ।

मुझे राशन कार्ड एवं आवास योजना की सख्त जरूरत है। मुझे राशन कार्ड एवं आवास योजना प्रदान करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी करपी को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम बुधु बिगहा निवासी श्याम बिहारी सिंह द्वारा बताया गया कि मेरे ही गाँव के गनौरी यादव व अन्य परिवार के लोगों द्वारा आम रास्ते पर नाद रख दिया गया है। नाद हटाने को कहने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। नाद हटवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया।

# आगामी लोभा चुनाव के लेकर 03 मार्च को प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक: सत्येन्द्र रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर दिनांक 03 मार्च 2024 को अरवल प्रखंड के ग्राम कोनिका में समय 12 .00 बजे पूर्वाहन में एवं कलेर प्रखंड ग्राम मधुश्रवा चौकी में समय 2.00 बजे अपराहन में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रखंड पदाधिकारियों , पंचायत अध्यक्ष एवं सम्मानित कार्यकताओं के साथ बैठक की जायेगी ।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जहानाबाद लोकसभा के चुनाव प्रभारी सह प्रदेश महासचिव रामाश्रय शर्मा , जिला संगठन प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष रानी कुमारी एवं कुर्था विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर पाठक मुख्य रूप से शामिल होंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में आप सभी सादर आमंत्रित हैं । आप सभी की बैठक में उपस्थिति अनिवार्य है । आप सभी बैठक में शामिल होकर बैठक को सफल बनायें और आपका सुझाव बहुत हीं महत्वपूर्ण होगा ।

# थाना अध्यक्ष को नम आंखों से दी विदाई वं नवपद स्थापित का हुआ स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

करपी, अरवल। शहर तेलपा ओपी को हालहीं में थाना का दर्जा दिया गया है ! थाना का दर्जा मिलने के तुरंत बाद ही शहर तेलपा थाना में नये थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने पदभार ग्रहण किया !बिते दिन नये थाना अध्यक्ष के स्वागत में एवं पूर्व में ओपी अध्यक्ष रहे विवेक कुमार की विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया !शहरतेलपा थाना के प्रांगण में स्थानांतरित थाना अध्यक्ष विवेक कुमार को जहां उपस्थित समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी विदाई दी वहीं नव पद स्थापित है थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह का लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया !इस समारोह की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता राकेश मुस्कान ने किया !विदाई सह स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों ने अतिथियों का अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर विदाई एवं स्वागत के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ किया !कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिषद अरवल उपाध्यक्ष यादव कुसुम गणेश ने कहा कि पूर्व थाना अध्यक्ष विवेक कुमार पुरे कार्यकाल के दरमयान एक नेक दिल इंसान के रूप में अपना परिचय दिया एंव पूरे क्षेत्र की हर समस्या को इन्होंने नजदीक से देखने का प्रयास किया और यथासंभव उसका समाधान भी किया !उन्होंने एक उदाहरण को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इनकी कार्य शैली काफी सराहनीय रही है एवं आने वाले थाना अध्यक्ष से भी हम लोग यही उम्मीद करते हैं कि क्षेत्र के लिए इनका भी एक अच्छा योगदान हो !सामाजिक तत्वों का सहयोग इन्हें मिलता रहेगा साथ ही असामाजिक तत्वों के ऊपर कड़ी नजर रखनी होगी! कार्यक्रम को बेलखरा पंचायत के मुखिया सूरजमल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता राजीव कुमार जय साहू कुमार शहरतेलपा पंचायत के पूर्व मुखिया नंदकिशोर प्रसाद सिंह पंचायत के पूर्व सरपंच रविंद्र यादव पिंटू कुमार रंजीत कुमार सहित कई सामाजिक लोगों ने विवेक कुमार के द्वारा पूर्व मे.किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला एवं आने वाले थाना अध्यक्ष से एक अच्छे व्यवस्था देने का उम्मीद जताई ! कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए विवेक कुमार ने कहा कि इस थाने में मेरे कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की जनता से जो प्यार एवं सहयोग मिला है उसके लिए में आप सभी को धन्यवाद देता हूं! पूर्व थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने नए थाने अध्यक्ष सुबोध कुमार का स्वागत किया एवं सभी से नए थाने अध्यक्ष को सहयोग करने की अपील की!

# आईआईएम बोधगया व मेदांता ने भारत में हैल्थकेयर मैनेजमेंट शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने हेतु मिलाया हाथ

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।आईआईएम बोधगया ने मानसिक एवं फिजिकल स्वास्थ्य के साथ ही माइंडफुलनेस में अंतर्निहित अपने मिशन और दृष्टिकोण के अनुरूप, 2023 में कैट परीक्षा के माध्यम से पहले बैच में नामांकित 85 छात्रों के साथ उद्योग विशिष्ट 2-वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए- हॉस्पिटल एंड हैल्थकेयर मैनेजमेंट एमबीए- एचएचएम प्रोग्राम शुरू किया है। एमबीए- एचएचएम कोर्स को इस तरह से डिजाइन किया गया कि यह बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों, सार्वजनिक स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, डिजिटल हैल्थ, हैल्थ इंशोरेंस और हैल्थकेयर परामर्श सहित संपूर्ण हॉस्पिटल एंड हैल्थकेयर इंडस्ट्री का ज्ञान प्रदान करता है।आईआईएम बोधगया ने एमबीए- एचएचएम प्रोग्राम को इंडस्ट्री के अनुरूप बनाने की दिशा में मेदांता ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस एमओयू के अंतर्गत, मेदांता के विषय विशेषज्ञ छात्रों से महत्वपूर्ण विषयों पर अपना ज्ञान साझा करते हुए, कोर्स डिलीवरी के रूप में वास्तविक जीवन अनुभवों एवं किस्सों को शामिल करके एचएचएम कोर्स कंटेंट को समृद्ध करेंगे।मेदांता भारत और विदेशों में अपने अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं में एमबीए- एचएचएम कार्यक्रम में नामांकित आईआईएम बोधगया के छात्रों को समर-इंटर्नशिप भी प्रदान करेगा। आईआईएम बोधगया और मेदांता अस्पताल, साथ मिल कर हैल्थकेयर मैनेजमेंट क्षेत्र में प्रासंगिक मुद्दों पर ज्ञान-साझाकरण, इनोवेशन एवं डिस्कशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेल्थकेयर मैनेजमेंट कॉन्क्लेव, राउंड टेबल डिस्कशन, सेमिनार, कार्यशालाएं और सम्मेलन जैसे संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे।इस अवसर पर आईआईएम निदेशक प्रो. विनीता एस सहाय और जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना के चिकित्सा निदेशक डॉ. रविशंकर सिंह ने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच यह सहयोग रणनीतिक रूप से भविष्यवादी है। आईआईएम बोधगया एकेडमिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए अपने संबंधित क्षेत्रों में दो प्रमुख संगठनों के बीच यह एमओयू भविष्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एमबीए- एचएचएम के चेयरपर्सन प्रोफेसर स्वप्नराग स्वैन के अनुसार यह सहयोग भारत में हैल्थकेयर मैनेजमेंट शिक्षा के क्षेत्र में नए रास्तों को चिन्हित करता है।आईआईएम बोधगया हैल्थकेयर इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए लगातार रणनीतिक कदम उठा रहा है और खुद को हैल्थकेयर मैनेजमेंट शिक्षा और अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा 226 के पदाधिकारियो के साथ एसडीओ ने की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। लोक सभा चुनाव 2024 के मध्य नजर रखते हुए प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी सारा अशरफ के नेतृत्व में शेरघाटी विधानसभा 226 के अंतर्गत आने वाले डोभी आमस एवं शेरघाटी के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचला अधिकारी,थाना अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करते हुए मतदान केंद्रों पर व्यवस्था पूर्ण करने एवं उसकी व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया गया। ताकि मतदान पर किसी भी प्रकार के पोलिंग पार्टी को कोई समस्या ना हो सके, उक्त बैठक के दौरान शेरघाटी एएसपी डॉक्टर के रामदास एवं इलेक्शन ऑफिसर रंजय कुमार थाना अध्यक्ष शेरघाटी अजीत कुमार, थाना अध्यक्ष आमस इंद्रजीत कुमार के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी शेरघाटी स्नेहिल आनंद,सीओ उषा कुमारी,बीडीओ डॉक्टर अवत्युलय कुमार आर्य, डोभी थाना अध्यक्ष के अलावा अन्य पदाधिकारी भी बैठक में शामिल थे। एसडीओ ने बातचीत के दौरान बताया कि चुनाव के मध्य नजर रखते हुए अधिकारियों एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ बैठक के दौरान मतदान केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था बनाने का कड़ी निर्देश दी गई है।

### मांगलिक समारोह के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में समाजसेवी कृष्णा मेहता के आवास पर प्रीति एवं शिशिर के वैवाहिक समारोह के अवसर पर कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के तत्त्वावधान में आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने किया, जबकि संचालन मशहूर शायर एवं ख्यातिप्राप्त उद्घोषक आफताब राणा ने किया। आयोजक कृष्णा मेहता एवं मुखिया प्रतिनिधि द्वारा सभी कवियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कवि-सम्मेलन की शुरूआत जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने सरस्वती वंदना के साथ की। आधुनिक काव्य के प्रयोगधर्मी कवि नागेंद्र कुमार केसरी ने अपने काव्यपाठ में- मधुमास आया प्रीयतम हे सखी एवं ह्यएक नन्हा बच्चा सोया था गाकर किया। इकबाल अख्तर दिल ने- सूरज निकल गया तो फिर जलने दिया एवं हसरत देखा है तो मेरे ताज गाया तो दर्शकदीर्घा में बैठे लोग मंत्रमुग्ध हो गए। धनंजय जयपुरी की कविता- पापा कनहीं देखताक के हमर करा द शादी पर लोग अपनी हंसी को रोक नहीं पाए वहीं विनय मामूली बुद्धि की व्यंग्यवाण ने लोगों को खूब हंसाया।

## संक्षिप्त खबरें

### जीविका की ओर से अभिभावक के साथ बैठक आयोजित

सदर मुंगेर। शुक्रवार को जीविका मुंगेर की ओर से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत अभिनंदन जीविका शिक्षण प्रशिक्षण के सभागार नौवागढ़ी में अभिभावकों की एक बैठक आयोजित की गई। वहीं कार्यक्रम शुभारंभ रोजगार प्रबंधक रूपेश किशोर, मानव संसाधन प्रबंधक रंजीत कुमार सिंह, प्रशिक्षण अधिकारी वेद प्रकाश ,प्रशांत सिंह तथा जीविका दीदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार प्रबंधक ने बताएं कि जीविका द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षित युवा जो रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। और जो प्रशिक्षण ले रहे हैं उन सभी युवाओं को अभिभावक के साथ संवाद स्थापित करने हेतु यह बैठक आयोजित की गई है। वही उन्होंने यह भी कहे की दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जीविका समूह एवं बीपीएल परिवार के युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को योजना एवं स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। वही बरियारपुर प्रखंड से बैठक में उपस्थित अभिभावक अर्चना पोद्दार ने बताई कि मेरी बेटी संध्या भारती को डीडीयू जीके वाई,पटना प्राप्त किया बाद में दिल्ली में नौकरी हुई अभी वर्तमान में मुंगेर में ही कार्यगत है इससे हमें काफी खुशी मिल रही है।

### टो टो गाड़ी से सामान की चोरी

जंदाहा।टो टो गाड़ी से अपने रिश्तेदार के यहां आय एक व्यक्ति के गाड़ी से अज्ञात चोर द्वारा रात्रि समय गाड़ी की समान का चोरी कर लिया।इस मामले में ग्राम रसूलपुर भगवान थाना महुआ जिला वैशाली निवासी अजय कुमार द्वारा जंदाहा थाना में अपने द्वारा दर्ज कराई गई प्रथमिकी में बताया है कि वह अपने टो टो गाड़ी से अपने रिश्तेदार मलकौनी ग्राम निवासी राजकुमार पटेल के यहां रात्रि दस बजे में आया और खाना खाने के बाद सो गया जब वह शुवह उठा तो देखा कि उसके टो टो गाड़ी का तीन चक्का,बैट्री चार पीस व चार्ज मशीन नहीं है।उसके द्वारा काफी खोजबीन करने पर कुछ भी पता नहीं चला।इस मामले में अज्ञात चोर के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### बेहतर पुलिसिंग के जिले को 13 नए वाहन मिला

दरभंगा कार्यालय दरभंगा जिला मे बेहतर पुलिसिंग को लेकर पुराने वाहनों को देखते हुये पुलिस मुख्यालय ने इस जिला मे 13नये वाहनों को आवंटन किया है। इस कारण कई थानों को अब नई गाड़िया मिलेगी। वरीय पुलिस अधीक्षक जगु नाथ रेडी उर्फ जला रेडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह सूचना दी है।जिला के विभिन्न थानों मे प्रतिनियुक्त पुराने वाहनों को हटाकर नई गाड़िया भेजी जा रही है।इन थाना मे बाजीतपुर ,जमालपुर ,भालपट्टी ,केवटी ,बड़गांव ,कमतौल ,जाले ,अशोक पेपर मिल ,साईबर थाना ,कोतवाली ओपी एवं महिला थाना का नाम शामिल है। कुल 13थाना ,ओपी को नई गाड़िया उपलब्ध करायी गई है

### ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, दरभंगा के निदेशक सेवानिवृत्त

दरभंगा कार्यालय दरभंगा जिला अन्तर्गत बहादुरपुर स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान दरभंगा में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह संस्थान के निदेशक प्रभाष कुमार वर्मा के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख कुमार उदयन ने शिरकत की। अति भावुकता के साथ निदेशक वर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि उन्होंने सफलतापूर्वक पैंतीस वर्ष बेदाग छवि के साथ बैंक को अपनी सेवा दी और अन्तिम सेवा काल में नौ महीने के लिये आर- सेटी, दरभंगा में निदेशक के रूप में काम किया। उन्होंने कहा किप्रभाष कुमार वर्मा को एक सफल प्रबंधक के रूप में सेन्ट्रल बैंक परिवार हमेशा याद करेगा उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख कुमार उदयन ने कही।

# लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ संपन्न

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर।लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर संग्रहालय सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनरों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समापन हो गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी मास्टर ट्रेनरों को मतदान संबंधित आवश्यक निर्देश देते हुए प्रशिक्षण का शत प्रतिशत जानकारी लेने की बात कही। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी 135 मास्टर ट्रेनरों को निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आपके माध्यम से मतदान को सरल और सुगमता पूर्वक संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं, इस स्लोगन को ध्यान में रखते हुए आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

प्रशिक्षण को अत्यंत ही गंभीरता से लें और जितनी जानकारी दी जा रही है उसे शत प्रतिशत अपने नोट बुक अथवा डायरी में मेंशन कर लें, ताकि उसका उपयोग भूलने पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गलती को बर्दास्त नहीं किया जाएगा, इस लिए प्रशिक्षण में अपनी गंभीरता दिखाते हुए हर हाल में सभी जानकारी हासिल करें। आप सभी मास्टर ट्रेनर हैं और आपके माध्यम से ही अन्य सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है। इस लिए यदि आप ही सही से जानकारी प्राप्त नहीं कर सकेंगे तो दूसरों को जानकारी के आभाव में गलत जानकारी दी जाएगी। अत्यंत ही आसान तरीके से सभी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इस लिए इसे अच्छे से समझ कर सारे दस्तावेज एकत्रित कर के रखें। हर छोटी बड़ी सभी जानकारियों को अच्छे से समझ लें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सबसे बड़ी समस्या मतदान करा कर वापस आने वाले कर्मियों द्वारा ईवीएम और दस्तावेजों के संकलन में उत्पन्न होती है। कई बार जानकारी के अभाव में रिसिविंग में काफी विलंब होता है जिससे पदाधिकारियों सहित अन्य कर्मियों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस लिए इस बार इस तरह की समस्या से निजात दिलाने के लिए आप सभी को सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करना है। आप सबों में से प्रत्येक रिसिविंग काउंटर पर एक एक कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि इस समस्या से निजात पाया जा सके। इसके अतिरिक्त ईवीएम और वीवीपैट के लिए भी सही से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, ताकि मतदान के दिन यदि किसी बूथ पर इसके खराबी की सूचना प्राप्त हो तो उसे तत्काल ही ठीक कराया जा सके।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। एडीआर भवन परिसर में गुरुवार दिन विधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण देने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मुक्तेश्वर मनोहर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव श्री मनोहर ने उपस्थित पारा विधिक स्वयंसेवकों को वरिष्ठ नागरिकों ,मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों, सूचना का अधिकार अधिनियम सहित घरेलू हिंसा पर कानूनी जानकारी दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने पराविधिक स्वयंसेवकों को निर्देश दिया कि वह आम जनों के बीच उनके अधिकारों एवं कर्तव्य के संबंध में जागरूकता पैदा करें। श्री मनोहर ने कहा कि 9 मार्च.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी आम लोगों को देकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास करेंगे ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मुक्तेश मनोहर ने बताया कि 8 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इसलिए इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वावधान में 4 मार्च 2024 से 8 मार्च 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजित दो द्वार कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का भी अनुरोध किये इस प्रशिक्षण में जिले भर के पारा विधिक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# वित्तीय साक्षरता सह डिजिटल बैंकिंग जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। शुक्रवार को युकों आर सेटी के सभागार में साक्षरता पर एक कार्यक्रम आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए अग्रिम जिला प्रबंधक राजीव कुमार ने काहे की,मौजूदा समय में वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण विषय है, लोगों को वित्तीय तौर पर साक्षर होना उतना ही जरूरी हैं, जितना किसी डिग्री को प्राप्त करना. इसी वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हर साल वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जाता हैं. इस सप्ताह को वर्ष 2016 से मनाया जा रहा है, जिसके लिए हर वर्ष एक विभिन्न विषय चयनित किया जाता है, 2024 के लिए करो सही शुरूआत, बनो वित्तीय स्मार्टह्व विषय चयनित किया गया है। इस साल वित्तीय साक्षरता सप्ताह 26 फरवरी से 1 मार्च तक मनाया जा रहा है. आर सेटी के सभागार में में आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव कुमार ,आर सेटी के निदेशक गौतम कुमार , संकाय सन्नी एवं स्थानीय लोगों सहित 30 ट्रेनी से अधिक ने भाग लियाे इस अवसर पर ट्रेनी जो सिलाई कटाई के असेसमेंट में सफल हुए थे उन्हें प्रमाण पत्र अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव कुमार ,आर सेटी के निदेशक गौतम कुमार के द्वारा दिया गया।

# शांति हवन एवं भोज के साथ शाश्वत संस्कार का मना दसवां स्थापना दिवस



● अब तक चार सौ तीस शवों का हुआ विधिपूर्वक अंतिम संस्कार

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। लावारिस शवों का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार करने वाली अधिकृत संस्था शाश्वत संस्कार के द्वारा अब तक चार सौ तीस लावारिस एवं अत्यधिक निर्धन लोगों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। उपर्युक्त बातें शाश्वत संस्कार के संस्थापक अध्यक्ष संजय केशरी ने शाश्वत संस्कार के दसवें स्थापना दिवस पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा। इस अवसर पर लावारिस शवों के आत्मा की शांति के लिए आचार्य अनिल शास्त्री, विनोद झा तथा पवन झा के द्वारा शांति हवन एवं दो सौ से ज्यादा दरिद्र-नारायण और सामाजिक कार्यकताओं के बीच शांति भोज का आयोजन किया गया। महासचिव समीष कुमार वर्मा तथा कोषाध्यक्ष अमरनाथ प्रसाद ललन ने बताया कि शाश्वत संस्कार का ट्रस्ट के रूप में निबंधन हो चुका है इसलिए अब संस्था के पावन उद्देश्यों को पूरे बिहार में विस्तारित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में लावारिस शवों के मसीहा सह संस्था के पूर्व महासचिव स्व. नरेश कुमार गुप्ता के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनकी याद में दो मिनट का मौन धारण किया गया।

इस अवसर पर डॉ० दीपक, उत्तम कुमार गुप्ता, कौशल किशलय यादव, राजीव सिन्हा, मुकेश कुमार गुप्ता, शुभम कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार सिंह, सत्यनारायण साह, शुभम भगत, कपिल देव पहलवान, निशांत कुमार, दीपक जालान, भोला यादव, ब्रजेश कुमार, संयुक्ता सिंह चौहान, सोनी सिन्हा, जूली शर्मा, मुस्कान कुमारी, राकेश कुमार गुप्ता, संजय यादव एवं प्रकाश कुमार सिन्हा सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# जमुई लोकसभा क्षेत्र की जनता को सांसद से नहीं मिली संतुष्टि

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) ।जिले का कभी एक अंश जमुई जिला था जमुई प्रकृति सौंदर्य हरियाली और बरसाती नदियों के लिए मशहूर जमुई की अर्थव्यवस्था खेती पर आधारित है फसल अच्छी हुई तो बाजार में चहल-पहल देखी जाती रही है खराब हुई तो बाजार से रौनक गायब हो जाती है सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं होने से खेती बारिश की उम्मीद पर टिकी होती है कई सिंचाई योजना 50 वर्षों में पूरे नहीं हो सके तो कुछ दो दशक से अधूरे पड़े हुए हैं। ऐसे में जमुई को खेती आधारित अर्थव्यवस्था को सिंचाई की दरकार है। संसदीय क्षेत्र का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक नक्सल प्रभावित रहा हालांकि पिछले कुछ वर्षों से नक्सली गतिविधियों में कमी आई है जमुई जैन तीर्थ स्थल भी है ऐसा कहा जाता है कि जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर भगवान महावीर के को दिव्य ज्ञान उज्जैन होलिया नमक नदी के तट पर स्थित जिम भी ग्राम में प्राप्त हुआ था। यहां का नई पक्षी अभय अरण्य इन दोनों पक्षी प्रेमियों और शोधकताओं के लिए एक प्रमुख केंद्र बना हुआ है जमुई लोकसभा क्षेत्र बिहार के अन्य संसदीय क्षेत्र से कुछ अलग ही है 1952 के बाद दो बार यह विलुप्त हुआ पहली बार 1957 में इसका अस्तित्व खत्म हुआ और 5 साल बाद 1962 में फिर गठित हुआ लेकिन परिसीमन में 1977 में फिर विलुप्त हो गया 30 साल बाद 2009 में फिर यह अस्तित्व में आया इस अवधि में 1977 से 2004 तक जमुई जिले में चार जिले मुंगेर बांका गोड्डा और बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा बना रहा कुल मिलाकर 35 साल तक विलोपित रहा आजादी के बाद से लेकर अब तक इस सीट से सिर्फ आठ सांसद चुने गए जमुई के चार शेखपुरा मुंगेर के एक-एक विधानसभा क्षेत्र मिलकर इसका गठन किया गया है पहली बार 1952 में बनारसी प्रसाद सिंह को परिसीमन के बाद पुनः 1962 एवं 1967 में नयनतारा दास ने जीत दर्ज की 1971 में भारती कम्युनिस्ट पार्टी के भोला मांझी जीते अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट के तीसरी बार अस्तित्व में आने 2009 के बाद लगातार एनडीए का कब्जा रहा है ।

2009 में जदयू के भूदेव चौधरी जीते तब भाजपा एवं जदयू का गठबंधन था 2014 में गठबंधन टूटा तो रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान लोजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे और त्रिकोणी मुकाबले में चिराग ने राष्ट्रीय जनता दल का एवं जदयू को पराजित किया 2019 में भूदेव चौधरी रालोसपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े सीधे मुकाबले में चिराग ने उन्हें पराजित कर दिया । पिछले तीन चुनाव में एनडीए का वोट प्रतिशत बढ़ता गया । भाजपा ने कभी यहां प्रत्याशी नहीं उतरा । 2009 में जदयू 2014 एवं 2019 में यह सीट लोजपा के खाते में चली गई 2020 में लोजपा में टूट के बाद चिराग पासवान ने लोजपा रामविलास का गठन किया मौजूदा समीकरण चार विधानसभा सीटों पर एनडीए का एक एक विधायक हैं एक अन्य सीट चकाई जो निर्दलीय विधायक हैं एनडीए के साथ है पिछले लोकसभा चुनाव में सभी सीटों से लोजपा को बढ़त मिली थी तारापुर से जदयू शेखपुरा से राजद सिकंदरा से हम जमुई से भाजपा झाझा से जदयू और चकाई से निर्दलीय विधायक हैं इस चुनाव को लेकर अभी तक किसी पार्टी की ओर से पिटारा नहीं खोले गए हैं। सीटिंग सीट होने के कारण लोजपा आर का इस पर स्वाभाविक दवा है लेकिन जो स्थिति अभी जनता के सामने है उसमें सबसे बड़ा स्थिति है जमुई के रामानंद प्रसाद बताते हैं कि जमुई बाईपास का निर्माण बहुत जरूरी है इसके लिए किसी तरह का कोई कोशिश नहीं की गई अगर बाईपास का निर्माण होता तो इससे बड़ी आबादी को काफी फायदा होता । वही मनीष कुमार जमुई बाजार बताते हैं कि शहर में पानी नल का निर्माण किया जाना जरूरी है लेकिन इसके लिए कोई प्रयास संसद के द्वारा नहीं किया गया सुनील कुमार बरनवाल जमुई बताते हैं कि कार्यकाल तो ठीक रहा लेकिन आम जनों के सरोकारों से सांसद चिराग पासवान को बहुत मतलब नहीं रहा। संसद से मिलना आसान नहीं है यह चिंतनीय विषय है वहीं राजेश कुमार जमुई बताते हैं पर्यटक स्थल के रूप में जमुई के कई क्षेत्रों का विकास किया जा सकता है इससे काफी फायदा होता है। लेकिन इस पर भी कोई ध्यान संसद के द्वारा नहीं दिया गया इस योजनाओं को पूरा होने की उम्मीद है जमुई बाईपास सड़क का निर्माण जमुई सिमुलतला स्टेशन का अमृत स्टेशन के रूप में विकसित करना जमुई शहर में वेंडिंग जोन का निर्माण जिला मुख्यालय स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव झाझा से गिरिडीह तक रेल लाइन का निर्माण यह परियोजना पूरी हुई झाझा में फुट ओवर ब्रिज जमुई रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज जमुई में केंद्रीय विद्यालय का भवन बनकर तैयार ग्रामीण क्षेत्रों में कई गांव सोलर लाइट से जगमगा हो रहा है। विपक्ष की माने आईपी गुप्ता सदस्य आईसीसी ने तीन ऐसे काम गिना दिए जो यहां के लिए मिल का पत्थर साबित होता तो मानेंगे कि संसद ने यहां कुछ काम किया है। सांसद निधि से चापाकल और स्टेट लाइट लगाना विकास नहीं है। यह कार्यकताओं के घर पर ही लगाए गए हैं।जमुई सांसद चिराग पासवान कहते हैं की बड़ी योजनाओं का कार्य कराया गया है जमुई का अमृत स्टेशन के रूप में चयन हुआ है जमुई में वेंडिंग निर्माण में तेजी लाई गई है । कई पिछड़े इलाके में रेल लाइन पहुंचने का काम किया जा रहा है जनता ने विकास को देखकर वोट दिया है यो जमुई संसदीय क्षेत्र की जनता एनडीए के साथ रहने के कारण जनता की मजबूरी है लोक जनशक्ति पार्टी प्रत्याशी चिराग पासवान को वोट करना लेकिन जनमानस में उनके प्रति उतनी श्रद्धा नहीं है जितना होना चाहिए क्षेत्र में इस बार के चुनाव में चिराग पासवान को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

### बरियारपुर स्टेशन पर ट्रेन ड्राइवर एवं गार्ड का किया गया स्वागत

बारियारपुर (मुंगेर)। जमालपुर भागलपुर रेल खंड पर स्थापित ऋषिकुंड हॉल्ट एवं कल्याणपुर रोड स्टेशन पर दो अलग-अलग ट्रेनों का पहली बार रेल विभाग के द्वारा ठहराव दिए जाने पर ग्रामीणों के द्वारा दोनों ट्रेन के ड्राइवर एवं गार्ड का माला पहनकर स्वागत किया गया जिला पार्षद दुर्गेश सिंह मुखिया अशोक मंडल समाजसेवी अंशु दुबे धीरज पासवान विकास दुबे सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों के द्वारा कल्याणपुर रोड स्टेशन पर 13419 अप मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस के ड्राइवर एवं गार्ड को माला पहनाते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर स्वागत किया गया ऋषि कुंड हॉल्ट पर भाजपा प्रखंड प्रवक्ता मार्शल कुमार प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ टिट्टु विजय सिंह आशिक पासवान खजांची मंडल सहित सैकड़ो ग्रामीणों के साथ 03406 डाउन जमालपुर भागलपुर डेमू स्पेशल ट्रेन के ड्राइवर एवं गार्ड को माला पहनाते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया दोनों ट्रेनों की ठहराव को देखकर ग्रामीणों के बीच काफी खुशी देखी गई कल्याणपुर रोड स्टेशन पर मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस से जाने के लिए कुल 13 लोगों ने रेल टिकट कटाई जिसमें 10 जमालपुर के लिए एवं तीन टिकट मुजफ्फरपुर तक के लिए यात्रियों के द्वारा कटाई गई कल्याणपुर स्टेशन पर ट्रेन के प्रथम ठहराव को लेकर किसी प्रकार की कोई भगदड़ ना हो इसको लेकर बीडीओ शशि भूषण कुमार एवं अंचलाधिकारी रवीना गुप्ता भी स्टेशन पर उपस्थित थे।

# आदर्श ग्राम टीकारामपुर में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई एवं पुस्तकालय भवन का जिला पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को सदर प्रखंड के महुली पंचायत में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई तथा आदर्श ग्राम टीकामरापुर में पुस्तकालय भवन तथा सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर विकास कुमार, पंचायत की मुखिया संगीता देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने उद्घाटन के पश्चात अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उन्होंने मुखिया से इसके संचालन संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय भवन का उद्घाटन अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। पुस्तकालय में समुचित पुस्तकों की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है। जिसके माध्यम से पंचायत के ग्रामीण नव युवकों युवतियों को उसका लाभ मिल सके। पुस्तकों की उपलब्धता के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी सहयोग किया जाएगा, ताकि ग्रामीण युवक युवतियों को स्थानीय स्तर से देश दुनिया की जानकारी के साथ अन्य जानकारियां प्राप्त हो सके। उन्होंने युवाओं से इस पुस्तकालय का सदुपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि आप देश की भविष्य हैं और बिना शिक्षा के आप बिल्कुल शुन्य हैं। शिक्षित बनें और शिक्षा हासिल कर नौकरी प्राप्त करें, जिससे एक अच्छे समाज के निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण में भी आपकी सहभागिता मिल सके।

# जन विश्वास महारैली में वैशाली जिले से एक लाख युवा होंगे शामिलः डॉ मुकेश रोशन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। पटना के गांधी मैदान में आगामी 3 मार्च को होने वाली विश्वास रैली ऐतिहासिक होगी और इस रैली में वैशाली जिले से एक लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। महुआ विधायक मुकेश रोशन जिले कई स्थानों कर को भ्रमण कर ये दावा किया है। इन्होंने कार्यकताओं को तोन मार्च को पटना पहुंचने का आह्वान किया। जिले के विभिन्न स्थानों सहित महुआ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत, महुआ शहर में जनसंपर्क कर महुआ विधायक डा मुकेश रोशन ने महागठबंधन की ओर से पटना के गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास रैली में आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान विधायक ने राजद तथा महागठबंधन के नेताओं तया समर्थकों को संबंधित करते हुए कहा कि रैली के एक दिन पहले से ही उनके पटना आवास पर लोगों के रहने तथा भोजन एवं मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मेडिकल कैंप की भी व्यवस्था रैली के दौरान उपलब्ध रहेगी। कहा कि लगातार हो रहे लोकतंत्र और संविधान पर हमले के खिलाफ इंदी गठबंधन का यह महारैली काफी महत्वपूर्ण है। आगामी 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में तमाम विपक्षी नेताओं का जुटान होने जा रहा है। इस दौरान पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम, पूर्व विधान परिषद के सदस्य विशुनदेव राय, जिलाध्यक्षबैद्यनाथ , नागेन्द्र राय, सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष चौधरी वरिष्ठ नेता शंभू राय इंजीनियर अमर आलोक, राजेश शर्मा, चदन चौधरी आदि उपस्थित थे।

# प्राथमिक विद्यालय गुरमिया में छात्रों को मिला एफ एन एल किट

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। प्राथमिक विद्यालय गुड़मियां हाजीपुर के प्रांगण में बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली द्वारा दिया गया एफ एल एन किट छात्र-छात्राओं के बीच वितरित किया गया बच्चे एफ एल एन किट पाकर बहुत खुश हुए। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय गुड़मियां के प्रधानाध्यापक त्रिवेणी कुमार ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की अब सरकारी विद्यालय में भी सभी चीजों की व्यवस्था हो गई है बच्चों को मन लगाकर पढ़ना है और विद्यालय में निशुल्क पुस्तक पानी का बोतल कॉपी पेंसिल रंग कटर रबर कॉपी बैग आदि सभी सामान सरकार के तरफ से मुहैया कराया जा रहा है। अब सिर्फ अभिभावकों को अपने बच्चों पर ध्यान देने की बात है आर्थिक कोई समस्या अब नहीं है उनके पढ़ाई और खाने का व्यवस्था सरकार पूरी तरह से कर दी है। हमारे सरकारी विद्यालय के बच्चे भी किसी प्राइवेट विद्यालय से काम नहीं है सभी साधन उपलब्ध हो गए हैं हमें सिर्फ उसे विद्यालय में नियमित रूप से आने की प्रेरणा देना है जिससे सत प्रतिशत विद्यालय मे बच्चों की उपस्थित हो सके। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव सुप्रिया कुमारी ने ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विद्यालय द्वारा प्रदान किया गया एफ एल एन किट बच्चों के शिक्षा में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान देगा इससे बच्चों में मनोबल बढ़ता है पढ़ने लिखने की ललक बढ़ती है उक्त कार्यक्रम में शिक्षिका ललिता देवी बच्चे पीहू कुमारी दीपांशु राज गोलू कुमार आयुष कुमार हिमांशु कुमार रौनक राज जानवी कुमारी अर्जुन राज आदि बच्चों को एफ एल एन किट प्रदान किया गया।

# हाजीपुर नगर परिषद की बैठक में 43 .40 करोड़ रुपये लाभ अनुमान के साथ दो अरब से अधिक का बजट पेश

प्रात : किरण संवाददाता




हाजीपुर। नगर परिषद हाजीपुर के सभा कक्ष में मुख्य पार्षद श्रीमती संगीता कुमारी की अध्यक्षता में बोर्ड के बजट की विशेष बैठक आहूत की गई जिसमे उप मुख्य पार्षद श्रीमती कंचन कुमारी के साथ सशक्त स्थायी समिति के सदस्यगण श्रीमति प्रियंका पटेल, श्री अमित कुमार, श्री अजय कुमार सिंह, श्री रंजीत कुमार, श्रीमति सुधा देवी, अन्य सभी माननीय वार्ड पार्षदगण कार्यपालक पदाधिकारी श्री पंकज कुमार उपस्थित थे। बजट को मुनिसिपल फिनांस एक्सपर्ट श्री अमित बसाक के द्वारा तैयार किया गया एवं मुख्य पार्षद की अनुमति से सदन के पटल पर रखा गया। नगर परिषद हाजीपुर के वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कुत्त अनुमानित प्राप्ति 201 करोड़ 49 लाख रुपये है एवं कुल 158 करोड़ 10 लाख अनुमानित व्यय का अनुमान रखा गया। सभापति संगीता कुमारी ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि बजट में मुख्यमंत्री के नगर निकाय से संबंधित महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी इस बजट में ध्यान रखा गया है। इसमें विभिन्न योजनाओं पर कुल 91 करोड़ 91 लाख रुपये का खर्च होने का कानुमान है। वितीय वर्ष 2024-25 के लिए हाजीपुर नगर परिषद को कई मदों में व्यय का अनुमान है जिसके अंतर्गत स्थापना व्यय मद में कर्मचारियों के लिए वेतन, मजदूरी लाभ, भत्ता, पेंशन आदि के मद में लगभग सात करोड़ 76 लाख रुपये उपबंध किया गया है। प्रशासनिक व्यय मद में 06 करोड़ 11 लाख रुपये, परिचालन एवं संरक्षण मद में व्यय के अंतर्गत 45 करोड़ 12 लाख रुपये, कार्यक्रम संबंधित व्यय मद में लगभग 15 करोड़ 55 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान, पूंजीगत व्यय के अंतर्गत 76 करोड़ 36 लाख रुपये व्ययअनुमान है। जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका के नाए भूमि क्रय हेतु 05 करोड़ रुपये, मार्केट काम्प्लैक्स के लिए 02 करोड़ रुपये, स्वमुदायिक भवन के लिए 02 करोड़ रुपये, युद्धों हेतु आश्रय स्थल 02 करोड़ रुपये, शवदाह गृह के लिए 01 करोड़ रुपये, शहरी गरीबों के लिए बामंजिला आवासन 5 करोड़ रुपये, वंडर जोन के लिए 01 करोड रुपये, रोड एवं नाला निर्माण हेतु 23 करोड़ 65 लाख रुपये, जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जोवन हरियाली योजना हेतु 04 करोड़ 50 लाख, पब्लिक लाइट हेतु 05 करोड़ रुपये, सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु 7 करोड़, एम्बुलेंस के कर अनुमान है।

### निमार्णाधीन मकान में बम विस्फोट, पुलिस ने किया सात जिंदा बम बरामद

दरभांगा कार्यालय सदर अनुमंडल के बहादुरपुर थाना अंतर्गत दिनांक 29.फरबरी की देर रात छोटकी एकमी गाव में एक निमार्णाधीन मकान में अचानक विस्फोट हुई जिसके कारण अगल बगल के लोगो मे दहशत का माहौल उतपन्न हो।गयी जिसकी जानकारी स्थानीय लोगो के द्वारा 112 की टीम को सूचना दी गयी जहाँ दरभंगा के नगर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्या ,दरभंगा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारीअमित कुमार , लहेरियासराय थाना अध्यक्ष दीपक कुमार बहादुरपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार एवम गश्ती दल पदाधिकारी, स०अ०नि०बहादुर पुर थाना के राजकिशोर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची तो घटनास्थल से सात जिन्दा बम एवं बिस्फोट हुए बम का अवशेष एक निमार्णाधीन भवन से बरामद किया गया।।

# क्रांतिकारी युवा नेता तेजस्वी ने सभी को 3 मार्च, रविवार को पटना बुलाया हैः राकेश नायक

प्रात : किरण संवाददाता



दतभंगा कार्यालय महानगर युवा राजद दरभंगा के अध्यक्ष राकेश नायक के अध्यक्षता में दरभंगा गंगवारा क्रांति चौक स्थित युवा राजद के कार्यालय में आगामी 3मार्च को जन - जन के आवाज तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में पटना के गांधी मैदान में होने वाले जन विश्वास महारैली को सफल एवम् ऐतिहासिक बनाने हेतु सैकड़ों राजदवादी,समाजवादी एवम् क्रांतिकारी साथियों के साथ बैठक किया गया। उक्त बातें दरभंगा महानगर युवा राजद के अध्यक्ष राकेश नायक ने विज्ञप्ति जारी कर बताया उन्होंने कहा कि जन विश्वास यात्रा सफल एवम् ऐतिहासिक रहा! जन विश्वास महारैली भी सफल एवम् ऐतिहासिक होगा। मंदिर-मस्जिद की ध्यान भटकाऊ राजनीति नहीं, बिहार की सजग जनता को चाहिए नौकरी, रोजगार और समग्र विकास की सार्थक राजनीति जो तेजस्वी यादव जी कर रहे हैं!

17 महीनों के अपने सरकारी नौकरी, रोजगार और चौतरफा प्रगति के काम से तेजस्वी यादव जी ने बिहार के सभी वर्गों को प्रभावित किया है, आकर्षित किया है! बैठक में महानगर प्रधान महासचिव अकबर अली, राजद नेता डॉ संतोष गोस्वामी, पूर्व विवि अध्यक्ष मनीष यादव, ,सुरेश पासवान,विवि अध्यक्ष अभिषेक राम, राजेश कुमार यादव, गुलाम दस्तगीर, विश्वजीत यादव, रंजीत यादव, रंजन साहनी, कुंदन महतो, राजीव यादव, धर्मवीर रॉय, संतोष रॉय,सोहन दास, श्याम कुमार, सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### अय्यर-इशान की अनदेखी पर बोले साहा- कुछ भी 'जबरदस्ती नहीं किया जा सकता



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने गुरुवार को कहा कि अगर कोई क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलना चाहता तो कुछ भी 'जबरदस्ती नहीं किया जा सकता। हालांकि उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट आधार है और हर खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए इसे पर्याप्त महत्व देना चाहिए। साहा की प्रतिक्रिया इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किए जाने के बाद आई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा था कि इशान और अय्यर के नाम पर विचार नहीं किया गया। साहा ने इशान और अय्यर को बाहर किए जाने के संदर्भ में कहा कि यह बीसीसीआई का फैसला है और संबंधित खिलाड़ियों का व्यक्तिगत निर्णय है।

आप जबरदस्ती कुछ नहीं कर सकते। ये दोनों खिलाड़ी हाल तक भारतीय टीम का हिस्सा थे। दोनों पिछले साल 50 ओवर के विश्व कप में भी टीम का हिस्सा थे। इशान आखिरी बार दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टेस्ट टीम का हिस्सा थे जबकि अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही मौजूदा श्रृंखला के पहले 2 टेस्ट खेले। साहा ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि एक क्रिकेटर को हर मैच को समान महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी मैं फिट होता हूं मैं खेलता हूं, यहां तक कि मैंने क्लब मैच भी खेले हैं, कार्यालय के मैच भी खेले हैं।

मैं हमेशा एक मैच को एक मैच की तरह लेता हूं। मेरे लिए सभी मैच बराबर हैं। अगर हर खिलाड़ी इस तरह से सोचता है तो वह अपने करियर में केवल समृद्ध होंगे और यह भारतीय क्रिकेट के लिए भी बेहतर होगा। साहा ने कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू क्रिकेट का महत्व हमेशा रहता है क्योंकि अगर मैं सरफराज खान के बारे में बात करूं तो उसने पिछले चार-पांच वर्षों में काफी रन बनाए हैं। निश्चित रूप से उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। साहा ने इस बीच युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की बल्लेबाजी को 'उत्कृष्ट करार दिया।

### मप्र में 15 खिलाड़ियों को नौकरी क्रिकेटर वेंकटेश बने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मप्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बन गए हैं। उन्हें गुरुवार को भोपाल मुख्यालय में 14 अन्य खिलाड़ियों के साथ नियुक्ति पत्र दिए गए। विभाग ने कुल 15 खिलाड़ियों को योग्यता अनुसार विभिन्न पदों पर नियुक्ति दी है। इनमें वेंकटेश समेत 4 क्रिकेटर, 3 एथलेटिक्स, 3 टेनिस, 3 टेबल-टेनिस, तैराकी और वॉटरस्पोर्ट्स के 1-1 खिलाड़ी शामिल हैं। इंदौर के वेंकटेश ने देश के लिए दो वनडे और 9 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। वर्तमान में कोलकाता नाइट राइडर्स से आईपीएल खेल रहे हैं। मप्र की तीनों फार्मेट की टीमों में खेल रहे हैं।

### कैमरोन ग्रीन- जोश हेजलवुड की बेजोड़ जोड़ी

#### टेस्ट क्रिकेट में बना डाला नया वर्ल्ड रिकॉर्ड



ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरोन ग्रीन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में नॉटआउट 174 रनों का योगदान दिया। ग्रीन ने 275 गेंदों पर 23 चौके और पांच छक्कों की मदद से ये रन बनाए। डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद ग्रीन को नंबर-4 की बैटिंग पोजिशन पर आजमाया गया है और उन्होंने साबित कर दिया कि वह इस बैटिंग पोजिशन के सही हकदार भी हैं। सीरीज का पहला मैच वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 267 रनों तक 9 विकेट गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि पहली पारी में ज्यादा से ज्यादा 280 रन ही बन पाएंगे, लेकिन कैमरोन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने मिलकर 10वें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी निभाकर न्यूजीलैंड को पूरी तरह से बैकफुट पर ढकेल दिया।



# साथी खिलाड़ी से टकरा अजीबो-गरीब तरीके से आउट हुए केन विलियमसन, 12 सालों में पहली बार हुए रनआउट

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुक़ाबला वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व मैदान में खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच के दूसरे दिन कीवी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पहली पारी में मात्र 179 रन पर ढेर हो गई। इस दौरान न्?यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन अजीबो -गरीब तरीके से आउट हुए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

इस मुकाबले के दूसरे दिन केन विलियमसन के साथ दुखद वाकया हुआ। विलियमसन मिचेल स्टार्क के ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लेना चाहते थे। उन्होंने मिड ऑफ में शॉट खेला और तेजी से रन लेने की कोशिश की। लेकिन नॉन स्ट्राइक पर खड़े विल यंग की नजरें गेंद पर थी और उन्होंने विलियमसन को देखे बिना दौड़ लगा दी। रन दौड़ते वक्त दोनों एक दूसरे से टकरा गए और विलियमसन का बैलेंस बिगड़ गया। इसी बीच मिड ऑफ पर खड़े मार्नस लाबुशेन ने गेंद उठाकर नॉन-स्ट्राइकर एंड पर डायरेक्ट थ्रो कर दिया। विलियमसन क्रीज तक नहीं पहुंच पाये और रनआउट हो गए।

विलियमसन अपना खाता भी नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए। 12 साल में यह पहली बार है जब न्?यूजीलैंड के पूर्व कप्तान टेस्ट क्रिकेट में रन आउट हुए हैं। इससे पहले वह 26 जनवरी 2012 को जिम्बाब्वे के खिलाफ नेपियर टेस्ट में रन-आउट हुए थे। कुल मिलाकर विलियमसन टेस्ट क्रिकेट में तीसरी बार रन आउट हुए हैं। वह जिम्बाब्वे के खिलाफ दो और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बार रन आउट हुए हैं।

मैच की बात करें तो कैमरून ग्रीन की धमाकेदार पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन का स्कोर बनाया था। ग्रीन के नाबाद 174 रनों की पारी खेली। उनके अलावा कोई कंगारू बल्लेबाज 40 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया। आखिरी विकेट के लिए ग्रीन ने जोश हेजलवुड के साथ शतकीय साझेदारी भी की। कीवी टीम के लिए मैट हेनरी ने पांच विकेट झटके। जवाब में कीवी टीम अपनी पहली पारी में 179 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन की पारी खेली, उन्हें नौवें नंबर पर उतरे मैट हेनरी का अच्छा साथ मिला। हेनरी ने 34 गेंद में 42 रन बनाए। इस दौरान न्यूजीलैंड के चार बल्लेबाज 0 के स्कोर पर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्पिनर नाथन लियोन ने सबसे ज्यादा चार विकेट चटकाए।

## पांचवें टेस्ट के लिए टीम का ऐलान, इस स्टार खिलाड़ी की हुई वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम मौजूदा समय में इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है. रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मुकाबले में भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की. जीत के साथ ही भारत ने सीरीज पर 3-1 से कब्जा कर लिया. भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ अपना आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला में खेलने उतरेगी. जिसके लिए बीसीसीआई ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. सीरीज में भारतीय टीम अच्छे लय में नजर आ रही है. भारतीय टीम के तरफ से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छे फॉर्म में नजर आ रहे हैं. यशस्वी इस टेस्ट मुकाबले में कई रिकॉर्ड अपने नाम करने के बिल्कुल करीब हैं. भारत का पांचवां टेस्ट मुकाबला सात मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा. पांचवें टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है. वहीं केएल राहुल टीम से बाहर हो गए हैं. केएल राहुल की धर्मशाला टेस्ट में भागीदारी



फिटनेस पर निर्भर थी, लेकिन वो इस टेस्ट के लिए फिट नहीं हैं. ऐसे में उनको धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया गया है. बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर कड़ी निगरानी रख रही है, वहीं उनकी इंजरी को देखते हुए लंदन में विशेषज्ञों के साथ बातचीत की जा रही है.

### बुमराह की हुई टीम में वापसी

जसप्रीत बुमराह की पांचवें टेस्ट में वापसी हुई है. बुमराह को रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मुकाबले में आराम दिया था. मगर वह पांचवें टेस्ट में टीम में वापस आ गए हैं. उनकी वापसी से टीम को मजबूती मिली है. अब वो 5वें टेस्ट के लिए धर्मशाला में टीम के साथ जुड़ेंगे. बुमराह ने इस सीरीज में अब तक तीन मैचों में 17 विकेट लिए हैं.

### यशस्वी जायसवाल तोड़ सकते हैं गावस्कर का 53 साल पुराना रिकॉर्ड

बता दें, यशस्वी जायसवाल ने विशाखापत्तनम में खेले गए टेस्ट मुकाबले में 209 रनों की पारी खेली थी. वही उन्होंने राजकोट टेस्ट की दूसरी पारी में भी दोहरा शतक जड़ा था. दूसरी पारी में उन्होंने 214 रन बनाए थे. खेले जा रहे टेस्ट मुकाबले में यशस्वी जायसवाल जिस तरह का खेल का प्रदर्शन दिखा रहे हैं, उसे देखकर ये साफ प्रतीत हो रह है कि धर्मशाला में खेले जाने वाले टेस्ट में वह सुनील गावस्कर का 53 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं.

### सुनील गावस्कर टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

बता दें, महान बल्लेबाज गावस्कर किसी एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं. गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू टेस्ट सीरीज में खेलते हुए 4 टेस्ट मैचों में रिकॉर्ड 774 रन (डबल सेंचुरी समेत 4 शतक और तीन अर्धशतक) बनाए थे. तब गावस्कर का औसत 154.80 का रहा था. यह अब भी किसी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड है.

### धर्मशाला में 5वें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर. अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप.

## कुछ लोगों को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं : कपिल देव

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने के कारण केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है। कपिल ने साथ ही कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूनार्मेंट जैसे रणजी ट्राफी को बचाये रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था।


**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–127 वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–07.03.2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–09.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–09.03.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी :

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | S/R to Pathway, Doors & window work in 96 officer's flat No. A3/2 at Nehru Path, Patna for the year 2023-24. - | 568500.00 | 12000.00 | 1250.00 | 15 days |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 018757 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार




### खेल मंत्री अनुराग ठाकुर बोले- खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट दिए जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये चीजें आसान करने की अपनी योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू किया गया था। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इस पहल से खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत भी होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, '' हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का अहम फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये चीजें आसान करने की अपनी योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू किया गया था।

## पीएसएल 2024 : शेरफेन रुदरफोर्ड ने 6 छक्के लगाकर दिलाई क्वेटा ग्लेडिएटर्स को बड़ी जीत

**कराची।** कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान सुपर लीग के तहत खेले गए मुकाबले में क्वेटा ग्लेडिएटर्स ने शेरफेन रुदरफोर्ड की शानदार पारी की बदौलत आखिरी गेंद पर 5 विकेट से जीत हासिल कर ली। कराची ने इससे पहले खेलते हुए जेम्स विंस के 37, मोहम्मद नवाज के 28 तो अनवर अली के 14 गेंदों पर बनाए गए 25 रन की बदौलत 165 रन बनाए थे। जवाब में क्वेटा को जेसन रॉय (52) और सऊद शकील (24) ने अच्छी शुरूआत दी। मध्यक्रम में शेरफेन रुदरफोर्ड टीम के काम आए। उन्होंने 31 गेंदों पर एक चौके और 6 छक्कों की मदद से 58 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। कराची के कप्तान शान मसूद पहले ही ओवर में 2 रन बनाकर आऊट हो गए थे। जबकि सीफर्ट 11 गेंदों पर 21 रनों का योगदान ही देन पाए। जेम्स विंस ने जमने की कोशिश की और 25 गेंदों पर 37 रन बनाए। इसके अलावा शोएब मलिक ने 12 तो मोहम्मद नवाज ने 28 रन बनाए। किरोन पोलार्ड ने 10 गेंदों पर 13 तो इरफान खान ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाए। अंत में अनवर अली ने 14 गेंदों पर 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर स्कोर 165 पर ला खड़ा किया। क्वेटा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अकिल हुसेन ने 34 रन देकर दो विकेट लिए। इसी तरह अबरार अहमद ने 31 रन देकर 3 तो उसमान तारिक ने 16 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्वेटा ने शानदार शुरूआत की थी। ओपनर जेसन राय ने जहां 31 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 52 रन बनाए तो वहीं, साउद शौकील ने 20 गेंदों पर 24 रनों का योगदान दिया। क्वेटा का मध्यक्रम चल नहीं पाया। ख्वाजा 2, सरफराज अहमद 3 तो कप्तान रिले रोसौव 6 रन बनाकर आऊट हो गए लेकि इसके बाद शेरफेन रुदरफोर्ड ने एक छोर संभालते हुए 31 गेंदों पर छह छक्कों की मदद से 58 रन बनाकर अपनी टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी। अकिल हुसेन ने भी 17 गेंदों पर 22 रन बनाए।


**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–70 वर्ष 2023–24**

इस कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न भवनो/कार्यालयों में लगे विभिन्न क्षमता वाले Split Air Conditioning Machine/AC Unit का कार्य हेतु निर्माता/आपूर्तिकर्ता/अधिकृत एजेंसी/पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदको से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–12.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदको को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 3.30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के सक्षम खोली जायेगी। कोटेशनदाता स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही कोटेशन समर्पित करेगें। उक्त कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0म0सं0 | कार्य का नाम | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | SITC of 1.5 Ton Inverter Technology type Split AC machine (O General make Ac) in the old room besides the room for Electrician within premises of the Residence of Hon'ble the chief Justice, Patna High Court situated at 154,Chhajjubagh, Patna. | 10 दिन |
| 2. | SITC of 2 Ton Inverter Technology type Split AC machine (O General make Ac) in the Courts Residence No 08 , Harding Road, Patna . | 10 दिन |
| 3. | SITC of 2 Ton Inverter Technology type Hot& Cold O General Split AC machine (4 No Ac) at 3 No Birchand Patel Path (Hon'ble judge Mr. Alok Kumar Panday) residence, Patna . | 10 दिन |
| 4. | SITC of 2 Ton Inverter Technology type Hot& Cold O General Split AC machine (4 No Ac) Residence at No 16 Harding Road (Hon'ble judge Mr.Chandra Prakesh Singh) at Patna. | 10 दिन |
| 5. | SITC of 2 Ton Inverter Technology type Hot& Cold O General Split AC machine (4 No Ac) Residence at No 14M Strand Road (Hon'ble judge Mr. Shailendra Singh) at Patna. | 10 दिन |
| 6. | SITC of 1.5 Ton Inverter Technology type Hot & Cold Split AC machine (4 No Ac) Residence at No 2 Taylor Road Hon'ble Mr. justice Dr. Anshuman) at Patna. | 10 दिन |
| 7. | SITC of 2 Ton Inverter Technology type Hot& Cold O General Split AC machine (4 No Ac) Residence at No 16M Strand Road (Hon'ble Mr. Justic A. Abhishek Reddy) at Patna. | 10 दिन |

PR- 018585 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई 92वीं ट्रेन, केजरीवाल सरकार ने तीर्थयात्रा पर भेजे 780 बुजुर्ग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत गुरुवार को 780 बुजुर्गों को लेकर 92वीं ट्रेन दिल्ली से द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। यात्रा से पूर्व सभी तीर्थयात्रियों के लिए त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री आतिशी ने यहां पहुंचकर तीर्थ-यात्रियों से मुलाकात की और उन्हें यात्रा टिकट व किट सौंपा। इस मौके पर राजस्व मंत्री ने कहा कि मैं दिल्ली के सभी बुजुर्गों की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करना चाहती हूं, जो दिल्ली के सभी बुजुर्गों को अपने माता-पिता की तरह मानते हैं और बेटे की भूमिका निभाते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक केजरीवाल सरकार 91 ट्रेन से 87 हजार से अधिक बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा पर भेज चुकी है। राजस्व मंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि पिछली कई बार से तीर्थ-यात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों में 80 फीसदी महिलाएं हैं। उन्होंने तीर्थ-यात्रियों को उनके यात्रा के लिए मंगलकामनाएं दी और अपील करते हुए कहा कि, यात्रा के दौरान आप सभी अच्छे से दर्शन करें और भगवान श्रीकृष्ण से देश और दिल्ली की तरक्की की कामना जरुर करें। बताते चलें कि इस यात्रा के दौरान सारा खर्च दिल्ली सरकार खुद उठाती है। बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों के आने जाने का खर्च से लेकर उनके ठहरने व खाने की व्यवस्था भी दिल्ली सरकार करती है। दिल्ली सरकार रामेश्वरम, द्वारकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वरम, जगन्नाथपुरी, बाबा महाकाल, शिरडी में तमकेश्वरम, तिरुपति बालाजी, अयोध्या, माता वैष्णो देवी, पुष्कर, फतेहपुर सिकरी, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर, करतारपुर साहिब, मथुरा-वृंदावन और हरिद्वार के दर्शन अपने खर्च पर करवाती है। पात्र यात्री अपनी मन पसंद यात्रा को चुन सकते हैं।

### ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के नियम होंगे सख्त, डीजीसीए ने बताया इन कर्मियों की प्रतिदिन होगी जांच

**नई दिल्ली।** ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट को लेकर नियम को सख्त किया जाएगा। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आदेश में कहा गया है कि हवाईअड्डे पर सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील कार्य करने वाले हवाई यातायात नियंत्रकों, ग्राउंड स्टाफ, विमान रखरखाव इंजीनियरों और कर्मियों में से कम से कम 25 प्रतिशत कर्मियों का प्रतिदिन ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाएगा। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के लिए केवल फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। यह मशीन अपनी सटीकता के लिए प्रसिद्ध है। इस संबंध में संशोधित नागरिक उड्डयन आवश्यकताएं (सीएआर) तीन महीने बाद लागू होंगी। यह नियम हवाई यातायात नियंत्रकों, ग्राउंड स्टाफ, विमान रखरखाव इंजीनियरों और ग्राउंड हैंडलिंग सेवा कर्मियों पर लागू होगा। इस समय 10 प्रतिशत कर्मियों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाता है। डीजीसीए ने कहा कि सीएआर में संशोधन से सुरक्षा का स्तर और बढ़ेगा। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट से जांच होती है कि किसी ने शराब पी है या नहीं।

### असम कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी भाजपा में हुए शामिल

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस की असम इकाई से इस्तीफा दिया था। इससे पहले राणा गोस्वामी ने रविवार को विभिन्न राजनीतिक कारणों का हवाला देते हुए पार्टी के संगठन प्रभारी (ऊपरी असम) के पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद राणा गोस्वामी ने कहा कि कुछ न कुछ होता रहता है, इसलिए मुझे कांग्रेस पार्टी छोड़नी पड़ी। मैं सात साल तक पार्टी का सचिव भी रहा हूं, मैंने गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रियंका गांधी के साथ काम किया है। गुलाम नबी आज़ाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी पार्टी छोड़ दी।

# हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार कभी भी गिर सकती है: जयराम ठाकुर

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में संकट टला नहीं है। ऐसे संकेत प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ही देती नजर आ रही हैं। वहीं, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता का दावा है कि कांग्रेस सरकार कभी भी गिर सकती है। फिलहाल, खबरें हैं कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा स्पीकर की तरफ से अयोग्य घोषित किए गए 6 विधायक सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं।

भाजपा नेता ठाकुर ने पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह पत्नी और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह को जलालत के दौर से बाहर आने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, जब सोनिया गांधी नहीं सुन रहे थे, जब राहुल गांधी नहीं सुन रहे थे, जब प्रियंका गांधी नहीं सुन रहे थे। आखिरकार हमने सुन लिया और स्वभाविक रूप से उनकी पीड़ा एक नहीं कई दिनों से थी। उन्होंने विधानसभा के कई सदस्यों के नाराज होने का भी दावा किया।

उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों को इन लोगों ने डरा के रखा है, दबा कर रखा है, लेकिन ये दौर लंबा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा, प्रतिभा सिंह जी, यह जलालत का दौर आपके साथ इतने दिनों से चल रहा है। कई सालों से चल रहा है, तो आपको



इससे बाहर आना चाहिए। आप हिम्मत करिए। उन्होंने सिंह का साथ देने पर कहा कि इसपर विचार किया जाएगा।

एक चैनल से बातचीत के दौरान कांग्रेस सरकार के भविष्य को लेकर उन्होंने कहा, ये (सरकार) न पहले सेफ थी, न आज है और कल तो होगी ही नहीं। उन्होंने कहा, कभी गिर जाएगी, आप रात को सो जाएंगे और सुबह देखेंगे कि सरकार गिर जाएगी।

**प्रतिभा सिंह बोलीं- अभी नहीं टला है संकट:** एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिंह का कहना है कि भले ही पार्टी ने अभी राज्य में अपनी सरकार बचाने में सफलता हासिल कर ली हो, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि संकट टल गया है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि कल या आने वाले भविष्य में क्या होगा...। कुछ मुद्दे थे, जिनपर कुछ घंटों या एक दिन में फैसला नहीं लिया जा सकता। इसमें समय लगेगा। उन्होंने आगे कहा, और तब ही हम यह कहने की स्थिति में होंगे कि सरकार (पांच सालों तक) चलती रहेगी।

**क्या है मामला:** हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में जीत को लेकर भरोसेमंद नजर आ रही कांग्रेस को झटका लग गया और राज्य में विपक्ष भाजपा के उम्मीदवार हर्ष महाजन को सांसद चुन लिया गया। इस चुनाव में कांग्रेस के 6 विधायकों के तीन निर्दलीय विधायकों के साथ मिलकर क्रॉस वोट करने की खबर है। इसके बाद से ही राज्य सरकार पर संकट मंडराने लगा था।

## वायनाड के सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज में हुई छात्र की मौत

**वायनाड , एजेंसी।** केरल के एक सरकारी पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की मौत मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार छह लोगों को 29 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और सातवें व्यक्ति को आज पूछताछ के लिए पलक्कड़ से हिरासत में लिया गया है।

वहीं इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है। कांग्रेस ने सत्तारूढ़ माकपा की छात्र शाखा एसएफआइ पर छात्र की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। विश्वविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र 20 वर्षीय सिद्धार्थन का शव 18 फरवरी को छात्रावास के स्नानघर में लटका हुआ मिला था। कांग्रेस का यह आरोप सिद्धार्थन के पिता के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने छात्रावास में उनके बेटे को तीन दिन तक पीटा था। एसएफआइ ने आरोप से इन्कार किया है।

## बीजेपी को चंदा देना चाहते थे पूर्व जज, इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर लग गया 2.5 करोड़ का चूना

**हैदराबाद, एजेंसी।** इलाहाबाद और आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस डीएसआर वर्मा ने हैदराबाद पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करा शिकायत की है कि उनके साथ दो लोगों ने 2.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जालसाजों ने कथित तौर पर बीजेपी के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के नाम पर उनसे ये रकम ली थी लेकिन कभी बॉन्ड खरीदे ही नहीं गए।

2010 में अपने पद से सेवानिवृत होने वाले जज साहब ने तीन दिन पहले यानी 27 फरवरी को हैदराबाद के एक थाने में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उनके परिवार ने आपस में मिलकर ये रकम जुटाई थी। बकौल पूर्व जज, परिवार से इकट्ठा करने के बाद ये रकम दोनों आरोपियों को भुगतान की गई थी ताकि वे इलेक्टोरल बॉन्ड खरीद सकें लेकिन कभी कोई बॉन्ड जारी ही नहीं किया गया। शिकायत में कहा गया है कि ये बॉन्ड भाजपा के पक्ष में जारी किए जाने थे।

शिकायत में जिन दो लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें एक नरेंद्रन और दूसरा सरथ रेड्डी है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईआर में पूर्व जज ने आरोप लगाया है, नरेंद्रन, जो हमारे रिश्तेदारों का एक परिचित व्यक्ति है, अपने परिचय का फायदा उठाते हुए मेरे पास आया और केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के लिए कुछ चंदे की मांग की जिसे बॉन्ड के माध्यम से स्वीकार किया जाना था। नरेंद्रन ने सरथ रेड्डी को हमसे रकम लेने का जिम्मा सौंपा था। (कहा जाता है कि सरथ रेड्डी आत्मिया होम्स नाम की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में शामिल हैं)। सरथ रेड्डी ने उन्हें और उनके पोते-पोतियों को संयुक्त राज्य अमेरिका में सम्मानजनक स्थान देने का वादा किया था, क्योंकि वह इलाहाबाद और आंध्र प्रदेश के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश रह चुके हैं। रिटायर्ड जज ने कहा कि वह और उनका परिवार उसके झांसे में आ गया।

## परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंच पाया छात्र, निराशा में करली आत्महत्या; पिता के नाम लिखा भावुक पत्र

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण गुरुवार को एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, इंटरमीडिएट का छात्र परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंच पाया, जिसके बाद उसने आदिलाबाद जिले में एक बांध में कूदकर जान दे दी।

पुलिस ने बताया कि आदिलाबाद के मंगुरला गांव के रहने वाले 17 वर्षीय छात्र को इंटरमीडिएट की चल रही परीक्षा के दौरान एक पेपर में शामिल होना था। वह सुबह 9.15 बजे आदिलाबाद शहर पहुंच गया था। मगर छात्रों को सुबह 8.30 बजे तक परीक्षा हॉल में पहुंच जाना था। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होनी थी।

दरअसल, तेलंगाना इंटरमीडिएट बोर्ड में एक मिनट की देरी से भी छात्रों को परीक्षा में बैठने की परमिशन नहीं दिए जाने का नियम है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद छात्र सुबह करीब 9.30 बजे वहां से अपने गांव के लिए निकल गया, लेकिन उसने घर वापसी के दौरान एक सिंचाई परियोजना में कूदकर जान दे दी।

पुलिस ने कहा कि छात्र का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक छात्र ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें उसने कहा है कि वह अपने जीवन में पहली बार परीक्षा देने से चूक गया। छात्र ने लिखा है कि उसने यह कदम परीक्षा में देरी से पहुंचने के कारण उठाया है।

अपने पिता को संबोधित करते हुए युवक ने पत्र में गहरी पीड़ा व्यक्त की है। छात्र ने कहा है कि मेरे पिता ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है लेकिन मैं पिता के लिए कुछ नहीं कर पाया, जिसके लिए उसने माफी मांगी। हालांकि, पुलिस ने केस दर्द करके जांच शुरू कर दी है।

## नहीं रहे अयोध्या में राम मंदिर के सबूत देने वाले अरुण कुमार

**रायपुर, एजेंसी।** प्रसिद्ध पुरातत्वविद् पद्मश्री डॉ अरुण कुमार शर्मा का बुधवार देर रात 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शहर में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। अरुण कुमार शर्मा उस टीम के सबसे सीनियर सदस्य थे, जिसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर राम जन्मभूमि अयोध्या स्थल की खुदाई की थी। खुदाई के बाद उन्होंने रिपोर्ट सौंपी थी जिसमें कहा गया था कि मस्जिद बनाने के लिए एक मंदिर को तोड़ा गया था।

अरुण कुमार शर्मा को 2017 में भारत के दिवंगत राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया था। 12 नवंबर 1933 को रायपुर जिले के चंदखुरी में जन्मे शर्मा ने 1958 में सागर विश्वविद्यालय से एमएससी (मानव विज्ञान) की पढ़ाई पूरी की थी और एक साल बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) में शामिल हो गए।

एएसआई में शामिल होने के बाद, उन्होंने पुरातत्व में दो साल का डिप्लोमा किया और उस साल वे ऑल इंडिया टॉपर थे। जिसके



लिए उन्हें मौलाना अबुल स्वर्ण पदक मिला था। 33 वर्षों की सेवा के बाद, वह 1992 में एएसआई नागपुर के अधीक्षक पुरातत्वविद् के पद से सेवानिवृत्त हुए। 1994 से वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार रहे।

अरुण शर्मा के बेटे मनीष शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के राज्य की राजधानी रायपुर स्थित अपने आवास पर उनके पिता ने अंतिम सांस ली। वह 91 वर्ष के थे। राज्य के प्रसिद्ध पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा ने अयोध्या के विवादित स्थल पर एक हिंदू मंदिर के अस्तित्व के समर्थन में पुरातात्विक साक्ष्य एकत्र किए थे। मनीष शर्मा ने बताया कि उनके पिता द्वारा एकत्र किए गए सबूतों को पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय और फिर उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर सुनवाई के दौरान स्वीकार किया था।

मनीष शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सेवा के दौरान अरूण कुमार शर्मा सिरपुर, तरीघाट, सिरकट्टी, आरंग, ताला, मल्हार जैसे कई स्थानों पर खुदाई में शामिल थे। उन्होंने बताया, सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने पुरातत्व स्थलों-- सिरपुर (छत्तीसगढ़) और मानसर (महाराष्ट्र) में खुदाई में एएसआई की सहायता की थी। एएसआई में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने पूरे भारत में, विशेषकर गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू, महाराष्ट्र, लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पुरातात्विक स्थलों की खुदाई की और उनके बारे में रिपोर्ट प्रकाशित की।

मनीष ने कहा, पुरातत्व पर उनकी 35 किताबें प्रकाशित हुईं। जब बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि अयोध्या मामले की सुनवाई इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में चल रही थी तब अरूण कुमार शर्मा इस मामले के प्रमुख गवाह थे।

## 3 मार्च को चुना जाएगा पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान को नया प्रधानमंत्री रविवार यानी तीन मार्च को मिलेगा। बीते दिन पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सचिवालय ने देश के नए प्रधानमंत्री के चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद की रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, उम्मीदवार शनिवार दोपहर दो बजे तक अपना नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच उसी दिन पूरी कर ली जाएगी। प्रधानमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया नवनिर्वाचित सांसदों के जरिए होगी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 72 साल के शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। उमर अयूब खान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उम्मीदवार हैं। इससे पहले बताया गया था कि चुनाव आयोग (ईसीपी) एक मार्च को राष्ट्रपति चुनाव का कार्यक्रम जारी कर सकता है, जिसमें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी की जीत लगभग तय मानी जा रही है। पाकिस्तानी मीडिया ने ईसीपी के प्रवक्ता के हवाले से कहा था सभी चार प्रांतीय विधानसभाएं 29 फरवरी तक अस्तित्व में आएंगी और फिर राष्ट्रपति चुनाव के लिए जरूरी निर्वाचक मंडल के गठन का काम पूरा हो जाएगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व में केंद्र में नई





गठबंधन सरकार बनाने के लिए छह पक्षीय गठबंधन तैयार है। पीएमएल-एन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। जरदारी इससे पहले सितंबर 2008 से 2013 तक देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं। आठ फरवरी को हुए चुनाव के त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। जिसके बाद पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन बनाने का फैसला किया। यह गठबंधन इस शर्त पर बना कि पीपीपी के आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति का पद मिलेगा। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज को पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री पद मिलेगा। संविधान के अनुच्छेद 41 के मुताबिक, राष्ट्रपति का चुनाव आम चुनाव संपन्न होने के 30 दिनों के भीतर होना चाहिए। आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। इसका मतलब 9 फरवरी से पहले राष्ट्रपति चुनाव हो जाने चाहिए। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 72 वर्षीय शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। जबकि उमर अयूब खान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उम्मीदवार हैं।

पाकिस्तान की 16वीं नेशनल असेंबली के उद्घाटन सत्र में गुरुवार को कुल 302 नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली। नेशनल असेंबली सचिवालय की ओर से एक अधिसूचना जारी की गई। नेशनल असेंबली या देश की संसद के निचले सदन के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई। श्री अशरफ ने कहा कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा 336-सदस्यीय सदन में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों और आरक्षित सीटों से जीतने वाले उम्मीदवारों की कुल 310 अधिसूचनाएं जारी की गई हैं, जबकि शेष अभी भी प्रतीक्षित, रोके हुए या विलंबित हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद, नई सरकार के गठन से पहले अगला कदम नेशनल असेंबली के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव है, जो 01 मार्च को होगा।

## यूक्रेन जंग के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दी परमाणु गिराने की धमकी

**मास्को, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों को दो टूक कहा है कि उनकी एक गलती पूरी दुनिया को भारी पड़ सकती है और विनाश की कगार पर ले जा सकती है। पुतिन ने नाटो देशों से कहा है कि अगर उन लोगों ने यूक्रेन जंग में सैनिक भेजे तो दुनिया भर में परमाणु युद्ध की आग भड़क सकती है। उन्होंने कहा कि वह जवाबी हमले से पीछे नहीं चूकेंगे। पुतिन ने इसी महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ये बातें कही हैं।





रूसी राष्ट्रपति के इस संबोधन को यूरोप और अमेरिका एक बड़े खतरे के रूप में देख रहा है। पुतिन का यह बयान फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के वक्तव्य के बाद आया है। मैक्रों ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि भविष्य में यूक्रेन में पश्चिमी देशों के सैनिकों की तैनाती से इनकार नहीं किया जा सकता। पुतिन ने मैक्रों के बयान का जिक्र करते हुए आगाह किया कि जो देश ऐसा करने का फैसला लेंगे उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुतिन ने कहा, पश्चिमी देश, यूरोप में नाटो सहयोगियों पर हमला करने की योजना का आरोप लगाकर हमारे देश पर हमला करने के लिए निशाने चुन रहे हैं। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमारे पास भी ऐसे परमाणु हथियार हैं, जो उनके क्षेत्रों को निशाना बना सकते हैं। पुतिन ने कहा कि अब वे (पश्चिमी देश) जो सुझाव दे रहे हैं और दुनिया को डरा रहे हैं, उन्हीं से परमाणु युद्ध का वास्तविक खतरा पैदा हो रहा है, जिसका परिणाम हमारी सभ्यता का विनाश होगा। उन्होंने यूक्रेन में युद्ध के बीच रूस के सैनिकों की सराहना की और कुछ देर मौन धारण करके युद्ध में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। पुतिन रूस में 15 से 17 मार्च के बीच होने वाला राष्ट्रपति चुनाव निर्दलीय लड़ रहे हैं। इस चुनाव में उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है। पुतिन के मुखर आलोचक माने जाने वाले एलेक्सी नवेलनी का हाल ही में निधन हो गया था। नवेलनी आतंकवाद के आरोप में 19 वर्ष के कारावास की सजा काट रहे थे। शुक्रवार को नवेलनी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# अमेरिका का अंतरिक्ष यान चांद की सतह पर एक सप्ताह के बाद गहरी नींद में सो गया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का एक अंतरिक्ष यान (स्पेसक्राफ्ट) चांद की सतह पर एक सप्ताह तक तड़पने के बाद गुरुवार को गहरी नींद में सो गया। ओडीसियस नाम का ये स्पेसक्राफ्ट एक सप्ताह पहले ही लॉन्च किया गया था। यह एक प्राइवेट अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स का स्पेसक्राफ्ट है। हालांकि चंद्रमा पर लैंड होते ही इसका एक पैर टूट गया और यह तिरक्षा हो गया। इसके बाद काफी कोशिशें की गईं लेकिन इसे खड़ा नहीं किया जा सका। आखिरकार धरती पर इसके कंट्रोलर ने इसे गुरुवार को सुला दिया।

गुरुवार को ओडीसियस से आखिरी इमेज प्राप्त करने के बाद इसको कंट्रोल करने वाले वैज्ञानिकों ने इसके कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में डाल दिया। यह एहतियाती कदम इसलिए उठाया गया है ताकि इस लैंडर को दो से तीन सप्ताह बाद फिर से जगाया जा सके। इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल के अनुसार, आखिरी समय में उठाए गए कुछ कदमों के चलते लैंडर की बैटरियां तेजी से खत्म होने लगी थीं। इसलिए इसके डेड होने से पहले उसे लंबे समय तक गहरी नींद में सुला दिया गया है। कंपनी ने एक्स पर लिखा, गुड नाइट, ओडी। हमें उम्मीद है कि हम आपसे फिर मिलेंगे।



ओडीसियस को एक सप्ताह के मिशन के लिए चंद्रमा पर भेजा गया था। इसने उम्मीदों के मुताबिक अच्छा प्रदर्शन किया। इंटुएटिव मशीन्स ने 22 फरवरी को ओडीसियस के लैंडर को सफलतापूर्वक चांद पर उतारा था। यह चंद्रमा पर उतरने वाली अमेरिका की पहली निजी कंपनी बन गई। इस उपलब्धि ने उन्हें जापान सहित उन कुछ देशों में शामिल कर दिया, जिन्होंने 1960 के दशक के बाद से ऐसी लैंडिंग पूरी की है। 11 घंटे की गड़बड़ी के बावजूद यह छह पैरों वाला स्पेसक्राफ्ट पिछले गुरुवार को सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर पहुंचा था। लेकिन इसकी लैंडिंग थोड़ी अजीब हुई। भारत के चंद्रयान-3 की तरह इसकी लैंडिंग एकदम सीधी नहीं हुई। यह झुका हुआ चांद पर उतरा जिससे यह किसी ऑपरेशन को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो पाया। स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग से लैंडर ओडीसियस के सोलर पैनल और कम्युनिकेशन सिस्टम में दिक्कतें आ गईं। हालांकि चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, इंटुएटिव मशीन्स के लैंडर, ओडीसियस ने कंपनी की शुरुआती उम्मीदों को पार कर लिया। ओडीसियस नासा के कॉमर्शियल लूनर डिलीवरी प्रोग्राम में एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल निजी कंपनियों के पिछले प्रयास सफल नहीं हुए थे। जनवरी में एक लैंडर दुर्घटनाग्रस्त होकर पृथ्वी पर वापस आ गया था। साल 1972 के बाद पहली बार राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) का यान फरवरी 2024 में चांद पर उतरा। लेकिन एजेंसी ने यह काम अकेले नहीं किया बल्कि उसने कॉमर्शियल कंपनियों के साथ साझेदारी की। नई टेक्नोलॉजी और पब्लिक-प्राइवेट भागीदारी के चलते, इस यान से चंद्रमा पर लाई गई वैज्ञानिक परियोजनाएं और इसके जैसे भविष्य के मिशन वैज्ञानिक संभावनाओं के नए क्षेत्र खोलेंगे। इस साल कई परियोजनाएं शुरू होने वाली हैं। वैज्ञानिकों के दल दक्षिणी ध्रुव और चंद्रमा के सुदूर हिस्से से रेडियो खगोल विज्ञान का अध्ययन करेंगे। नासा का वाणिज्यिक चंद्र पेलोड सेवा कार्यक्रम (सीएलपीएस) 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा से नासा के पहले वैज्ञानिक प्रयोगों का अध्ययन करने के लिए मानवरहित लैंडर का इस्तेमाल करेगा। नासा के लैंडर बनाने और कार्यक्रम संचालित करने के बजाय, वाणिज्यिक कंपनियां सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत ऐसा करेंगी। नासा अब एक ग्राहक बन गया है, अब वह इकलौता संचालक नहीं रहा। 'एस्ट्रोबोटिक्स' पेलोड को पेरेग्रीन नामक लैंडर से पहले आठ जनवरी को प्रक्षेपित किया गया था लेकिन इसे ईंधन की समस्या का सामना करना पड़ा और इसे चांद की अपनी यात्रा को रोकना पड़ा। इसके बाद, 'इंट्यूटिव मशीन्स' पेलोड है। 'इंट्यूटिव मशीन्स' लैंडर का नाम ओडीसियस है। यह 22 फरवरी 2024 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। 'आरओएलएसईएस' उपकरण फरवरी में इंट्यूटिवमशीन्स लैंडर पर मौजूद नासा के छह पेलोड में से एक के रूप में चंद्रमा पर उतरा था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129